CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, बुधवार, 15 मई 2024 । वर्ष – 34 । अंक –15 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु






लोकतंत्र को खत्म करने की राह पर केंद्र : कांग्रेस — पृष्ठ 3

- चौथे चरण के मतदान के बाद मोदी के भविष्य की चर्चा
- कांग्रेस का आत्मविश्वास लौटा, भाजपा के खिलाफ... — पृष्ठ 4

- संरा ने सुरक्षा कर्मचारी की मौत पर जताया दुख
- भारतीय नागरिक के रूप में हुई मारे गए संयुक्त राष्ट्र कर्मी की पहचान — पृष्ठ 9

मनिका बत्रा ने कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ विश्व रैंकिंग हासिल की — पृष्ठ 10


# सरकार बनते ही गरीबों को खटाखट पैसा देंगे : राहुल

## एक साल में हर घर की एक महिला के खाते में एक लाख जाएंगे

- अग्निवीर योजना को फाड़कर कचरे में फेकेंगे
- झांसी में प्रदीप जैन के समर्थन में रैली की
- सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव हुए शामिल

**झांसी**, 14 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश की वीरांगना धरती झांसी मंगलवार को आए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सत्ता में आने पर आम जनता के लिए वादों की बरसात करते हुए कहा कि एक साल में हर परिवार की एक महिला के खाते में एक लाख रुपए खटाखट खटाखट, भेजे जाएंगे। यहां क्राफ्ट मेला मैदान में बुंदेलखंड की अति महत्वपूर्ण झांसी लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप जैन आदित्य के समर्थन में रैली करने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ पहुंचे राहुल ने सभा स्थल के पास ही स्मार्ट सिटी के तहत लगाए गए रंग बिरंगे छातों पर तंज कसते हुए कहा कि अगर सिर्फ छाते लगाने से ही स्मार्ट सिटी बन जाती है तो मैं सारी स्मार्ट सिटी बना दूंगा।



**चार जून के बाद देश के किसानों का कर्जा माफ कर दिया जाएगा। किसानों का जो पैसा बीमा कंपनियों के पास है वह 30 दिन में दिलाएंगे : राहुल गांधी**

उन्होंने महिलाओं और युवाओं को साधते हुए कहा हर परिवार की एक महिला के खाते में एक साल में एक लाख रुपया भेजा जाएगा वो भी खटाखट खटाखट। मोदी जी ने युवाओं से कहा नाले में पाइप डालो, गैस निकलेगा और उस गैस पर पकौडे तलों। हम देश के करोड़ों युवाओं और महिलाओं को लखपति बनाएंगे। जब युवा और महिलाओं के हाथ में पैसा होगा तो वह खर्च करेंगे। इससे छोटे ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### भाजपा को 140 सीटों के लिए तरसा देगी जनता : अखिलेश



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को झांसी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला करते हुए कहा कि इस बार 140 करोड जनता भाजपा को 140 सीटों के लिए तरसा देगी। झांसी में भाजपा की विदाई की झांकी तैयार हो रही है। यहां झांसी लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार प्रदीप जैन के समर्थन में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ पहुंचे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### प्रियंका ने इलेक्टोरल बांड पर सरकार को घेरा

### मोदी ने लांच की भ्रष्टाचार की नई योजना



**अमेठी**। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सीधा प्रहार करते हुये कहा कि इलेक्टोरल बांड के नाम पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार तो भ्रष्टाचार की नई योजना ही ले आई। श्रीमती वाड्रा ने गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा भाजपा प्रचार करती है कि मोदी चूंकि भ्रष्टाचार को समाप्त करने में ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद निगम-मंडलों में होगी नियुक्तियां

**रायपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद साय सरकार के मंत्रिमंडल में विस्तार के साथ ही कई राजनीतिक नियुक्तियां भी शुरु हो जाएंगी। इनमें सबसे पहले निगम-मंडल और आयोगों में नियुक्तियां की जाएंगी। विधानसभा और लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी-संगठन के कामकाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पदाधिकारियों को इसमें महत्व दिया जाएगा। सरकार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि नियुक्तियों में क्षेत्रीय और जातिगत समीकरणों का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

प्रदेश में लगभग 50 से ज्यादा निगम-मंडल, आयोग हैं जिनमें राजनीतिक नियुक्तियां की जानी हैं। इनमें 250 से ज्यादा नेताओं को एडजेस्ट किया जा सकता है। निगम-मंडल आयोग के अध्यक्षों को कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया जाता है। इसके साथ ही उन्हें वेतन-भत्ता, वाहन, आवास आदि की सुविधा दी जाती है। पाठ्य पुस्तक निगम, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम, छग मेडिकल सर्विसेस निगम, अपैक्स बैंक, खनिज विकासनिगम, रायपुर विकास प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ पर्यटन

- चुनाव एवं पार्टी-संगठन में काम करने वाले पदाधिकारियों को मिलेगा पद

मंडल, छत्तीसगढ़ भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल, मदरसा बोर्ड, छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम, राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल, राज्यजीव जन्तु कल्याण बोर्ड, सीएसआईडीसी, सिंधी अकादमी सहित अन्य निगम-मंडलों में नियुक्तियां की जाएगी।

**चुनाव परिणाम के पहले ही बनने लगे है रिपोर्ट कार्ड**

निगम व मंडलों में नियुक्तियां की जाएगी। लिहाजा चुनाव परिणाम आने से पहले ही गहन समीक्षा होगी। जिसमें मंत्रियों, विधायकों से लेकर पार्षदों तक का रिपोर्ट कार्ड बनेगा उस आधार पर आगे निगम-मंडल के लिए पद तय होंगे। छह माह बाद निकाय चुनाव है ऐसे में ज्यादा ध्यान निकाय क्षेत्र के लिए दिया जायेगा, ताकि विधानसभा और लोकसभा के बाद शहरी सत्ता की चाबी भी अपने पास रख सकें। छत्तीसगढ़ में भाजपा ने चुनाव वैसे तो मोदी के चेहरे व राज्य सरकार के तीन माह के कामकाज को लेकर लड़ा है लेकिन स्थानीय स्तर पर जिम्मेदार सत्ता व संगठन से जुड़े लोगों ने कितना काम किया है वोट का मार्जिन तय करेगा। संगठन के लिए प्रदेश ईकाई में नियुक्ति हो चुकी है ऐसे ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सार संक्षेप

### त्रिपुरा में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव जुलाई में

**अगरतला**। त्रिपुरा में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव आगामी जुलाई के अंतिम सप्ताह में कराये जायेंगे। प्रदेश चुनाव आयोग ने मतदाता सूची और मतदान केन्द्रों का अंतिम रूप देने की तैयारी शुरु कर दी है, जिन्हें लोकसभा चुनाव के परिणामों के तुरंत बाद अपडेट किया जाएगा। आयोग की ओर जारी अधिसूचना में कहा गया कि लोकसभा चुनाव के अंतिम परिणाम के दो दिन बाद ही छह जून को मतदाता सूची का मसौदा प्रकाशित किया जाना तय है। इसकेपश्चात 13 और 18 जून के बीच दावा और आपत्ति स्वीकार किए जाएंगे तथा बाद में दावा किए गए मुद्दों की सुनवाई की जाएगी।

### सुप्रिया भारद्वाज कांग्रेस की नई राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक

**नई दिल्ली**। कांग्रेस ने मंगलवार को सुश्री सुप्रिया भारद्वाज को पार्टी का नया राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक नियुक्त किया। कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग प्रमुख पवन खेड़ा ने आज यहां यह जानकारी दी। श्री खेड़ा ने बताया कि सुश्री भारद्वाज की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। गौरतलब है कि कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक राधिका खेड़ा ने छत्तीसगढ़ के मीडिया विंग प्रमुख और अन्य पदाधिकारियों से विवाद तथा परस्पर आरोप-प्रत्यारोपों के परिप्रेक्ष्य में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। सुश्री खेड़ा बाद में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गयीं। उनके इस्तीफे और दलबदल के बाद से यह पद रिक्त था।

### आप ने मालीवाल के साथ हुई अभद्रता की निंदा की

**नई दिल्ली**। आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ हुई अभद्रता की निंदा करते हुए मंगलवार को कहा कि मुख्यमंत्री ने इसे गंभीरता से लिया है। आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने बताया कि सुश्री मालीवाल कल सुबह श्री केजरीवाल से मिलने मुख्यमंत्री आवास पंहुचीं थी। वह ड्रॉइंग रूम में इंतजार कर रहीं थी, तभी मुख्यमंत्री के निजी सहायक (पीए) विभव कुमार ने उनके साथ अभद्रता की। श्री सिंह ने बताया कि इस पूरे मामले की जानकारी सुश्री मालीवाल ने 112 नंबर पर फोन करके पुलिस को दी। इस घटना की जितनी निंदा की जाए, कम है। उन्होंने बताया कि श्री केजरीवाल ने पूरी घटना को संज्ञान में लिया है।

## लिट्टे पर लगा प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा

**नई दिल्ली**, 14 मई (देशबन्धु)। केंद्र सरकार ने लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम यानी लिट्टे पर लगे प्रतिबंध को अगले पांच साल के लिए और बढा दिया है। लिट्टे पर आरोप है कि वह देश में लगातार लोगों के बीच अलगाववाद को बढ़ावा दे रहा है और अपने लिए वह भारत खासकर तमिलनाडु में समर्थन बढ़ा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गैर कानूनी, गतिविधि (रोकथाम) कानून 1967 की धारा 3 की उपधारा (1) और (3) को लागू करते हुए पहले ही प्रतिबंध लगाया था।

गृह मंत्रालय ने अपनी अधिसूचना में कहा कि केंद्र की राय है कि लिट्टे अब भी ऐसी गतिविधियों में लिप्त है, जो देश की अखंडता और सुरक्षा के लिए नुकसानदेह हैं। इसमें कहा गया है कि मई 2009 में श्रीलंका में अपनी हार के बाद भी, लिट्टे ने ईलम (तमिलों के लिए एक अलग देश) की अवधारणा को नहीं छोडा है और प्रचार गतिविधियों तथा धन उगाही के माध्यम से गुप्त रूप से ईलम के लिए काम कर रहा है। अधिसूचना के मुताबिक, बचे हुए लिट्टे नेताओं या कैडर ने भी बिखरे हुए कार्यकर्ताओं को फिर से संगठित करने तथा स्थानीय एवं अंतर्राष्टीय स्तर पर संगठन को पुनर्जीवित करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। इसके अलावा अधिसूचना में कुछ अन्य कारणों का हवाला देते हुए कहा गया है कि लिट्टे समर्थक समूह/तत्व जनता के बीच लगातार अलगाववादी प्रवृत्ति को बढ़ावा दे रहे हैं।

## बीजापुर में नक्सलियों के लगाए गए आईआईडी से हुए दो बच्चों के निधन पर मुख्यमंत्री साय व डिप्टी सीएम शर्मा ने दुख प्रकट किया

**रायपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। बीजापुर जिले के बड़े बोड़गा गांव के एक खेत में नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईआईडी के चपेट में आने से गांव के दो अबोध बच्चों के निधन पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दु:ख प्रकट किया।

मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा बीजापुर जिले के बड़े बोड़गा गांव के एक खेत में नक्सलियों द्वारा लगाये गए आईआईडी की चपेट में आने से गांव के दो मासूम बच्चों के देहावसान की दु:खद सूचना प्राप्त हो रही है। ईश्वर से उन अबोध बच्चों की आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूँ। मेरी संवेदनाएं उनके साथ हैं। नक्सलवाद का काला साया हमारे बच्चों को निगल रहा है, जिसे किसी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इस घटना की जितनी निंदा की जाए कम है। नक्सलियों को मासूमों के करुण मौत की क़ीमत अवश्य चुकानी होगी।

विजय शर्मा ने कहा कि नक्सलियों की इस करतूत की जितनी निंदा की जाए कम है, परमात्मा इन अबोध बच्चों की आत्माओं को शांति दें। सरकार उनके परिवार के साथ खड़ी है।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पंचायत सदस्य व सभापति पद से दिया इस्तीफा



**कवर्धा**। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज जिला पंचायत कवर्धा पहुँचे, उन्होंने अपने जिला पंचायत सदस्य व सभापति पद से दिया इस्तीफा दे दिया है। विजय शर्मा ने जिला पंचायत अध्यक्ष सुसीला भट्ट को अपना इस्तीफा सौपा है। विजय शर्मा वार्ड क्रमांक 09 के जिला पंचायत सदस्य थे, जो 2023 में कवर्धा विधानसभा से विधायक निर्वाचित हुए, साथ ही प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के पद पर पदस्थ रहकर कार्य कर रहे है।

## मोदी ने तीसरी बार वाराणसी से किया नामांकन

**वाराणसी**, 14 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के लिए वाराणसी से तीसरी बार मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके प्रस्तावक गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ मौजूद रहे। इसके अलावा नामांकन स्थल पर गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ एनडीए के तमाम बड़े नेता मौजूद रहे। इसके पहले काल भैरव की पूजा-अर्चना कर पीएम मोदी नामांकन स्थल पहुंचे। पीएम मोदी गंगा सप्तमी के अवसर पर दशाश्वमेध घाट पर मां गंगा की पूजा करने के बाद क्रूज पर सवार होकर नमो घाट पहुंचे। वहां से सड़क मार्ग से काल भैरव मंदिर के लिए रवाना हुए। पीएम मोदी ने गंगा सप्तमी के साथ ही पुष्य नक्षत्र में नामांकन पत्र दाखिल किया।

- एनडीए के तमाम बड़े नेता मौजूद रहे



**नामांकन में शामिल नहीं हुए नीतीश**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अस्वस्थता के कारण मंगलवार के अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। मुख्यमंत्री सचिवालय से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि श्री नीतीश कुमार अस्वस्थ हैं और इस वजह से उन्होंने मंगलवार के अपने सभी निर्धारित कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। मुख्यमंत्री श्री कुमार का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नामांकन में शामिल होने के लिए वाराणसी जाने का कार्यक्रम था लेकिन अस्वस्थता के कारण वह वहां नहीं जा सके।

## रामदेव-बालकृष्ण पर अवमानना मामले में फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली**, 14 मई (एजेंसियां)। भ्रामक विज्ञापन केस में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को योग गुरु रामदेव, आचार्य बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद को भेजे अवमानना नोटिस पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। साथ ही दोनों को व्यक्तिगत पेशी से छूट दी है। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने पतंजलि आयुर्वेद को हलफनामा फाइल करने के लिए 3 हफ्ते का वक्त दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हलफनामा में यह बताएं कि जिन प्रोडक्ट्स का लाइसेंस कैंसिल कर दिया गया है, उनका विज्ञापन वापस लेने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। बेंच ने कहा- बाबा रामदेव का बहुत प्रभाव है, इसका सही तरीके से इस्तेमाल करें।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा- रामदेव ने योग के लिए बहुत कुछ किया है। इस पर जस्टिस हिमा कोहली बोलीं- उन्होंने योग के लिए जो किया है वह अच्छा है, लेकिन पतंजलि प्रोडक्ट्स एक अलग मामला है।

**भीमा कोरेगांव मामले में गौतम नवलखा को मिली जमानत** – सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को भीमा कोरेगांव-एल्गार परिषद मामले में आरोपी गौतम नवलखा को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा, मुकदमे को अंजाम तक पहुंचने में काफी वक्त लगेगा। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने गौतम नवलखा की जमानत पर लगी बॉम्बे हाईकोर्ट की रोक को बढ़ाने से इनकार कर दिया।

## खाद्य महंगाई दर बढ़कर 8.70 फीसदी पर जा पहुंची

**नई दिल्ली**, 14 मई (एजेंसियां)। खाने पीने की महंगाई फिर से आम लोगों को सताने लगी है। पिछले एक साल से दाल की कीमतें वैसे ही लोगों को परेशान कर रही थी, लेकिन महंगे आलू, प्याज और दूसरी साग-सब्जियों की कीमतों में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। इस बात की तस्दीक खुद सरकार के आंकड़ें कर रहे हैं।

अप्रैल महीने के लिए जो खुदरा महंगाई दर का आंकड़ा 13 मई 2024 को घोषित किया उसके मुताबिक खाद्य महंगाई दर मार्च के 8.52 फीसदी से बढ़कर 8.70 फीसदी पर जा पहुंची है। और इस अवधि में साग-सब्जियों की महंगाई दर में तेज उछाल देखने को मिला है तो दाल की महंगाई वैसे ही बढ़ी हुई है. होलसेल महंगाई दर का जो आंकड़ा 14 मई को घोषित किया गया है उसके मुताबिक थोक बाजार में भी बीते साल के मुकाबले आलू,

### आलू-प्याज की कीमतों में उछाल से बढ़ी महंगाई



प्याज समेत सब्जियों की महंगाई बढ़ी हुई है। दालों की होलसेल भी बीते साल के मुकाबले बढ़ी हुई है।

**एक साल में प्याज 47.55 फीसदी महंगा**– डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर्स के मुताबिक खाने - पीने की चीजों की कीमतें पर नजर डालें तो 13 मई 2024 को रिटेल मार्केट में आलू जहां 28.84 रुपए प्रति किलो में मिल रहा था उसकी कीमत ठीक एक साल पहले 13 मई 2023 को 19.64 रुपए किलो था। एक साल में आलू की कीमत में 46.84 फीसदी का उछाल देखने को मिला है। प्याज की कीमत अभी 31.71 रुपए किलो है जो एक साल पहले 21.49 रुपए प्रति किलो में मिल रहा था। एक साल में प्याज 47.55 फीसदी महंगा हुआ है। टमाटर अभी 32.43 रुपए प्रति किलो में मिल रहा है जो एक साल पहले 22.95 रुपए प्रति किलो में मिल रहा था। यानि एक साल में 41.20 फीसदी कीमतें बढ़ी है। एक साल में अरहर दाल की कीमतों में करीब 30 फीसदी बढ़ी है। उड़द दाल 124.87 रुपए किलो में मिल रहा जो एक साल पहले 108.64 रुपए में मिल रहा था और एक साल 14.93 फीसदी उड़द दाल की कीमत बढ़ी है।

## पोस्टमॉर्टम ऑनलाइन करने वाला प्रदेश का पहला जिला बना धमतरी

**धमतरी**, 14 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर नम्रता गांधी की पहल पर पोस्टमॉर्टम ऑनलाईन करने वाला धमतरी जिला प्रदेश का पहला जिला बन गया है। बीत 6 मई से शुरू हुआ ऑनलाईन पोस्टमार्टम सिस्टम के तहत जिला अस्पताल धमतरी सहित सिविल अस्पताल नगरी और कुरूद एवं मगरलोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ऑनलाईन पीएम के लिए मैप किया गया है। साथ ही पोस्टमार्टम करने वाले 43 डॉक्टरों को पोर्टल में मैप किया गया है। गौरतलब है कि इसमें शव परीक्षण की पूरी प्रक्रिया को ऑनलाईन किया गया है। इसके जरिए शव परीक्षण के लिए प्राप्त आवेदन, प्रतिवेदन, शव परीक्षण रिपोर्ट की पूर्णता ऑनलाईन किया गया है। साथ ही शव परीक्षण के बाद रिपोर्ट जनरेट करने में लगने वाले समय को भी कम किया गया है। जिले में अब तक 6 पोस्टमार्टम ऑनलाईन किए जा चुके हैं। इस ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से मृतक के रिश्तेदारों, संबंधित थानेदार, कॉन्स्टेबल सहित कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को शव परीक्षण शुरू होने की सूचना, शव परीक्षण सम्पन्न होने का समय एवं शव परीक्षण प्रतिवेदन बनाने के बाद एसएमएस के माध्यम से तुरंत जानकारी उपलब्ध हो जायेगी।



**लोस चुनाव** | समाजवादियों के प्रभाव वाला क्षेत्र है हाजीपुर

# हाजीपुर में चिराग के लिए आसान नहीं राह

- रामविलास की सियासी विरासत बचाने उतरे चिराग

**हाजीपुर, 14 मई (एजेंसियां)। केला के लिए प्रसिद्ध बिहार के हाजीपुर संसदीय क्षेत्र दुनिया को लोकतंत्र का पाठ बढ़ाने वाले वैशाली जिले का ही हिस्सा है। गंगा और गंडक नदियों के संगम वाला यह क्षेत्र शुरू से ही समाजवादियों के प्रभाव वाला क्षेत्र माना गया है।**

*इस कारण यहां का चुनाव कई मुद्दे पर लड़े जाते रहे हैं। इस चुनाव में ना केवल इस संसदीय क्षेत्र पर पूरे देश की नजर है, बल्कि कहा जा रहा है कि इस क्षेत्र का परिणाम स्वर्गीय रामविलास पासवान के कर्मस्थली और उनकी सियासी विरासत को भी तय करेगा। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत एनडीए ने यहां से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान को चुनाव मैदान में उतारा है, वहीं विपक्षी दल के महागठबंधन ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता शिवचंद्र राम को प्रत्याशी बनाया है। इस क्षेत्र में मुख्य मुकाबला दोनों गठबंधन के बीच ही माना जा रहा है। 19.53 लाख से ज्यादा मतदाताओं वाले हाजीपुर संसदीय क्षेत्र में हाजीपुर, लालगंज, महुआ, राजापाकर, राघोपुर तथा महनार विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। हाजीपुर संसदीय क्षेत्र 1952 में सारण सह चंपारण संसदीय क्षेत्र का हिस्सा था।*

***पिछले चुनाव में पशुपति पारस जीते थे***–*वर्ष 1957 में यह क्षेत्र अस्तित्व में आया। 1957 से 1971 तक यह क्षेत्र केसरिया संसदीय क्षेत्र के नाम से जाना जाता था। पिछले चुनाव में यहां से रामविलास पासवान के भाई पशुपति कुमार पारस विजयी हुए थे। रामविलास ने यहां से रिकॉर्ड वोटों से जीतकर गिनीज बुक में नाम दर्ज कराया था। यहां की सियासत चार दशक तक रामविलास पासवान के इर्द गिर्द घूमती रही है। पिछले चुनाव से इस बार परिस्थितियां बदली नजर आ रही हैं। पिछले चुनाव से अलग इस चुनाव में रामविलास की इस कर्मभूमि से उनके पुत्र चिराग पासवान चुनावी मैदान में उतरे हैं। इस चुनाव में जहां पासवान को जाति के आधार पर वोट, भाजपा और जदयू के कैडर वोट और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर भरोसा है, वहीं राजद के प्रत्याशी को अपने सामाजिक समीकरण से चुनावी वैतरणी पार करने का विश्वास है। मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने में दोनों गठबंधनों के नेता भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। रामविलास के निधन के बाद लोजपा दो गुटों में बंट गई। चिराग और उनके चाचा पारस में मतभेद हो गया। दोनों अलग अलग पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं। इस सीट पर दोनों ने दावेदारी की, लेकिन अंत में यह सीट चिराग के हाथ आ गई।*

# तेंदुआ खाल मामले का आरोपी अब भी फरार

■ नोटिस का जवाब देने भी कोई नहीं आया, अब फिर से नोटिस भेजने की तैयारी



**रायगढ़** 14 मई (देशबन्धु)। पिछले दिनों कोतरा रोड स्थित शर्मा गली में रहने वाले एक व्यवसाई के घर में वन अमला ने दबिश दी थी और तेंदुआ खाल व पिस्टल बरामद किया था। इस मामले में अब भी आरोपी के फरार होने से विभागीय कर्मियों के हाथ खाली हैं। सिर्फ नोटिस भेजकर जवाब मांगा जा रहा है। पहले नोटिस में कोई जवाब देने भी नहीं आया तो रिमायंडर नोटिस की तैयारी की जा रही है।

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक दो मई को सत्तीगुड़ी चैक समीप स्थित शर्मा गली में रहने वाला आकाश वर्मा के घर से तेंदुआ का खाल जब्त किया गया था। इसके बाद से आकाश फरार है। मामले में विभाग द्वारा वन्यप्राणी सरंक्षण अधिनियम के तहत अपराध कायम कर मामले की विवेचना की जा रही है, लेकिन आरोपी को अब तक पकड़ने में विभाग असफल है।

बताया जा रहा है कि पूर्व में नोटिस देकर नौ मई को जवाब देने के लिए उपस्थित होने कहा गया था, पर विभाग के नोटिस को भी हल्के में लिया गया और कोई जवाब देने नहीं पहुंच सका। ऐसे में अब फिर से नोटिस देने की तैयारी विभाग द्वारा की जा रही है।

**मामला काफी गंभीर है**

इस मामले का लेकर जब हमने एक्सपर्ट व्यू के तौर पर रिटायर्ड एसडीओ पीएस पटेल से चर्चा किया, तो उनका कहना था कि जो तेंदुआ खाल बरामद किया गया उसका केमिकल परीक्षण यहां वनकर्मियों को खुद करना था। ताकि प्रारंभिक तौर पर स्पष्ट हो जाए कि यह तेंदुआ का ही खाल है। इसके अलावा आरोपी की धरपकड़ के लिए विभाग के बड़े अधिकारी को टीम बनाना चाहिए। ताकि फरार आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दिया जा सके और सबसे महत्वपूर्ण बात कि जब आकाश वर्मा के घर से जब्त किया गया, तो स्वतंत्र गवाह (आसपास के लोग) का बयान लेना जरूरी है। मामला गंभीर है क्योंकि तेंदुआ का शिकार हुआ और शहर के बीच उसका खाल व एक पिस्टल एक घर में वन विभाग ने बरामद किया।

आरोपी अभी फरार है। मामले में जांच चल रही है। जो भी संदिग्ध है उनसे पूछताछ की जा रही है। एक नोटिस दिया गया, लेकिन जवाब नहीं है तो दूसरा नोटिस भेजा जा रहा है।

**स्टायलो मंडावी**
**डीएफओ, वन मंडल रायगढ़**

तेंदुआ खाल का सैंपल देहरादुन भेजा गया है। इस मामले के लिए कोई अलग से टीम नहीं बनाया गया है, पर मामले जांच की जा रही है। पहले नोटिस में नौ मई को उपस्थित होकर जवाब देने कहा गया था, पर कोई नहीं आया। अब दूसरी बार जल्द नोटिस भेजा जाएगा।

**लीला पटेल**
**वन परिक्षेत्र अधिकारी**

## हाथियों के दल ने औषधीय पौधों को पहुंचाया नुकसान

**रायगढ़** 14 मई (देशबन्धु)। जिले में हाथियों की बढ़ती संख्या के बीच फिर से एक अजीबो गरीब वाकया सामने आया है। जिसमें हाथियों के सबसे बड़े दल ने प्रभावित इलाके में वन विभाग द्वारा रोपित औषधीय व इमारती गुण वाले पौधों को नुकसान पहुंचाया है। हैरानी यह है कि हाथियों के द्वारा क्षेत्र में बने समोच्च खंती निर्माण कार्य को भी क्षति पहुंचाई गई है। यह मामला जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र का है। फिलहाल डिविजन क्षेत्र में कुल 130 हाथी अलग अलग इलाकों में विचरण कर रहे हैं। सोमवार को जारी विभागीय रिपोर्ट के अनुसार धरमजयगढ़ रेंज अंतर्गत आने वाले पंडरीपानी इलाके में विचरण कर रहे 37 हाथियों के बड़े समूह ने कंपार्टमेंट नंबर 415 पीएफ में



पौधों सहित एस सी टी और कक्ष क्रमांक पीएफ 419 में रोपित सफेद सिरस और शीशम के पौधों को नुकसान पहुंचाया है। हालांकि रिपोर्ट में क्षतिग्रस्त पौधों की कुल संख्या का उल्लेख नहीं किया गया है। वहीं, यह भी स्पष्ट नहीं है कि हाथियों से कंटूर ट्रेंच निर्माण कार्य को किस तरह से नुकसान पहुंचा है। वर्तमान समय में क्षेत्र अंतर्गत विचरण कर रहे हाथियों का यह सबसे बड़ा समूह है। विदित है कि इससे पहले भी वन मंडल क्षेत्र में हाथियों से सैकड़ों विभागीय पौधों की क्षति के मामले सामने आए हैं। लेकिन इस बार पंडरीपानी इलाके में वन विभाग द्वारा निर्मित समोच्च खंती निर्माण कार्य को हाथियों द्वारा डैमेज किए जाने का प्रकरण दर्ज किया गया है।

# सार-संक्षेप

## आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्यों ने श्री श्री रविशंकर का जन्मदिन मनाया



**तखतपुर** 14 मई (देशबन्धु)। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के सदस्यो द्वारा हर्ष एवं श्रद्धा के साथ श्री श्री रविशंकर महाराज का जन्म दिवस मनाया गया । सभी सदस्य सुबह से ही इस महोत्सव के आयोजन में उल्लास के साथ जुटे। इस उत्सव में शहर के विभिन्न हिस्सों के सदस्यों ने समूह में भाग लिया । प्रात: 6.30 बजे से टेंपल आफ नॉलेज कोटा रोड भरनी में लॉन्ग सुदर्शन किया से कार्यक्रम की शुरुआत हुई । क्रिया के पूर्व सभी साधकों को योगाभ्यास अंशुल सैनी के द्वारा कराया गया इसके पश्चात धीरज श्रीवास्तव द्वारा सुदर्शन किया कराई गई। सुबह 8.00 बजे रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में साधकों ने रक्तदान किया। इस पुनीत कार्य को करने वाले साधको को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। इसके पश्चात शाम 6.00 बजे से गुरु पूजा एवं सत्संग का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में शहर के साधक उपस्थित हुए, सुमधुर भजनों से सभी ने इस उत्सव को उल्लासपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम पश्चात सभी ने एक दूसरे को इस शुभ अवसर की बधाई दी व भोजन प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सर्वोपरि साधक तेजपाल जी, वरिष्ठ प्रशिक्षक डॉ अजीत मिश्रा, डीटीसी धीरज श्रीवास्तव, किरणपाल चावल, विकास साहू, हार्दिक कक्कड़, प्रीतपाल सलूजा, माधव मजूमदार, सतराम जेठमलानी, यश मिश्रा, धर्मवीर सिंह, राजकुमार अग्रवाल, संदीप वाजे, ललित यादव, हेमंत साहू सहित अनेक साधकगणों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।

## श्रीमद भागवत में उमड़े श्रद्धालु



**तखतपुर** 14 मई (देशबन्धु)। ग्राम धरमपुरा मे अशोक कश्यप सहायक समन्वयक के यहां श्रीमद् भागवत के चतुर्थ दिवस मे गज और ग्राह् का युद्ध के दौरान ग्राह् का मोक्ष, देव दानव द्वारा समुद्र मंथन , मंथन से 14 रत्न की उतपति, हलाहल को भूत भावन भोले नाथ द्वारा पान कर जगत को जलने से बचाया और हला- हल को पिया परंतु हृदय मध्य भागवन राम की उपस्थिती जानकार गले ( कंठ)मे ही हलाहल को रोक रखा जिसके कारण शंकर जी का नाम उसी दिन से नीलकंठ पड़ा, तत्पश्चात इक्षासु वंश, गंगा अवतरण, श्री राम जन्म, श्री कृष्ण जन्म आदि प्रसंग आदिका वर्णनआचार्य के रूप में व्यास मंच से पंडित रमाकांत शास्त्री जी के द्वारा रोचक प्रसंग प्रस्तुत किया गया , आज कथा की विशेषता जनमोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया द्य आज श्रोता के रूप मे मडमडा के मालगुजार श्री दीप जायसवाल सपरिवार, बटहा से परिक्षेत्र के प्रख्यात विद्वान महेतर कश्यप, जरहागांव से भगत कश्यप, अशोक कश्यप सेवानिवृत स्छ, सहित ग्राम एवं आस- पास के ग्राम से सैकड़ों भागवत कथा प्रेमी भगवत कथा अमृत का रस पान करते हुए अपने जीवन को कृतार्थ कर रहे हैं द्यइस तरह प्रतिदिन श्री राधा कृष्ण के चरित्र का वर्णन किया जा रहा है द्य रात्रिकालीन में सुंदर आसपास के जस गीत मंडली के द्वारा राधा कृष्ण की यशोगांन संगीत के माध्यम से किया जा रहा है जिससे आसपास भक्ति का बयार बह रहा है द्य कथा का आयोजन सफल बनाने मे श्रीमती ज्योति कश्यप- महेंद्र कश्यप, श्रीमती चंदहासिंनी - - भृगु कश्यप,श्रीमती मनीषा कश्यप - डाकेश कश्यप , श्री मति आरती कश्यप - पर्मेश्वर कश्यप, श्री मति प्रीति कश्यप- योगेश्वर कश्यप एवं सभी रिश्तेदार द्वारा जी जान से अनवरत सेवा में लगे हुए हैं।

## पद्मश्री रामलाल बरेठ का दिनेश ने किया सम्मान



**तखतपुर** 14 मई (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं जिला प्रभारी शिक्षा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ दिनेश राजपूत ने छत्तीसगढ़ के गौरव कथक नृत्य के गुरु श्री रामलाल बरेठ जी को भारत सरकार द्वारा प्रदत्त सर्वोच्च सम्मान पद्मश्री प्रदान करने के अवसर पर उनके निज निवास में जाकर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए, उज्जवल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य की कामना की द्य दिनेश राजपूत ने बताया कि श्री बरेठ जी राजा चक्रधर के सानिध्य में रहकर नृत्य की शिक्षा दीक्षा ली और उन्होंने बिलासपुर सहित पूरे भारत देश में विद्यार्थियों को कथक नृत्य की शिक्षा दी,इन्हे दो बार पूर्व में भी राष्ट्पति के द्वारा सम्मान किया गया है। इनके द्वारा जो बच्चे शिक्षा लिए है वे सभी कत्थक नृत्य में पारंगत हो गए है, इन्होने चक्रधर समारोह, नृत्य शाला के आयोजन एवं प्रगति में अहम् भूमिका है। भविष्य में कत्थक नृत्य क़ो मुकाम में पहुँचाने हेतु लगातार प्रयास करते रहेंगे द्य दिनेश राजपूत ने कहा की पदम श्री सम्मान मिलना हम सब के लिए गौरव का विषय है और इस नृत्य क़ो आगे बढ़ाने के लिए सतत सहयोग करते रहना है। साथ ही परिवार के सदस्यो क़ो भी शुभकामनायें दी गई।

## युवक की पिटाई से मौत के मामले दो महिलाओं सहित पांच आरोपियों पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज, सभी आरोपी गिरफ्तार

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 14 मई (देशबन्धु)। इवनिंग वॉक पर निकली महिलाओं के साथ मोटरसाइकिल दुर्घटना के बाद बाइक सवार की पिटाई के बाद हुई मौत के मामले में पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर 5 लोगो के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर 3 पुरुष सहित 2 महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया है। पूरा मामला बीते 8 मई का है जब पेण्ड्रा थाना क्षेत्र के रामा पनिका अपने मोटरसाइकिल में सवार होकर पेंड्रा से अपने घर आमाडांड जा रहा था,...

इसी दौरान बसंतपुर में रहने वाले साहू परिवार की दो महिलाएं एक बच्चे को लेकर शाम के वक्त सड़क में टहल रही थी प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इसी दौरान महिलाओं के साथ में सड़क पर चल रहा बच्चा अचानक सड़क में दौड़ पड़ा जिसे बचाने के लिए रामा ने अपनी बाइक दूसरी और घुमा दी और बाइक सड़क किनारे टहल रही साहू परिवार की महिला से टकरा गई,,इसके बाद बाइक सवार और महिला दोनों सड़क पर गिर गए जैसे ही साहू परिवार की महिला सड़क पर गिरी साथ में चल रही उसकी देवरानी मनीषा साहू ने घटना की सूचना तुरंत अपने परिजनों को फोन



पर दी और परिवारजन को बुला लिया,जिसके बाद घायल महिला माया साहू के रिस्तेदार अजय साहू, दुर्गा प्रसाद साहू, जगदीश साहू, हाथ मुक्का, लात एवं महिला अंजली साहू ,मनीषा साहू भी लात मुक्का से घायल रामा पनिका के छाती में चढ़कर उसके साथ जमकर मारपीट किये ।। आसपास के लोगो ने रामा पनिका की पिटाई कर रहे लोगो को बहुत समझाने की कोशिश की पर कोई किसी का नही सुना इतने में सूचना मिलने पर घायल रामा पनिका का भाई रामप्रसाद भी मौके पर पहुंचकर अपने भाई को छुड़ाने लगा पर पिटाई करने वाले लोगो के सर पर खून सवार था और वे लोग घायल को बुरी तरह पीटते रहे ।जिसके बाद किसी तरह 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुची और खून से लथपथ रामा को उसके परिजन जिला अस्पताल लेकर गए जहा पर मौजूद डॉक्टरों ने रामा को प्राथमिक उपचार देने के बाद उसकी गंभीर स्थिति देखते हुए तत्काल बिलासपुर रेफर कर दिया, जहां पर उपचार के दौरान बीते शुक्रवार को घायल रामा पनिका की मौत हो गई..

पेण्ड्रा पुलिस ने मामले में अस्पताल से मिले मेमू के आधार और प्रत्यक्षदर्शियों व परिजनों के बयान के आधार पर बसंतपुर गाव के तिराहे में रहने वाले दो महिला सहित 5 लोगो के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का धारा 304 , 34 भा.द.वि. का अपराध दर्ज किया है जिसमे पुलिस ने बसंतपुर तिराहे में रहने वाले अजय साहू, दुर्गा प्रसाद साहू, जगदीश साहू, व दो महिला अंजली साहू , मनीषा साहू के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर मामले में आगे की जांच में जुट गई है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**सरकार बनते ही ...**

उद्योगों के उत्पादों की मांग बढेगी और रोजगार तो पैदा होंगें ही साथ ही छोटे उद्योग पनपेंगे। इस तरह हमारे देश की अर्थव्यवस्था दौड़ने लगेगी। हम बैकों के दरवाजें छोटे उद्योगों को लोन देने के लिए खोल देंगे। जीएसटी के स्वरूप में बदलाव करेंगे- जीएसटी के स्वरूप में बदलाव करेंगे। इस सब का असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा और वह भी दौड़ने लगेगी।

उन्होंने अग्निवीर योजना पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि सत्ता में आते ही इसे कूड़ेदान में फेंक देंगे। भाजपा के राज में किसानों को सबसे अधिक दर्द हुआ है। चार जून के बाद देश के किसानों का कर्जा माफ कर दिया जाएगा। किसानों का जो पैसा बीमा कंपनियों के पास है वह 30 दिन में दिलाएंगे। बुंदेलखंड में बीडा और डिफेंस कॉरिडोर के नाम पर किसानों और अन्यों की जमीन औने पौने दाम पर सरकार ने कब्जा ली लेकिन यहां की गरीब जनता को इनसे कोई लाभ नहीं हुआ।

उन्होंने कहा कि यहां मौजूद भीड़ को देखकर कहा जा सकता है कि प्रदीप जैन निश्चित तौर पर इस सीट पर चुनाव जीतने जा रहे हैं। इस दौरान मंच पर इंडिया गठबंधन उम्मीदवार प्रदीप जैन के अलावा, अखिलेश यादव, डॉ चंद्रपाल सिंह यादव, राहुल रिझारिया, अरविंद वशिष्ठ और अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

**भाजपा को 140 सीटों के लिए...**

कहा इनके शासनकाल में महंगाई, बेरोजगार चरम पर है,निवेश के नाम पर शून्य और हर परीक्षा में पेपरलीक, डिफेंस एक्सपो के नाम पर शून्य, जी-20 में जो तमाशा दिखाया वह शून्य है, पूरी तरह से विफल हो चुकी सरकार है।

**मोदी ने लांच की ...**

लगे हैं, इसलिए सारे विपक्षी दल उनके पीछे पड़े हैं मगर प्रधानमंत्री मोदी तो इलेक्टोरल बांड के रुप में भ्रष्टाचार की नयी योजना ही ले आए जिसके जरिए हजारों करोड़ रुपए का चंदा लिया गया। उन्होंने कहा भाजपा सरकार की नीतियां सिर्फ बड़े बड़े पूंजीपतियों और उद्योगपतियों के लिए है और गरीब को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है, किसान परेशान है मगर सरकार चंद पूंजीपतियों का कर्जा माफ कर रही है। उसे जनता की दुख तकलीफ से कोई मतलब नहीं है।

**लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद ...**

में जल्द ही निगम मंडल व आयोग में मनोनयन के लिए दबाव बढ़ेगा। वैसे दावेदारों की संख्या काफी लंबी है इसलिए वरिष्ठता व सक्रियता को प्राथमिकता दी जायेगी।

वहीं दूसरी ओर साल के आखिरी में निकाय चुनाव है ऐसे में भाजपा अपने वर्तमान पार्षदों के वार्ड की रिपोर्ट भी तलब करेगी और जहां कांग्रेस के पार्षद हैं वहां के छाया भाजपा पार्षदों का काम भी देखा जायेगा। इस लिहाज से टिकट की बात आयेगी तब दावेदारों को तवज्जो दिया जायेगा। पार्टी सूत्रों की माने तो कई स्तर की समीक्षा होगी लेकिन निर्णयात्मक मुहर लगने के पहले की समीक्षा चार जून के बाद ही होगी। भाजपा के एक वरिष्ठ मंत्री ने रायपुर लोकसभा का चुनाव लड़ा है और उनकी जीत भी हर हाल में पक्की मानी जा रही है मतलब यह सीट रिक्त होगा तब वहां उपचुनाव के लिए दावेदार सक्रिय होंगे। वहीं एक और मंत्री का पद भी खाली हो जायेगा ऐसे में दो मंत्री बनाने की गुंजाइश होगी। वैसे मंत्रिमंडल से किसी को हटाया जायेगा इसकी संभावना कम गई। क्योंकि परफार्मेंस के लिए इतने कम समय में आकलन कर पाना संभव नहीं।

## टीएल बैठक में समर कैम्प के लिए कार्य योजना बनाने कलेक्टर ने दिए निर्देश



**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही** 14 मई (देशबन्धु)। ग्रीष्म कालीन अवकाश में स्कूली बच्चों के लिए समय का सदुपयोग करने के उद्देश्य से खेलकूद, चित्रकला, विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों के लिए कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने समर कैम्प हेतु कार्य योजना बनाने और बच्चों एवं पालको की भागीदारी सुनिश्चित करने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कलेक्ट्रेट के अरपा सभा कक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर ध्यान केन्द्रित करने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने जन समस्याओं एवं जन शिकायतों के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की और लंबित प्रकरणों को त्वरित रूप से निराकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान बकाया मजदूरी भुगतान, मानदेय राशि दिलाने, जीपीएफ राशि दिलाने सहित विभिन्न राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने जन शिकायतों का निराकरण समय सीमा के भीतर करने तथा निराकृत नही होने के स्थिति में कारण बताते हुए आवेदक को अवगत कराने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे, परियोजना निदेशक डीआरडीए कौशल प्रसाद तेंदुलकर, संयुक्त कलेक्टर आनंदरूप तिवारी एवं प्रिया गोयल, डिप्टी कलेक्टर प्रफुल्ल रजक, सीएमएचओ डॉ. आई नागेशवर राव, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास डॉ. ललित शुक्ला सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## फिल्मी अंदाज में 970 लीटर डीजल और मोबाइल की लूटपाट करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**नगदी रकम व मोबाईल बरामद**

**रायगढ़** 14 मई (देशबन्धु)। रायगढ़ जिला मुख्यालय में पिछले साल दिसंबर माह में फिल्मी अंदाज में कैंपर वाहन को रोककर 970 लीटर डीजल और 02 मोबाइल की लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला कोतरा रोड़ थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 23 दिसंबर 2023 को कोतरारोड थाना में चंद्रशेखर बी.आर. पिता शिवप्रसाद बीआर उम्र 25 वर्ष ने आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 22 दिसंबर की रात्रि करीब 10 बजे घडी चैक आदिवासी पेट्रोल पंप रायगढ़ से 04 प्लास्टिक के ड्रमों में 970 लीटर डीजल कीमत करीब 93,518 भरवाया था जिसे केम्पर वाहन में लेकर अपने हेल्फर तापस मुडा के साथ ढोंगाढकेल जा रहे थे।

## निधन

### मनहरण सिंह ठाकुर



तखतपुर। रामनगर टिकरीपारा निवासी मनहरण सिंह ठाकुर 70 वर्ष का मंगलवार को निधन हो गया। वे तिलक सिंह ठाकुर के पिता और टीकम, राजेश, अमित, दीपक, मनीष, सतीश के बड़े पापा थे ।

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, RAJESH SHRIVASTAVA S/O JAGDISH PRASAD SHRIVASTAVA resident of B-20, WARD NO. 15, B TYPE BHATGAON COLLY SURAJPUR (C.G.) have changed my old name RAJESH SHRIVASTAVA S/O JAGDISH PRASAD SHRIVASTAVA so in future I should be recognized by my new name that is RAJESH KUMAR SHRIVASTAVA S/O JAGDISH PRASAD SHRIVASTAVA in all Government and other documents.

**RAJESH KUMAR SHRIVASTAVA**
B-20, WARD NO. 15,
B TYPE BHATGAON COLLY
SURAJPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SOMIL ASHODIYA S/O SUNIL ASHODIYA resident of HOUSE NO. 802, WARD NO. 13, RAIGARH ROAD, LAILUNGA, RAIGARH (C.G.) 496113 have changed my old name SOMIL ASHODIYA S/O SUNIL ASHODIYA so in future I should be recognized by my new name that is SOMIL AGRAWAL S/O SUNIL KUMAR AGRAWAL in all Government and other documents.

**SOMIL AGRAWAL**
HOUSE NO. 802, WARD NO. 13,
RAIGARH ROAD, LAILUNGA,
RAIGARH (C.G.) 496113

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SUNIL ASHODIYA S/O SITA RAM AGRAWAL resident of HOUSE NO. 802, WARD NO. 13, LAILUNGA, RAIGARH ROAD, LAILUNGA, RAIGARH (C.G.) 496113 have changed my old name SUNIL ASHODIYA S/O SITA RAM AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is SUNIL KUMAR AGRAWAL S/O SITA RAM AGRAWAL in all Government and other documents.

**SUNIL KUMAR AGRAWAL**
HOUSE NO. 802, WARD NO. 13, LAILUNGA, RAIGARH ROAD, LAILUNGA, RAIGARH (C.G.) 496113

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, रतनपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रतनपुर, दिनांक 18/03/2024
रा.प्र.क्र. ..................
(ब-121/ 2023-24)
मौजा ग्राम- चपोरा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेन्द्र कुमार जायसवाल पिता मिश्री लाल जाति कलार निवासी ग्राम चपोरा तहसील रतनपुर जिला बिलासपुर द्वारा अपने बड़े पिता नाम अमृत लाल पिता शिव प्रसाद का मृत्यु दिनांक 10/08/1984 को ग्राम चपोरा में हो जाने के उपरांत अज्ञानतावश ग्राम पंचायत चपोरा में पंजीयन नहीं करा पाने के कारण वर्तमान में जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु जन्म/ मृत्यु रजिस्ट्रार सचिव ग्राम पंचायत चपोरा को अनुज्ञा पत्र जारी किये जाने बाबत् विधिवत आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 20/05/2024 को दावा/ आपत्ति न्यायालयीन समयवधि में इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

सील

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**तहसील-रतनपुर**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, रतनपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रतनपुर, दिनांक 18/03/2024
रा.प्र.क्र. ..................
(ब-121/ 2023-24)
मौजा ग्राम- चपोरा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेन्द्र कुमार जायसवाल पिता मिश्री लाल जाति कलार निवासी ग्राम चपोरा तहसील रतनपुर जिला बिलासपुर द्वारा अपने दादी नाम कौशिल्या बाई पति शिव प्रसाद का मृत्यु दिनांक 23/06/1993 को ग्राम चपोरा में हो जाने के उपरांत अज्ञानतावश ग्राम पंचायत चपोरा में पंजीयन नहीं करा पाने के कारण वर्तमान में जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु जन्म/ मृत्यु रजिस्ट्रार सचिव ग्राम पंचायत चपोरा को अनुज्ञा पत्र जारी किये जाने बाबत् विधिवत आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 20/05/2024 को दावा/ आपत्ति न्यायालयीन समयवधि में इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

सील

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**तहसील-रतनपुर**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, रतनपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रतनपुर, दिनांक 18/03/2024
रा.प्र.क्र. ..................
(ब-121/ 2023-24)
मौजा ग्राम- चपोरा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेन्द्र कुमार जायसवाल पिता मिश्री लाल जाति कलार निवासी ग्राम चपोरा तहसील रतनपुर जिला बिलासपुर द्वारा अपने दादा नाम शिव प्रसाद जायसवाल पिता गंगाराम का मृत्यु दिनांक 15/09/2004 को ग्राम चपोरा में हो जाने के उपरांत अज्ञानतावश ग्राम पंचायत चपोरा में पंजीयन नहीं करा पाने के कारण वर्तमान में जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु जन्म/ मृत्यु रजिस्ट्रार सचिव ग्राम पंचायत चपोरा को अनुज्ञा पत्र जारी किये जाने बाबत् विधिवत आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 20/05/2024 को दावा/ आपत्ति न्यायालयीन समयवधि में इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

सील

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**तहसील-रतनपुर**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**भौतिक कब्जा सूचना**

**ICICI Home Finance**

पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई-400051
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जे.बी. नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई-400059
शाखा कार्यालय : प्रथम तल, इंदिरा टावर, ए-26, जोन- II, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001

जबकि,

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें नीचे वर्णित कर्जदारों से सूचना में वर्णित राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

जबकि, कर्जदार राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदारों और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्तियों का कब्जा नीचे दी गई तिथियों को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की बकाया राशि अदा करने के बाद ही किया जा सकता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम/ ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का विवरण/कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | समीना बेगम (कर्जदार), सैयद इशाक अली (सह-कर्जदार)/ एलएचबीएसआर00001297471 | पीएच नंबर 34/37, वार्ड नंबर 44, चुचुहिया पारा वार्ड, गणेश नगर, विकास खंड, निकट पुरानी पानी की टंकी, मौजा तोर्वा खसरा नंबर 927/4, प्लॉट नंबर 473, बामहनी बाजार (संदर्भ एलएएन नंबर एलएचबीएसआर00001297471)। चौहद्दी - उत्तर : मुक्तार गार्ड, दक्षिण : उपहार व्यक्ति की शेष भूमि, पूरब : 25 फीट रोड, पश्चिम : फातिमा जी की भूमि, कब्जा की तिथि : 09-05-2024 | 16-03-2022 रू. 18,16,918/- | बिलासपुर-बी |

उपरि-वर्णित कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि वे उक्त राशि का भुगतान 30 दिन के भीतर कर दें अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि समाप्त होने पर, उपरोक्त बंधक रखी सम्पत्तियां, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।

तिथि : 15-05-2024
स्थान : बामहनी बाजार

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

# देश

उवाच

मध्य प्रदेश की जनता बुद्धिमान है और उसने देखा कि किस तरह इंदौर और खजुराहो में भाजपा के इशारे पर विपक्ष के प्रत्याशियों को चुनावी मैदान से बाहर कर दिया गया। मुझे विश्वास है कि लोकतंत्र पर हुए इस हमले का मुंहतोड़ जवाब प्रदेश की जनता ने दिया है।

-कमलनाथ,कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 39 | 26 |
| मुंबई | 33 | 3 |
| कोलकाता | 31 | 28 |
| चेन्नई | 32 | 3 |

# लोकतंत्र को खत्म करने की रहा पर केंद्र : कांग्रेस

- संविधान व आरक्षण की रक्षा के लिए इंडिया गठबंधन के पक्ष में जनता से की मतदान की अपील
- भाजपा अपने काम पर नहीं राम, मुसलमान, पाकिस्तान व हिंदू को खतरे में कहकर मांग रही वोट



भाजपा 400 सीट इसलिए चाह रही है ताकि यह संविधान बदल कर लोकतंत्र को खत्म कर दे : मल्लिकार्जुन खड़गे

**महराजगंज,**14 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान की अपील की। वे जवाहर लाल नेहरू पीजी कॉलेज खेल मैदान में इंडिया गठबंधन उम्मीदवार कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी के समर्थन में सभा को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हमारी लड़ाई मोदी योगी से नहीं है, यह लड़ाई दो विचार धाराओं के बीच की है। एक विचारधारा देश को कुछ उद्योगपतियों के हाथ गिरवी रखकर गरीब और मध्यम वर्ग को गुलाम बनाना चाहती है जबकि हम देश और देशवासियों को बचाना चाहते हैं। हमारी विचारधारा नेहरू, गांधी, पटेल के बनाए देश को बचाने की है। उनकी उसे खत्म करने की है। वे अपने उद्योगपति मित्रों को लाभ देते हैं। हम गरीबों, किसानों की मदद करते हैं, उनका कर्ज माफ करते हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हमारी पांच गारंटी है जो युवाओं को नौकरी, महिलाओं के खाते में साल में एक लाख, कर्ज माफी और बेरोजगार युवकों के अप्रेंटिस सुनिश्चित करती है। इसके इतर भाजपा की गारंटी नफरत और भाईचारे को खत्म करने की है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने काम पर नहीं राम, मुसलमान, पाकिस्तान और हिंदू को खतरे में कहकर वोट मांगती है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि भाजपा 400 सीट इसलिए चाह रही है कि ताकि वह संविधान बदल कर लोकतंत्र को खत्म कर दे। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र भगवान बुद्ध का ननिहाल है जहां दो हजार छह सौ वर्ष पहले लोकतंत्र था, आप लोगों से बेहतर लोकतंत्र के महत्व को कौन जानता है, इसलिए आप सभी से अनुरोध है कि गठबंधन के उम्मीदवार वीरेंद्र चौधरी को जरूर जिताएं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि यह धरती संविधान सभा सदस्य रहे शिब्बन लाल सक्सेना, वीर बहादुर सिंह, हर्षवर्धन जैसे विकास पुरुषों की रही है। इनकी रिक्तियां निश्चित ही वीरेंद्र चौधरी पूरी कर सकते हैं। सपा नेता व पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि गठबंधन की सरकार बनना तय है। अब आपकी जिम्मेदारी है कि महराजगंज से गठबंधन उम्मीदवार वीरेंद्र चौधरी को जिताकर गठबंधन सरकार के गठन में अपनी भागी दारी सुनिश्चित करें। कांग्रेस के यूपी प्रभारी अविनाश पांडेय ने भाजपा सरकार की बिफलता की लंबी सूची गिनाते हुए कहा कि इस सरकार का अब बने रहना देश हित में नहीं है। कार्यक्रम में डुमरियागंज के पूर्व सांसद मो. मुकीम, पूर्व सांसद कमल किशोर कमांडो, बस्ती के पूर्व विधायक अंबिका सिंह, पूर्व विधान परिषद सदस्य राम अवध सिंह, पूर्व विधायक श्रीपति आजाद, सुदामा प्रसाद, सपा नेता निर्मेश मंगल, अमरेंद्र निषाद, सपा जिलाध्यक्ष विद्या सागर यादव, आप जिलाध्यक्ष राम कुमार पटेल, मनौवर हुसेन आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किया। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने भाजपा सरकार खासकर पीएम मोदी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में करोड़ों खर्च कर निवेशकों का मेला लगता है।

सरकार का अरबों निवेश का दावा भी रहता है लेकिन वह दिखता कहीं नहीं। उन्होंने कहा कि यह कैसा निवेश है जो पूर्वांचल की एक एक करके बंद होती जा रही चीनी मिलों का उद्धार तक नहीं कर सकी। नतीजा कभी चीनी का कटोरा कहे जाने वाले पूर्वांचल से चीनी ही समाप्त हो गई।

## कांग्रेस ने पंजाब के लिए गठित की प्रचार समिति

नई दिल्ली। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के बीच पंजाब में राणा कंवरपाल सिंह के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस इकाई की प्रचार समिति का गठन किया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी दी और बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी है और नए पदाधिकारियों से तत्काल प्रभाव से अपना काम शुरू करने के लिए कहा है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने वरिष्ठ नेता हरदयाल सिंह कंबोज को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुखविंदर सिंह धन्नी और पवन अधिया को सह उपाध्यक्ष तथा जसवीर सिंह डिंपा को संयोजक बनाया है। उन्होंने बताया कि समिति में 35 लोगों को जगह दी गई है। समिति में पार्टी के विभिन्न संगठनों की प्रदेश अध्यक्षों को पदेन सदस्य बनाया गया है। पार्टी ने टी. राजेंद्र सिंह बाजवा, कुलदीप सिंह नागरा, राणा गुरजीत सिंह, ओम प्रकाश सोनी, अरुणा चौधरी, जग दर्शन कौर तथा संगत सिंह गिलजियान सहित 35 लोगों को समिति के लिए नियुक्त किया है।



## वेंकैया ने सुशील मोदी के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। पूर्व उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। नायडू ने मंगलवार को यहां एक संदेश में कहा कि सुशील कुमार मोदी भ्रष्टाचार के विरुद्ध अविचल निरंतर लड़ते रहे। उन्होंने ही बिहार के कुख्यात चारा घोटाले को उजागर किया था। एक जमीनी कार्यकर्ता, एक समर्पित नेता मोदी सबसे पहले एक शानदार सहृदय व्यक्तित्व थे। नायडू ने कहा मेरे आत्मीय मित्र, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री, पूर्व राज्य सभा सांसद सुशील कुमार मोदी के असामयिक निधन से दुखी हूं। हम दोनों ने पांच दशक पूर्व साथ ही जयप्रकाश के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से अपना सार्वजनिक जीवन आरंभ किया था। तबसे हम सदैव परस्पर संपर्क में रहे। वेदना की इस घड़ी में मैं शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।



## भाजपा करेगी पवन सिंह के खिलाफ कार्रवाई

**पटना/काराकाट,**14 मई (देशबन्धु)। भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार अभिनेता पवन सिंह के खिलाफ बीजेपी कार्रवाई करेगी। भाजपा ने काराकाट से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे पवन सिंह को नामांकन वापस लेने को कहा है। यदि पवन सिंह नामांकन वापस नहीं लेते हैं तब बीजेपी उन पर कार्रवाई करेगी। बिहार के सहकारिता, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. प्रेम कुमार ने डेहरी में पवन सिंह को लेकर बड़ा बयान दिया है। बिहार सरकार में मंत्री प्रेम कुमार मंगलवार को रोहतास के काराकाट लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी सह राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कशवाहा का चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने पवन सिंह को लेकर बड़ी बात कह दी। उन्होंने कहा कि यदि पवन सिंह अपना नामांकन वापस नहीं लेते हैं तो बीजेपी कार्रवाई करेगी। बता दें कि काराकाट लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी उपेन्द्र कुशवाहा को पवन सिंह सीधी टक्कर दे रहे हैं। पवन सिंह निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में यहां से चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि पवन सिंह भाजपा के सदस्य भी हैं।



- काराकाट से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे पवन को नामांकन वापस लेने को कहा

भाजपा से बिना इस्तीफा दिए वो काराकाट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नामांकन किया और उपेंद्र कुशवाहा के खिलाफ चुनाव के मैदान में उतर गए हैं। पवन सिंह के इस कदम से भाजपा नाराज है। यह कयास लगाया जा रहा है कि पवन सिंह को भाजपा से निकाला जा सकता है।

बता दें कि भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार कहे जाने वाले पवन सिंह ने पिछले साल ही बीजेपी का दामन थामा था। जिसके बाद बीजेपी ने उन्हें पश्चिम बंगाल के आसनसोल लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया था लेकिन वो आरा से चुनाव लड़ना चाहते थे इसलिए उन्होंने आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ने का फैसला लेते हुए टिकट वापस कर दिया था।

## सार संक्षेप

### कश्मीर में 11 स्थानों पर चला जांच अभियान

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी ने दक्षिण कश्मीर जिलों के 11 स्थानों पर जांच अभियान चलाया। यह जांच अभियान पिछले महीने यहां अन्य राज्य के श्रमिक की हत्या के सिलसिले में चलाया गया ताकि हत्या के पीछे साजिश करने वालों को बेनकाब किया जा सके। एसआईए अधिकारियों ने कहा कि उनकी टीम ने तड़के तीन जिलों अनंतनाग, कुलगाम और शोपियां में छापेमारी की।

### पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के पुत्र जदयू में शामिल

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के महाराजगंज संसदीय क्षेत्र से पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के पुत्र रंधीर सिंह मंगलवार को जनता दल यूनाईटेड में शामिल हो गए। छपरा विधानसभा क्षेत्र से रंधीर सिंह राष्ट्रीय जनता दल के टिकट पर चुनाव लड़ कर विधायक बने थे। उन्होंने वर्ष 219 में राजद के टिकट पर महाराजगंज संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ा था। उक्त चुनाव में भाजपा प्रत्याशी जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने उन्हें पराजित किया था।

### एम्बुलेंस में आग लगने से मरीज की जलकर मौत

**कोझिकोड।** केरल के कोझिकोड में मंगलवार तड़के एक सड़क हादसे में एम्बुलेंस में आग लगने से मरीज की जलकर मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। रिपोर्ट के अनुसार मंगलवार तड़के तीन बजे एम्बुलेंस के बिजली के खंभे से टकराने से उसमें आग लग गई जिससे एक महिला मरीज की जलकर मौत हो गई। उसे तत्काल सर्जरी की आवश्यकता थी इसलिए उसे उलियारी के मालाबार मेडिकल कॉलेज अस्पताल से सुलोचना को एस्टर एमआईएमएस अस्पताल ले जाया जा रहा था। रिपोर्ट के अनुसार चालाक ने नियंत्रण खो दिया जिससे एम्बुलेंस बिजली के खंभे से टकरा गयी और फिर पास की एक इमारत में जा घुसी। इस हादसे में एम्बुलेंस में आग लग गयी। एम्बुलेंस में एक डॉक्टर और दो नर्स सहित कुल सात लोग सवार थे।

### ओडिशा में पीठासीन अधिकारी की सड़क दुर्घटना में मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में पहले चरण का चुनाव संपन्न होने के बाद सोमवार को घर लौटते समय नुआपाड़ा जिले में एक सड़क दुर्घटना में पीठासीन अधिकारी प्रसन्ना कुमार नाइक की मौत हो गई। ओडिशा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एनबी ढल ने मंगलवार को बताया कि नाइक की मृत्यु उस समय हो गई जब वह ईवीएम और चुनाव संबंधी अन्य सामग्री जमा करने के बाद घर लौट रहे थे। ढल ने पीठासीन अधिकारी की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

## संदेशखाली के अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा : शाह

**उलूबेरिया/बोनगांव,** 14 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को दोहराया कि संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ जो अपराध हुए, उनके दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही उन्होंने पश्चिम बंगाल के सभी आरोपी घोटालेबाजों को चेतावनी दी कि भारतीय जनता पार्टी के आम चुनाव में जीत हासिल कर सत्ता में आने पर वे जेल जाने के लिए तैयार रहें। शाह ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार पर वोट बैंक की राजनीति के कारण संदेशखाली में अपनी पार्टी के लोगों को बचाने का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि उत्तर 24 परगना में गरीब महिलाओं और आदिवासी लोगों पर अत्याचार करने के दोषी शाहजहां शेख सहित किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। पार्टी के बोनगांव से उम्मीदवार शांतनु ठाकुर और हावड़ा की उलूबेरिया सीट से उम्मीदवार अरुण उदय पाल चौधरी के पक्ष में 20 मई को होने वाले मतदान के लिए दो अलग-अलग चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बनर्जी बांग्लादेश से आए घुसपैठियों और रोहिंग्या समर्थकों के वोट बैंक के लिए 22 जनवरी को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के समारोह में अनुपस्थित थीं। गृह मंत्री ने कहा, प्राण प्रतिष्ठा में आने की बजाय उन्होंने अपने वोट बैंक समर्थकों को संतुष्ट करने के लिए उसी दिन कोलकाता में एक रैली आयोजित की थी।



- पश्चिम बंगाल के सभी आरोपी घोटालेबाजों को दी चेतावनी

# नौजवानों की शादी होने नहीं दे रहे मोदी : तेजस्वी

## राजद नेता चुनावी जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी पर कसा तंज

महागठबंधन के पक्ष में की मतदान करने की अपील



हम लोगों ने किसी से मंगलसूत्र नहीं छीना बल्कि नौजवानों का ब्याह करवा कर मंगलसूत्र दूल्हन को पहनवाया : तेजस्वी यादव

**पटना/मधुबनी,**14 मई (देशबन्धु)। बिहार में पांचवे चरण का मतदान 20 मई को है। इस दिन लोकसभा की पांच सीटों मधुबनी, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर में वोटिंग होगी। मधुबनी में महागठबंधन के प्रत्याशी अली अशरफ फातमी के पक्ष में राजद नेता तेजस्वी यादव ने चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी की मिमिक्री की। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी नौजवानों की शादी होने नहीं दे रहे हैं। हमने बिहार में पांच लाख लोगों को सरकारी नौकरियां दी हैं। हम लोगों ने किसी से मंगलसूत्र नहीं छीना बल्कि नौजवानों का ब्याह करवा कर मंगलसूत्र दूल्हन को पहनवाया है। जबकि प्रधानमंत्री मंगलसूत्र छीनने की बात कर रहे हैं। बता दें कि मधुबनी में महागठबंधन के प्रत्याशी अली अशरफ फातमी और एनडीए प्रत्याशी अशोक कुमार यादव के बीच सीधा मुकाबला है। अली अशरफ फातमी को वोट देने की अपील तेजस्वी यादव ने मधुबनी की जनता से की। इस दौरान मधुबनी के मंच से तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मिमिक्री भी की। तेजस्वी यादव ने नरेंद्र मोदी के अंदाज में कहा कि भाईयों और बहनों, ये विपक्ष के लोग अगर सरकार में आ जाएंगे तब मंगलसूत्र छीन लेंगे। जिनके पास दो भैंस होगी तो एक भैंस भी ले लेंगे। आपके बाप-दादा की संपत्ति तक छीन लेंगे। तेजस्वी ने पूछा कि क्या यही प्रधानमंत्री के बात करने का स्तर है? मंगलसूत्र की जहां तक बात है, प्रधानमंत्री जी आप तो नौजवानों की शादी तक होने नहीं दे रहे हैं। नौजवानों को नौकरी लगती है तभी न उसकी शादी होती है और तब नौजवान अपनी पत्नी को मंगलसूत्र पहनाता है। तेजस्वी ने आगे कहा कि हमलोग नवरात्र से पहले मछली खा रहे थे। तब मोदी जी को मछली का कांटा लग रहा था। मोदी जी अब हमें बताएंगे कि हमलोग क्या पहने, क्या खाएं और क्या पीयें। हमे इन बातों पर चर्चा नहीं करनी है। क्योंकि यह कोई मुद्दा ही नहीं है। मोदी जी जान-बूझ कर ऐसी बातें करते हैं ताकि लोग उनसे काम की बात न पूछें। केवल हिन्दू-मुसलमान आपस में लड़ता रहे और इसी काम में मोदी जी लोगों को लगा देते हैं।

### प्रधानमंत्री कर रहे हैं मंगलसूत्र छीनने की बात

राजद नेता तेजस्वी ने कहा कि हमने बिहार में पांच लाख लोगों को सरकारी नौकरियां दी हैं। हम लोगों ने किसी से मंगलसूत्र नहीं छीना बल्कि नौजवानों का ब्याह करवा कर मंगलसूत्र दूल्हन को पहनवाया है। जबकि प्रधानमंत्री मंगलसूत्र छीनने की बात कर रहे हैं। तेजस्वी यही नहीं रुके। उन्होंने कहा कि हमलोगों ने तो घर बसाने का काम किया है और मोदी जी लोगों के बीच तकरार और नफरत पैदा करते हैं। हम कलम बांटते हैं और वह तलवार बांटते हैं। हम प्यार की बात करते हैं और वह नफरत की बात करते हैं। यहां आकर हिन्दू-मुस्लिम-मंदिर-मस्जिद-सनातन-इस्लाम और नहीं तो पाकिस्तान पर बोलते रहते हैं। तेजस्वी ने कहा कि हम मोदी जी से पूछेंगे कि बेरोजगारी क्यों नहीं हटी? हम जब मोदी जी से पूछते हैं कि हर साल दो करोड़ नौकरी देने का वादा किये थे, उन वादों का क्या हुआ? तब वह बोलेंगे कि तेजस्वी को पाकिस्तान चले जाना चाहिए। अजीब हाल है भाई।

# सुशील कुमार मोदी पंचतत्व में विलीन



- राजकीय सम्मान के साथ गंगा के दीघा घाट पर किया गया अंतिम संस्कार

### भाजपा के कई बड़े नेताओं ने दी अंतिम विदाई

पटना एयरपोर्ट पर भाजपा के तमाम बड़े नेता मौजूद थे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी के निधन से पूरे बिहार में शोक की लहर है। उनके निधन के बाद भाजपा ने सारे कार्यक्रम रद्द कर दिए। पूर्वी चंपारण बीजेपी कार्यालय में भी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा के तमाम नेता मौजूद रहे। पूर्व केंद्रीय मंत्री राधामोहन सिंह ने सुशील मोदी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

**पटना,** 14 मई (देशबन्धु)। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी के निधन के बाद उनके पार्थिव शरीर को विशेष विमान से पटना लाया गया। पटना एयरपोर्ट पर भाजपा नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। यहां से उनके पार्थिव शरीर को उनके राजेन्द्र नगर स्थित आवास पर ले जाया जाएगा। जहां अंतिम दर्शन के बाद पटना के गंगा घाट पर राजकीय सम्मान के साथ उनकी अंत्येष्टि किया गया। पटना एयरपोर्ट पर श्रद्धांजलि देने के बाद उनका पार्थिव शरीर बिहार विधानसभा, विधान परिषद और उसके बाद भाजपा प्रदेश कार्यालय ले जाया गया। जहां दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद अंतिम दर्शन के लिए उनके पार्थिव शरीर को राजेन्द्र नगर स्थित उनके निजी आवास पर भी रखा गया। बता दें कि सुशील मोदी पिछले कुछ महीनों से गले के दर्द से परेशान थे। उन्होंने दिल्ली एम्स में जब जांच कराई तो पता चला कि उन्हें गले का कैंसर है। इसके बाद उन्होंने खुद सोशल मीडिया के जरिए इसकी जानकारी दी थी। सुशील मोदी द्वारा इसकी जानकारी देने के करीब डढ़े महीने बाद ही उनका निधन हो गया। दिल्ली एम्स में सोमवार की रात इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। सुशील मोदी के निधन से भाजपा के साथ-साथ बिहार के सियासी गलियारे में शोक की लहर है। बिहार भाजा ने अपने सभी कार्यक्रम को रद्द कर दिया है। जबकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए। दिवंगत सुशील मोदी के करीबी रहे राधामोहन सिंह ने इसे व्यक्तिगत क्षति करार देते हुए कहा कि सुशील मोदी ने बिहार में उपमुख्यमंत्री रहते हुए बेहतर काम किया है। वह एक कुशल संगठनकर्ता और अच्छे वक्ता थे।

## महाराष्ट्र में भाजपा 41 सीटें जीतेगी : फड़नवीस

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने दावा किया है कि लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 41 से अधिक सीटों पर जीत हासिल होगी जबकि महाविकास अघाड़ी दहाई का अंक भी नहीं छू पाएगी। फड़नवीस ने एक समाचार चैनल से विशेष साक्षात्कार में यह दावा किया। उन्होंने यह भी कहा कि शिवसेना (यूबीटी) गुट के नेता उद्धव ठाकरे को मानसिक रोग है और उन्हें मनोचिकित्सक की जरूरत है जबकि संजय राऊत कोई नेता नहीं है। फड़नवीस ने उद्धव गुट की शिवसेना पर निशाना साधते हुए कहा कि यह कोई हिंदुत्ववादी दल नहीं है। बल्कि उद्धव गुट में तो आजकल केवल अपने को वफादार बताने की होड़ मची हुई है। उन्होंने कहा कि जिंदगी में उन्होंने उद्धव ठाकरे जैसा झूठा इंसान नहीं देखा है।

## भारी मतदान के जरिए लोगों ने दिल्ली को दिया संदेश : महबूबा



अनंतनाग-राजौरी सीट पर 25 मई को होगा मतदान

**श्रीनगर,** 14 मई (एजेंसियां)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष एवं जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को कहा कि श्रीनगर लोकसभा सीट पर भारी मतदान कश्मीर के लोगों की ओर से दिल्ली के लिए एक संदेश है कि 2019 में लिए गए फैसलों को उन्होंने स्वीकार नहीं किया है। मुफ्ती ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में कहा, सोमवार को श्रीनगर संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान प्रतिशत अच्छा रहा और लोगों ने दिल्ली को संदेश दिया है कि 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का फैसला कश्मीर के लोगों ने स्वीकार नहीं किया है। साथ ही, राज्य के विषय, भूमि और रोजगार के संबंध में लिए गए फैसले भी जम्मू-कश्मीर के लोगों को स्वीकार्य नहीं हैं। सोमवार को श्रीनगर लोकसभा क्षेत्र में 38 प्रतिशत मतदान हुआ, जो 1996 के बाद सबसे अधिक है। पीडीपी अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि जिन जगहों पर लोग पीडीपी को वोट देने के लिए एकत्र हुए थे, वहां मतदान में गड़बड़ी हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि जानबूझकर मतदान धीमा कराया गया। मुफ्ती अनंतनाग-राजौरी सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं, जहां 25 मई को मतदान होने वाला है। मैं चाहती हूं कि राजौरी, पुंछ, अनंतनाग, कुलगाम और वाची के लोगों को यदि अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट के लिए मतदान के दौरान 10 घंटे तक कतार में इंतजार करना पड़े तो भी वे खड़े रहें और वोट देने तक वापस नहीं लौटे।

आसार | *मध्य प्रदेश में मंडराने लगे उप चुनाव के आसार*

# दल बदल व लोस चुनाव में कुछ विधायकों की मौजूदगी से बने हालात

**भोपाल,14 मई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश से लोकसभा चुनाव की सरगर्मियां सिमट चुकी हैं। कुल 4 चरणों के मतदान पूरे होने के बाद अब इनके परिणाम पर नजर टिक गई है। इसी बीच अब मध्य प्रदेश में उप चुनाव के आसार मंडराने लगे हैं। पिछले दिनों तेज रहे दल बदल और लोकसभा चुनाव में कुछ विधायकों की मौजूदगी से यह हालात बने हैं।**

लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सबसे ज्यादा सुरक्षित सीट के प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान मौजूदा विधानसभा के सदस्य भी हैं। लोकसभा चुनाव में उनकी जीत पक्की और केंद्रीय मंत्रिमंडल में बेहतर विभाग मिलना भी अवश्यंभावी माना जा रहा है। इस स्थिति के चलते इस बात की भी प्रबल संभावना है कि शिवराज को अपनी जीती हुई विधानसभा सीट छोड़ना पड़ेगी। इसके चलते बुदनी विधानसभा पर उप चुनाव कराए जाना जरूरी हो जाएंगे। लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद प्रदेश की 4 से 8 विधानसभा सीट पर उपचुनाव की संभावना है। ज्ञातव्य है कि लोकसभा चुनाव के पहले और इसी गहमा गहमी के दौर में कांग्रेस के तीन विधायकों ने पार्टी छोड़कर भाजपा की सदस्यता ले ली है।





- खाली हुई सीटों पर 6 माह की अवधि में उप चुनाव कराए जाना है जरूरी

जिसके चलते इन सीटों से इन विधायकों की सदस्यता शून्य हो गई है। कमलेश शाह के इस्तीफे के बाद अमरवाड़ा सीट, विधायक निर्मला सप्रे और रामनिवास रावत के भाजा में शामिल होने से भी इनकी विधानसभा सदस्यता खत्म हो गई है। नियमानुसार इन खाली हुई सीटों पर 6 माह की अवधि में उप चुनाव कराए जाना जरूरी है। इसके अलावा प्रदेश में 4 विधायक भी लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। इन सीटों से सकारात्मक परिणाम आने पर इन्हें भी विधानसभा से सदस्यता छोड़ना पड़ेगी। जिसके फलस्वरूप यहां भी उपचुनाव कराने होंगे। विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा को भरपूर सीटों का प्रतिसाद जनता ने दिया है। इसके चलते प्रदेश सरकार से दो चार विधायक इधर उधर होने का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। हालांकि यह जरूर है कि कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए विधायकों की संख्या पार्टी की सीमित विधायक संख्या से कम जरूर हो जाएगी। उप चुनाव में जीत हासिल करने के बाद यही विधायक भाजपा की संख्या बढ़ाने वाले साबित होंगे। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश में सोमवार को आठ सीटों इंदौर, देवास, उज्जैन, मंदसौर, खरगोन, खंडवा, रतलाम, धार में मतदान हुआ। सोमवार को आठ सीटों में सबसे ज्यादा मतदान खरगोन सीट पर 75.79 प्रतिशत हुआ। जबकि सबसे कम इंदौर में 60.53 प्रतिशत मतदान हुआ। प्रदेश में पहले और तीसरे चरण में मतदान प्रतिशत कम होने के बाद तीसरे चरण में मतदान प्रतिशत बढ़ा था। इसका कारण चुनाव आयोग के साथ ही राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के प्रयास को बताया गया था।

देशबन्धु

बिलासपुर, बुधवार 15 मई 2024

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# चौथे चरण के मतदान के बाद की भाजपा

लोकसभा चुनाव के सोमवार को हुए चौथे चरण के मतदान के बाद एक बार फिर से यह जांचने-परखने की कवायद तेज़ हो गई है कि तीसरी बार सरकार बनाने के लिये जी-तोड़ मेहनत कर रही भारतीय जनता पार्टी कहां खड़ी है। जिस प्रकार से 19 व 26 अप्रैल तथा 7 मई को क्रमश: पहले, दूसरे एवं तीसरे चरण के हुए मतदान में वह पिछड़ती हुई नज़र आई थी, क्या वह फिसलन चौथे चक्र में भी बरकरार रही या फिर वह मुकाबले में लौट रही है? शाम को जब मतदान थमा और चुनावी विश्लेषक दिन भर का लेखा-जोखा लेकर बैठे तो उनका यह मानना है कि भाजपा वहीं खड़ी है जहां वह तीसरे चरण के बाद खड़ी थी। पूरे भारत में बढ़ती गर्मी को पहले भी कम वोटिंग प्रतिशत का कारण बतलाया गया था, इस बार तो वह था ही लेकिन और भी कई ऐसे कारण बने जिन्होंने भाजपा के उत्साह को घटाया है।

सोमवार को 96 सीटों पर मतदान हुआ, जिसके साथ 379 सीटों पर चुनाव निपट गये हैं। माना जा रहा है कि अब तक भाजपा बड़ा नुकसान उठा चुकी है। कुछ राज्यों में तो चुनाव पूरे भी हो चुके हैं। इसके बाद बची 164 सीटों के लिये शेष तीन चरणों में मतदान होगा। क्या इस दौरान हुए नुकसान की भरपाई वह बची सीटों के जरिये पूरा कर सकेगी? कोई भी इसका जवाब 'हां' में नहीं दे रहा है। खुद भाजपा वाले भी ऐसा होता नहीं देख रहे हैं।

चौथे चरण के मतदान के दौरान जो कई क्षेत्रों में जो कुछ हुआ, उससे साफ है कि भाजपा को अपनी खस्ता हालत का पता चल गया है। एक मतदान केन्द्र में पीठासीन अधिकारी अपने उत्साह में भरकर 'मोदी मोदी' के नारे लगाने लगी। हॉट सीट कन्नौज में, जहां समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव चुनाव लड़ रहे हैं, भाजपा के लोगों ने उनकी पार्टी के लोगों पर हमला कर दिया। फर्रुखाबाद में फायरिंग हो गई तो कानपुर व औरैया में भी तनातनी रही। मतदान सम्बन्धी 150 से ज्यादा शिकायतें मिलीं। महाराष्ट्र के बारामती ईवीएम कक्ष में काफी देर तक सीसीटीवी कैमरा बन्द रहा क्योंकि बिजली गुल हो गई। हैदराबाद में भाजपा उम्मीदवार माधवी लता मुस्लिम उम्मीदवारों के बुर्के उठाकर उनकी शिनाख्त करती मिलीं जिससे विवाद हो गया। ये सारी गड़बड़ियां बता रही हैं कि भाजपा को इस बात का एहसास हो गया है कि इंडिया गठबन्धन के सामने वह लगातार पिछड़ रही है।

एक ओर मतदान जारी था तो वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को वाराणसी में एक भव्य रोड शो करना पड़ा। मंगलवार को उन्हें अपने नामांकन का परचा जो भरना था। (जो उन्होंने कर दिया)। इस रोड शो को करीब ढाई किलोमीटर की दूरी तय करने में पांच घंटों से भी ज्यादा समय लगा। एक रोज पहले उन्होंने बिहार की राजधानी पटना में जो रोड शो किया था, उसे लेकर अलग तरह की चर्चाएं रहीं। पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद यहां से भाजपा के उम्मीदवार हैं। जिस रथ पर मोदी सवार होकर रोड शो कर रहे थे, उस पर प्रसाद के अलावा प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी सवार थे। 17 माह तक राष्ट्रीय जनता दल के साथ बिहार की सरकार चलाने वाले नीतीश बाबू की स्थिति तब विचित्र हो गई जब मोदी ने भाजपा का चुनाव चिन्ह (कमल) नीतीश को पकड़ा दिया। यह बतलाता है कि मोदी किस प्रकार से एक-एक सीट के लिये संघर्षरत हैं और अपना चुनाव चिन्ह दूसरी पार्टी के प्रमुख को सौंपने से भी गुरेज़ नहीं कर रहे। इसके पहले बिहार के ही मुजफ्फरपुर में हुई सभा में मोदी फिर अपने प्रचार में पाकिस्तान को लेकर आ गये। उन्होंने कहा कि 'इंडिया को सपने में भी पाकिस्तान का परमाणु बम दिखता है।' उसके नेता कहते हैं कि पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी हैं।' बकौल मोदी, 'अगर उसने चूड़ियां नहीं पहनी है तो वे (मोदी) पहना देंगे।' साफ है कि जैसे ही मोदी व भाजपा को अपनी हालत में कोई कमजोरी महसूस होती है तो देश के भीतर मुसलमान व बाहर पाकिस्तान उसे याद आता है।

इंडिया गठबन्धन की बढ़ती मजबूती भाजपा की परेशानी का बड़ा सबब है। उत्तर प्रदेश उसका सबसे मजबूत किला रहा है। तीसरे चरण के ठीक पहले रायबरेली से राहुल गांधी ने नामांकन दाखिल किया जिसका असर पूरे उप्र में पड़ता दिख रहा है। यहां उनकी सभाओं के अलावा प्रियंका गांधी की सभाएं भी जबरदस्त भीड़ बटोर रही हैं। इतना ही नहीं, अखिलेश के साथ राहुल के रोड शो व सभाओं को भी लोगों का जोरदार प्रतिसाद मिल रहा है। पहले धारणा थी कि यहां कांग्रेस-सपा के संयुक्त प्रतिरोध के बावजूद भाजपा सम्मानजनक संख्या में सीटें जीत लेगी लेकिन अब कहा जा रहा है कि यूपी में भाजपा को वैसी सफलता नहीं मिलने जा रही जिसका दावा हो रहा था।

इस बीच एक और जो महत्वपूर्ण बात हुई है वह यह कि अब लोग मोदी के विकल्प की चर्चा करने लगे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इसी बीच कह दिया कि मोदी डेढ़ साल के बाद 75 साल के होकर रिटायर हो जायेंगे। वे वोट अमित शाह के लिये मांग रहे हैं। शाह को जवाब देना पड़ा कि उनकी पार्टी के संविधान में ऐसा नियम नहीं है। जो हो, केजरीवाल ने मुद्दा तो छेड़ ही दिया है। यह मोदी के साथ पूरी पार्टी को कमजोर करता है और इसी कमजोरी के साथ भाजपा ने चौथा चरण लड़ा है। आगे भी उसे ऐसे ही लड़ना है।

# चौथे चरण के मतदान के बाद मोदी के भविष्य की चर्चा

जैसा कि अनुमान था, लोकसभा चुनाव के लिये सोमवार को हुए मतदान का चौथा चरण भी भारतीय जनता पार्टी के लिये वैसा ही साबित होने जा रहा है जिस प्रकार से पहले के तीन चरण (19 व 26 अप्रैल तथा 7 मई) गये हैं- निराशा भरे। राजनीतिक विश्लेषक और तमाम तरह के सर्वे एक स्वर में कह रहे हैं कि इस बार कम मतदान सत्तारुढ़ भाजपा के लिये खतरे की घंटी है। गर्मी को मतदान केन्द्रों में छाये सन्नाटे का चाहे कारण बतलाया जा रहा हो लेकिन केवल तेज गर्मी इसका एकमात्र कारण नहीं हो सकती। जो भी हो, कम मतदान किसे जीत दिलाता है या किसे पराजय, इसका पता तो 4 जून को ही लग पायेगा, लेकिन अब मीडिया में, खासकर समांतर यानी सोशल मीडिया में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भविष्य पर चर्चाएं शुरू हो चुकी हैं, जो तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने को व्याकुल हैं। यह स्वाभाविक ही है, क्योंकि लोकतंत्र में न तो नतीजों को लेकर कोई निश्ंिचत हो सकता है और न ही कोई दावा कर सकता है कि परिणाम ऐसे या वैसे ही होंगे। कोई इतने पार या उतने पार का नारा दे रहा है तो वह लोगों को प्रभावित करने यानी अपने पक्ष में हवा बनाने की कोशिश कर रहा है। चार चरणों में भाजपा का जो हश्र होता हुआ दिखाई दे रहा है, उसके बाद तो इस बात को पक्के तौर पर मान लिया गया है कि इस पार-उस पार का नारा हवा-हवाई ही है।

बहरहाल, विकल्प की बात न केवल देश का नेतृत्व करने के लिये चल पड़ी है बल्कि मोदी की पार्टी के भीतर भी इस लिहाज से हो रही है कि उनके बाद संगठन किसके बल पर चलेगी। मोदी के 10 वर्षों के कामकाज की गुणवत्ता को अगर एक ओर रख दें, तो भी इसमें कोई शक नहीं कि मोदी ने भाजपा को दो-दो शानदार जीतें दिलाई हैं- 2014 व 2019 में; तथा उसे बुलन्दियों तक पहुंचाया है। चुनिंदा अपवादों को छोड़कर अब तक किसी भी प्रधानमंत्री ने ऐसी कामयाबी नहीं दिलाई थी। मोदी चाहे पार्टी अध्यक्ष न हों, लेकिन वे ही एक तरह से सर्वेसर्वा रहे हैं। इसलिये यह मजेदार बात है कि अगर देश में उनके मुकाबले पीएम का चेहरा तलाशने वाले लोगों के विचारों को जानने की कोशिशें हो रही हैं, तो सर्वेक्षण एजेंसियां या विश्लेषक जानना चाहते हैं कि मोदी के बाद इस पद पर कितने लोग किसे देखना चाहते हैं। यह अलग बात है कि अब तक तो वे ही कमोवेश आगे चल रहे हैं। हालांकि कई बार कांग्रेस के राहुल गांधी भी प्रमुख पसंद बनते जा रहे हैं। ऐसे में यह सवाल उठ खड़ा होना बताता है कि देश को यह बात समझ में आ गई है कि ऐसी नौबत आ सकती है कि इस सर्वोच्च पद के लिये कोई और चेहरा ढूंढना पड़ सकता है।

मोदी जी की संगठन पर पकड़ का यह आलम है कि इस बात की भी बहसें चल पड़ी हैं कि भाजपा को उनके बाद कौन सम्हालेगा। यदि यह सवाल खड़ा हो रहा है तो यह भी एक तरह से लोगों के सामने सम्भावना है कि देश को तथा संगठन को देर-सबेर इस सवाल से जूझना होगा। क्या ऐसा 4 जून के बाद होगा? लोकतंत्र में कुछ भी असम्भव नहीं है; और लोकतंत्र को किसी एक व्यक्ति पर जाकर ठहरना भी नहीं चाहिये। जीवंत समाज और स्पंदित लोकतंत्र की यही निशानी होती है कि विकल्प की तलाश कभी खत्म नहीं होती और हर घड़ी बेहतर व्यक्ति, बेहतर संगठन, बेहतर सरकार तथा बेहतर व्यवस्था का विकल्प ढूंढा जाता है। यह एक सतत प्रक्रिया है। वैसे चार चरणों के मतदान के बाद अगर इस बात की चर्चा होने लगी है तो कहा जा सकता है कि कुछ अप्रत्याशित हो सकता है। वैसे भी कई लोग कथित रूप से 'चौंकाने वाले नतीजों' का अनुमान व्यक्त कर रहे हैं। मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने अपने बल पर 370 तथा अपने गठबन्धन नेशनल डेमोक्रेटिक एलाएंस के बूते 400 से ज्यादा सीटें पाने का जो लक्ष्य रखा है, वह अगर मिल जाता है (जो कि मुमकिन नहीं बताया जा रहा) तब तो कोई बात नहीं, लेकिन ऐसा न होने पर कई तरह अनुमान लगाये जा रहे हैं। यदि त्रिशंकु लोकसभा बनती है तो मोदी के रहते और माइनस मोदी लाभ-हानि पर विचार होगा। बहुत सम्भव है कि मोदी के फिर से पीएम बनने की स्थिति में एनडीए के कुछ सहयोगी भाजपा को सरकार बनाने में मदद से इंकार कर दें। ऐसा होता है तो एनडीए का नेतृत्व कौन करेगा- केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी या राजनाथ सिंह या फिर कोई और?



डॉ. दीपक पाचपोर

**मोदी जी की संगठन पर पकड़ का यह आलम है कि इस बात की भी बहसें चल पड़ी हैं कि भाजपा को उनके बाद कौन सम्हालेगा। यदि यह सवाल खड़ा हो रहा है तो यह भी एक तरह से लोगों के सामने सम्भावना है कि देश को तथा संगठन को देर-सबेर इस सवाल से जूझना होगा। क्या ऐसा 4 जून के बाद होगा? लोकतंत्र में कुछ भी असम्भव नहीं है; और लोकतंत्र को किसी एक व्यक्ति पर जाकर ठहरना भी नहीं चाहिये।**

भाजपा के आंतरिक नेतृत्व की बात करें तो इस बाबत सवाल भारत में नहीं बल्कि विदेशों में भी उठने लगे हैं। अनेक देश यह जानने को उत्सुक हैं कि मोदी के बाद भाजपा का क्या होगा। भाजपा में बाहरी लोगों की दिलचस्पी का कारण यह हो सकता है कि उसकी ख्याति विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में है। साथ ही, उसकी दक्षिणपंथी विचारधारा के चलते लोगों की यह उत्सुकता रहनी स्वाभाविक है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के इस बेहद अहम चुनाव में किसकी जीत होती है- कट्टर विचारों की या उदारता की? भाजपा से राज्य सभा के सदस्य रहे स्वपन दासगुप्ता ने हाल ही में एक ट्विट कर बताया है कि उनके पास एक आस्ट्रेलियाई पत्रकार का फोन आया था जो उनसे 'मोदी के बाद की भाजपा' विषय पर साक्षात्कार करना चाहता है। हालांकि दासगुप्ता ने इंटरव्यू देने से मना कर दिया लेकिन इससे ज्ञात होता है कि भारत के चुनावों में लोकतांत्रिक रूप से विकसित देशों की कितनी दिलचस्पी है।

यह सवाल एक और तरीके से सामने आ गया है। शराब घोटाले के आरोप में तिहाड़ जेल की न्यायिक हिरासत से जमानत पर छूटे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने यह कहकर सभी को चौंका दिया है कि च्नरेन्द्र मोदी तीसरी बार सरकार अपने लिये नहीं बल्कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के लिये वोट मांग रहे हैं क्योंकि उन्हीं के बनाये नियम के अनुसार 'डेढ़ साल के बाद 75 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद मोदी रिटायर होकर वैसे ही मार्गदर्शक मंडल में चले जायेंगे जिस प्रकार से लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, सुमित्रा महाजन, यशवंत सिन्हा आदि को भेज दिया गया है।' हालांकि अमित शाह ने इस बात पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि 'पार्टी संविधान में ऐसा कोई नियम नहीं है। यह बात मोदी के लिये लागू नहीं होगी।' इसका सीधा सा अर्थ यह है कि मोदी के पीएम पद तक पहुंचने का रास्ता बनाने के लिये इन बड़े नेताओं की बलि ली गई जिनका पार्टी के निर्माण से लेकर विकास में बड़ा योगदान था।

अब तीन चरणों का मतदान शेष है। लोकसभा की 379 सीटों पर मतदान हो चुका है। अब बची 164 सीटें। कहा तो यहां तक जाता है कि भाजपा को जो नुकसान होना है वह इन चार चरणों में हो चुका है। जिन सीटों पर मतदान बचा है, उनमें भाजपा के लिये किसी बड़े चमत्कार की आशा नहीं रह गई है। हो चुके नुकसान की भरपाई भी अब असम्भव बतलाई जा रही है। इन 10 वर्षों के दौरान सारे चुनाव मोदी के चेहरे पर लड़े गये हैं तो उनके विकल्प की तलाश लाजिमी है।

(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)

# कांग्रेस का आत्मविश्वास लौटा, भाजपा के खिलाफ अगले दौर की लड़ाई की तैयारी

■ कल्याणी शंकर

कई अन्य देशों की तरह, भारत में भी राजनीतिक दल अक्सर आधिकारिक परिणाम घोषित होने से पहले ही चुनाव के दौरान जीत का दावा करते हैं। यह उनकी राजनीति का हिस्सा है। भारत में चल रहे चुनाव कोई सामान्य राजनीतिक घटना नहीं हैं; वे देश के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, और साथ ही कई राजनीतिक दलों के नेताओं के भाग्य के लिए भी। उनके गहरे और दूरगामी निहितार्थ हैं।

मौजूदा हालात में सत्तारूढ़ भाजपा ने जीत का ऐलान करते हुए कहा है कि नतीजे उसकी उम्मीदों के मुताबिक होंगे। हालांकि, वास्तविक परिणाम अनिश्चित बना हुआ है, जिससे राजनीतिक परिदृश्य में रहस्य की परत जुड़ गई है। सात चरण के मतदान में से चार पहले ही हो चुके हैं, और शेष तीन चरण 20, 25 मई और 1 जून को होंगे। इनके नतीजे चुनाव परिणामों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं, जो 4 जून को सामने आयेंगे।

हालिया जनमत सर्वेक्षणों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इन चुनावों में तीसरी बार अभूतपूर्व जीत हासिल करने का अनुमान है। इस बात पर बहस चल रही है कि भाजपा की सीटें बढ़ेंगी या घटेंगी। नरेंद्र मोदी सहित भाजपा नेताओं का दावा है कि भाजपा के नेतृत्व वाला राजग 543 सदस्यीय लोकसभा में 400 से अधिक सीटें जीतेगा। गृह मंत्री अमित शाह का कहना है कि एनडीए पहले तीन चरणों में 283 में से 200 सीटें हासिल करेगा। कांग्रेस पार्टी ने केवल एक बार 1984 के लोकसभा चुनावों में 400 से अधिक सीटें जीती थीं। राजनीतिक खिलाड़ियों को गेम-चेंजिंग रणनीति की आवश्यकता है क्योंकि समर्थन की कोई स्पष्ट लहर नहीं है।

लाभ हासिल करने के लिए, भाजपा ने पांच प्रमुख रणनीतियों को लागू किया है- सेलिब्रिटी उम्मीदवारों का चुनाव लड़ना, हिंदू आधार को मजबूत करना, अल्पसंख्यक समूहों से अपील करना, विपक्ष द्वारा नियंत्रित क्षेत्रों में हिंदू वोटों को बनाये रखने के लिए फिर से बनाई गई सीमाओं का फायदा उठाना और मोदी को सर्वोच्च नेता के रूप में पेश करना।

कांग्रेस और उसके सहयोगीगैर-भाजपाई हिंदुओं को मजबूत करने का प्रयास करते हुए एक रणनीतिक कदम उठा रहे हैं। मौजूदा चुनाव में मतदान प्रतिशत में गिरावट देखी गई, और यह अभी भी विचार किया जा रहा है कि क्या इसमें सुधार होगा या गिरावट जारी रहेगी। भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने हाई-टेक शहरों में मतदाताओं की कठोर उदासीनता को उजागर करते हुए कुछ महानगरीय शहरों में मतदान पर निराशा व्यक्त की। यह चुनाव परिणामों को आकार देने में प्रत्येक मतदाता के महत्व को रेखांकित करता है।

ध्यान रहे कि राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री सीपी जोशी एक वोट से चुनाव हार गये थे। उनकी पत्नी और बेटी उनकी जीत की प्रार्थना करते हुए वोट देने से चूक गईं। इससे पता चलता है कि कैसे एक वोट भी चुनाव परिणामों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है।

यह किस्सा चुनाव परिणामों पर एक वोट के संभावित प्रभाव पर भी जोर देता है। भारत के कुछ हिस्सों में उच्च तापमान से चुनाव में मतदान कम हो सकता है। हालांकि, कम मतदान कभी-कभी सत्तारूढ़ पार्टी को नुकसान पहुंचा सकता है, क्योंकि स्थानीय मुद्दे परिणाम को प्रभावित कर सकते हैं।

भाजपा का लक्ष्य छह भारतीय राज्यों- पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल में अपनी राजनीतिक स्थिति में सुधार करना है। हालांकि, इसे क्षेत्रीय दलों से चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, जो राज्य चुनावों को प्रभावित करने और समग्र परिणामों को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं।

हाल ही में एक रैली के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनाव परिणामों की भविष्यवाणी में अनिश्चितताओं के बारे में बात की थी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर हिंदी में एक संदेश पोस्ट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने दोस्तों पर हमला किया, यह दर्शाता है कि मोदीजी की कुर्सी हिल रही है। सपा नेता अखिलेश यादव ने ट्वीट कर कहा कि पहले चरण के मतदान के बाद भाजपा की हालत खराब हो गई है।

कांग्रेस पार्टी की रणनीति मुख्य रूप से सामाजिक कल्याण और आर्थिक सशक्तिकरण से संबंधित है। इस सर्वव्यापी दृष्टिकोण का उद्देश्य मतदाताओं की प्राथमिक चिंताओं को दूर करना है और इसमें मतदाताओं के एक विशाल वर्ग से जुड़ने की क्षमता है। यदि इसे मतदाताओं का समर्थन मिलता है तो यह चुनाव परिणामों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है।

**कांग्रेस पार्टी की रणनीति मुख्य रूप से सामाजिक कल्याण और आर्थिक सशक्तिकरण से संबंधित है। इस सर्वव्यापी दृष्टिकोण का उद्देश्य मतदाताओं की प्राथमिक चिंताओं को दूर करना है और इसमें मतदाताओं के एक विशाल वर्ग से जुड़ने की क्षमता है। यदि इसे मतदाताओं का समर्थन मिलता है तो यह चुनाव परिणामों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है।**

कांग्रेस पार्टी की चुनौती अपने सदस्यों को एकजुट रखना है। मोदी के उदय के बाद से, राज्य के नेताओं सहित कई राजनेता भाजपा में शामिल हो गये हैं। इनमें से कुछ को भाजपा ने टिकट दिया है। यह देखना बाकी है कि मतदाता इन दलबदलुओं के साथ कैसा व्यवहार करते हैं।

कांग्रेस के भीतर आंतरिक विवाद वर्तमान में एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है। प्रतिद्वंद्वी पार्टियों से संबंधों के आरोप वफादारी पर सवाल उठाते हैं। वे पार्टी की एकता को प्रभावित कर सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप आगामी चुनावों में उनके प्रदर्शन पर असर पड़ सकता है। इसलिए, चुनाव में उनकी संभावनाओं की अधिक सटीक समझ हासिल करने के लिए पार्टी के भीतर किसी भी घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रखना महत्वपूर्ण है।

राजनीतिक नेताओं के प्रतिद्वंद्वी दलों के साथ संबंधों ने उनकी वफादारी को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। 2016 से 2020 के बीच 170 कांग्रेस विधायकों और 7 राज्यसभा सदस्यों ने पार्टियां बदल लीं, जिससे भारतीय राजनीति पर असर पड़ा। इससे उनकी निष्ठा को लेकर भ्रम और संदेह पैदा हो गया है। उन पर आरोप इन नेताओं और उनकी पार्टियों के बारे में मतदाताओं की धारणा को प्रभावित कर सकते हैं।

भारत के सट्टा बाज़ार में भाजपा 330 से 335 सीटें जीतेगी पर 1350 रुपये की बोली लग रही जबकि 400 सीटें जीतेगी पर 12-15 रुपये। एनडीए 400 या उसके अधिक सीटें जीतेगी पर 4-5 रुपये की बोली लग रही है। ये भविष्य वाणियां चुनाव परिणामों के बारे में बाजार की धारणा को प्रतिबिंबित करते हैं जो राजनीति को भी प्रभावित कर सकता है। मंगलवार को भारत के स्टॉक बेंचमार्क में 1.5 प्रतिशत की गिरावट आई क्योंकि निवेशकों ने यह चिंता व्यक्त करते हुए अपना दांव घटा दिया कि भाजपा को अनुमान के मुताबिक ज्यादा सीटें नहीं मिल सकती हैं। अब सब कुछ 4 जून के नतीजों पर निर्भर है।

## विश्व परिवार दिवस

# नए स्वरूप में दिख रही संयुक्त परिवार की अवधारणा

आज हम जिस परिवर्तनशील युग में जी रहे हैं वहां संयुक्त परिवारों ने नवीनता को अंगीकार करते हुए नया अवतार लिया है। ऐसे बड़े परिवार जिनमें सदस्यों की संख्या इतनी अधिक हो चुकी है कि उनका एक ही छत के नीचे रह पाना संभव नहीं हो पा रहा है।

एक बड़े और एकजुट परिवार का विचार आज नहीं सदियों से भारतीय सामाजिक संरचना का हिस्सा रहा है। अतीत में झांकें तो संयुक्त परिवार एक सामान्य परिवार था। जैसे-जैसे समय ने अंगड़ाई ली वैसे-वैसे परिवार की मूल अवधारणा भी तेजी के साथ परिवर्तित हुई। यहीं से एकल परिवार की धारणा को बल मिला! परिवार बढ़ने और स्थान कम पड़ने के कारण एक दूसरे पर मर मिटने वाले भाइयों के परिवार अलग-अलग रहने लगे। मैं इसे संयुक्त परिवार की टूटन नहीं मानता हूं दूर रहकर भी सभी भाई-बहन एक दूसरे के सुख-दु:ख के सहभागी हों तो इसे हम आधुनिक युग के नए संयुक्त परिवार की संज्ञा दे सकते हैं। आज से पांच दशक पूर्व तक संयुक्त परिवार बेहद आम थे। इसका कारण यह था कि परिवार के सदस्यों की जरूरतें सीमित थीं। तेजी से करवट लेने वाले अत्याधुनिक समय में अब हर सदस्य को उसके कमरे में रंगीन टी वी, फ्रिज, कंप्यूटर जैसी सुविधाएं चाहिए। पहले इन विलासिताप्रिय वस्तुओं का आविष्कार या तो नहीं हुआ था या फिर यह केवल पूंजीपतियों तक सीमित था। आज के समय में आय के संसाधनों में वृद्धि हुई है इसी के साथ लोगों की इच्छाएं भी बलवती हुई हैं। अब वह बात दिखाई नहीं पड़ती जब परिवार में एक ही छत के नीचे रहने वाले एक कमरे में संयुक्त रूप से टी वी कार्यक्रमों का आनंद लिया करते थे। एक - दूसरे की तकलीफ और खुशियों का आदान-प्रदान हुआ करता था।

इस सच्चाई से मुंह नहीं फेरा जा सकता है कि संयुक्त परिवार किफायती हुआ करते थे। कारण यह कि सामूहिक जीवन से घरेलू खर्चों में नियंत्रण रखा जा सकता था साथ ही कुल बजट, आय के कई स्रोतों से पूरा हो जाता था। इसी के चलते मजबूत आंतरिक संबंधों और अपनेपन की भावना को भी ताकत मिली। परिवार के वृद्धजनों को यह विश्वास था कि उनके असहाय होने पर परिजनों का सहयोग प्राप्त होगा और आपातकालीन स्थिति में उनकी बेहतर देखभाल की जायेगी। फिल्म और साहित्य जैसे मीडिया ने संयुक्त परिवार को उच्च सम्मान दिया। देखा जाए तो अत्याधुनिक शहरीकरण, पारंपरिक संयुक्त परिवार संरचना को भेदने में खतरनाक भूमिका निभाते रहे हैं ! सुमधुर सायरन की आवाज बनकर शहरों ने लोगों को अपनी स्थापित पारिवारिक संरचनाओं से दूर तथा अधिक व्यक्तिवादी जीवनशैली की ओर खींचा है। शहरीकरण ही वह विकास की धारा है जिसने लोगों के जीवन में अमूर्त परिवर्तन लाया है! पारिवारिक मूल्यों में बदलाव वाली परंपरा ने आधुनिकीकरण और कुछ हद तक आत्मनिर्भरता की भावना को जन्म दिया, जो संयुक्त परिवार के अनेक मूल पहलुओं के खिलाफ है। एक बदलाव जो छोटे एकल परिवारों के संदर्भ में समझ में आता है, वह है परिवार के फैलाव के लिए जगह की कमी। हम अभी भी कह सकते हैं कि इस तरह की समस्या ने पूरी तरह से संयुक्त परिवारों को खत्म नहीं किया है।

**एस के मिश्रा**

## आपके पत्र

# वनों का विनाश मानव भविष्य के लिए विनाशकारी

वर्तमान में पृथ्वी तथा प्राकृतिक संसाधनों के विनाशकारी जलवायु परिवर्तन की गति तथा उसके प्रभाव में गति की तीव्रता तेजी से महसूस की जाती रही है। इसका और कोई कारण ना होकर मानव की अवांछित गतिविधियां ही हैं। जिनमें मूलत: वन का विनिष्टिकरण, जीवाश्म ईंधन का ताबड़तोड़ प्रयोग, नई कृषि नीति तथा पद्धति की तीव्रता से होते हुए उद्योगों की संरचना और कांक्रीट के जंगलों यानी शहरों का विस्तारीकरण बड़े कारण हैं। औद्योगिक क्रांति के बाद विज्ञान से उत्पादित औद्योगीकरण के विकास के साथ मनुष्य ने वायुमंडल के प्रक्रियागत प्रभाव में बदलाव लाना शुरू किया है, जिसके फलस्वरूप पृथ्वी में भूमंडलीय ऊष्मा का विस्तार ओजोन परत का क्षरण, असामयिक बाढ़,अकाल का आना अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा में वृद्धि से हरित गृह प्रभाव की घटना प्रभावित हुई है। ग्रीन हाउस इफेक्ट पृथ्वी की एक सामान्य प्रक्रिया है जिसके कारण पृथ्वी का निचला स्तर मंडल गर्म बना रहता है. तथा जीवन के अनुरूप वायुमंडल में वातावरण जीवन उपयोगी तथा जीवन के अनुकूल बना रहता है। किंतु ग्रीन हाउस इफेक्ट में बदलाव आने के साथ ही मनुष्य के सामने जलवायु परिवर्तन की बड़ी समस्या सामने आई है। इस तरह के परिवर्तन से ही पृथ्वी की परत को हमें बचाना होगा जिससे हम अति उष्णता, गर्म जलवायु और कम उत्पादन की विभीषिका से मानव को बचा सकते हैं।

विश्व में विकासशील देश दोहरी चुनौतियों से जूझ रहे हैं, पहली भुखमरी यानी कि गरीबी दूसरी जलवायु में तीव्र परिवर्तन और यह दोनों एक दूसरे से गहरे संबंधित हैं। विकासशील तथा गरीब राष्ट्र एक ओर गरीबी तथा भुखमरी से लड़ाई लड़ रहे हैं एवं गरीबी से छुटकारा पाकर गरिमामय जीवन जीना चाहते हैं इसके लिए वे अपने प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करके विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का प्रयास करते हैं जिससे इनके सम्मुख कई चुनौतियां उत्पन्न हो जाती है। इनके पास पर्याप्त रूप से आर्थिक वित्तीय पूंजी की कमी साथ ही उन्नत तकनीक का अभाव भी है। ऐसे में यह विकासशील राष्ट्र के विकास हेतु परंपरागत विकास साधनों पर आश्रित हो जाते हैं, जैसे विद्युत उत्पादन के लिए कोयले का उपयोग करना, वाहनों में प्रयुक्त ईंधन की गुणवत्ता का निम्न होना, कारखानों की पुरानी मशीनों द्वारा कार्बन, सल्फर, नाइट्रोजन आदि तत्वों की बड़ी मात्रा में वायु को उत्सर्जित करना आदि आते हैं। इन सब के कारण ग्रीन हाउस गैसें निर्मित होने से ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन घटनाओं को तीव्रता प्राप्त होती है। जलवायु परिवर्तन के कारण वैश्विक तापक्रम जैसे कारकों में बहुत तेजी से परिवर्तन होता आया है। इसके पश्चात वर्षा की अनिश्चितता तथा अनियमितता में वृद्धि हुई है साथ ही बाढ़, सूखा, अकाल सुनामी, हिमस्खलन-भूस्खलन जैसी प्राकृत आपदाओं का कई देश हर वर्ष सामना करते आ रहे हैं। उनके सम्मुख बड़ी विकट स्थिति उत्पन्न होती आई है, और यही प्राकृतिक आपदाएं उन देशों को फिर से गरीबी के दलदल में ढकेल देती है जहां भुखमरी का बोलबाला होता है। विश्व में कुछ देश ऐसे हैं जिनमें जिम्बाब्वे, सीरिया,लीबिया, सोमालिया तथा अधिकांश अफ्रीकी देश, दक्षिण एशियाई लैटिन अमेरिकी देशों में भोजन,रोटी के लिए लंबी-लंबी लाइन लगती देखी गई है। दूसरी तरफ विकसित और अमीर देशों में भी लाइन लगती है, लेकिन वहां पर विडंबना यह है कि यह लाइन रोटी के लिए नहीं बल्कि आईफोन, स्मार्टफोनऔर गैजट्स के लिए लगाई जाती है।

अनेक गरीब देशों में सबसे बड़ा संकट विकास बनाम पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे को लेकर सामने आया है। जहां यह देश विकास की इच्छा तो रखते हैं पर दूसरी और विकसित देश गरीब देशों को पर्यावरण संरक्षण की सीख दे कर इनके संसाधनों पर रोक लगाने का प्रयास करते हैं।

**संजीव ठाकुर**

उल्टा पुल्टा

टीटू - तुम ऑपरेशन कराए बिना ही हॉस्पिटल से क्यों भाग गए ?

शीटू - नर्स बार-बार कह रही थी कि डरो मत, हिम्मत रखो, कुछ नहीं होगा.. ये तो बस एक छोटा सा ऑपरेशन है.

टीटू- तो इसमें डरने वाली कौन सी बात है ? सही तो कह रही थी नर्स।

शीटू- वो मुझसे नहीं डॉक्टर से कह रही थी।

# सिम्स अस्पताल की सुरक्षा एजेंसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

## अस्पताल के एसी से कॉपर वायर चोरी होने का मामला,कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर कार्रवाई







### अस्पताल के प्रवेश द्वार पर मरीजों को मिलेगी स्ट्रेचर और व्हील चेयर की सुविधा

### कलेक्टर ने किया सिम्स का औचक निरीक्षण

**बिलासपुर,** 14 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर ने विगत दिनों सिम्स अस्पताल में लगे एसी के कॉपर वायर चोरी होने की घटना को गंभीरता से लिया है। उनके निर्देश पर अस्पताल प्रशासन द्वारा अस्पताल की सुरक्षा एजेंसी बुंदेला सर्विसेस के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी। कलेक्टर ने सभी 18 एसी के अविलंब मरम्मत के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आज सुबह सिम्स अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए अस्पताल के प्रवेश द्वार पर ही मरीजों के लिए स्ट्रेचर और व्हील चेयर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ओपीडी के सामने भी मरीजों के लिए स्ट्रेचर और व्हील चेयर उपलब्ध कराने कहा। उन्होंने निरीक्षण के दौरान स्वयं यह व्यवस्था मौके पर तत्काल करवाई। व्हील चेयर और



सिम्स के आईसीयू वार्ड से चोरी हुआ 42 एसी का कॉपर वायर,झुलस रहे मरीज और परिजन

अब तक नहीं कराया एफआईआर

बिलसापुर,13 मई (देशबन्धु)। संभाग के सबसे बड़े अस्पताल सिम्स की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है। यद्यपि हाईकोर्ट की नजर सिम्स की एक एक गतिविधियों पर है। बावजूद इसके करामातियों ने नया कारनामा कर दिया है। प्रबंधन के नाक के नीचे से आईसीयू मेल वार्ड 3 में लगे करीब 42 एसी का कापर वायर पार कर दिया है। मामला करीब 10 दिन पुराना है। आज तक मरीज और परिजन 42 डिग्री पारा में झुलसने को मजबूर हैं। बहरहाल सोमवार को टीएल बैठक में कलेक्टर अवनीश शरण के फटकार के बाद प्रबंधन की बैचैनी बढ़ गयी है। बावजूद इसके प्रबंधन ने अभी तक चिन्हित चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज नहीं किया है।जानकारी देते चलें कि सिम्स इस समय हाईकोर्ट और कलेक्टर के निगरानी में है। बावजूद इसके सिम्स के साथ मरीजों और परिजनों का दर्द कम होने का नाम नहीं ले रहा है। सिम्स में तीसरे फ्लोर स्थित आईसीयू के मेल वार्ड 3 के 42 एसी का कॉपर वायर चोरी हो गयी है। पिछले दस दिनों से कोई भी एसी नहीं चल रहा है। मजेदार बात है कि अभी तक किसी एसी का फ्री भी नहीं निकला है। लेकिन सभी का कॉपर वायर चोरी हो गया। इसके चलते आईसीयू की हालत बद से बदतर स्थित में है। मरीजों को पंखों से गर्म हवा दी जा रही है। इसके चलते बाहर के 42 डिग्री पारा से कहीं अधिक आईसीयू का पारा बढ़ गया है। आईसीयू में इलाज करा रहे मरीज और डॉक्टर पसीने पसीने हैं। 42 डिग्री पारा के बीच परिजन सिम्स के कारि़डोर में अपने हाथों पंखा झेलने को लाचार हैं। बताते चलें कि कोरोना काल के दौरान सिम्स स्थित आईसीयू मेल वार्ड 3 का निर्माण किया गया। मरीजों के लिए तत्कालीन सरकार ने नये वार्ड में कुल 42 एसी लगवाया। कई एसी का अभी तक फ्री भी नहीं उतरा है। लेकिन प्रबंधन के ही लोगों ने वार्ड में लगे 42 एसी का कॉपर वायर पार कर दिया है। जिसके चलते सभी एसी पिछले दस दिनों से बन्द हैं। कर्मचारी ने बताया नहीं आते सीनियर नाम नहीं छपने की सूरत में अस्पताल से रिश्ता रखने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि एसी नहीं चल रही है। इसकी प्रबंधन को है। बावजूद इसके ध्यान नहीं दिया गया। आईसीयू में क्षमता से अधिक हैं। सभी को पंखे के सहारे 42 डिग्री पारा का सामना करना पड़ रहा है। परिजनों की हालत भी बीमारों जैसी है। जूनियार डाक्टर भी ऐसी स्थिति में काम करने को मजबूर हैं। सीनियर डाक्टर कुछ पलों के लिए आते हैं। इसके बाद कब आएँगे उनकी मर्जी पर है। दबाने का किया गया प्रयास

व्यक्ति ने बताया कि मामले को दबाने का प्रयास किया गया। लेकिन सोमवार को टीएल बैठक में कलेक्टर ने प्रबंधन को जमकर फटकारा। उन्होने कहा कि हम खुद सिम्स देखने जाएँगे। बैठक के बाद सिम्स के डीन बेचैन हैं। उन्होने तत्काल एसी को सुधारने का आदेश दिया है।

टीएल बैठक में कलेक्टर की फटकार

मंथन में टीएल बैठक में कलेक्टर अवनीश शरण ने सिम्स प्रबंधन और डीन को जमकर फटकारा। उन्होने कहा कि घर की ऐसी का कापर वायर क्यों चोरी नहीं होती । सवाल उठता है कि हमेशा भीड़भाड़ वाले अस्पताल से 42 एसी का कापर वायर कैसे चोरी हो गया। मैं मंगलवार को सिम्स पहुंच रहा हूं। इसके अलावा कलेक्टर ने तत्काल एसी ठीक करने को कहा है। इस दौरान डीन ने संविदा कर्मचारियों की तरफ कापर वायर चोरी का अँदेशा जाहिर किया।

कलेक्टर निरीक्षण को लेकर हलचल

टीएल बैठक में कलेक्टर की फटकार और निरीक्षण की बात को लेकर सिम्स प्रबंधन में हलचल मच गयी है। मजेदार बात यह है कि ना केवल मेल वार्ड 3 का बल्कि अन्य वार्डों के भी एसी नहीं चल रहे हैं। जिसको लेकर डीन के.के.सहारे और प्रबंधन बेचैन हो गया है।

स्ट्रेचर उपलब्ध होने की सुविधा संबंधी सूचना भी लगाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अस्पताल में घूम-घूमकर व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने अस्पताल में पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाये जा रहे टॉयलेट को हर हाल में इस महीने की 25 तारीख तक पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि अस्पताल में बनाए गए किचन शेड में ही मरीजों के परिजन भोजन बनाएं। कलेक्टर ने आपात चिकित्सा मेल एवं फीमेल वार्ड का जायजा लिया। मरीजों से चर्चा कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। गनियारी से आए मरीज श्री राम रतन सूर्यवंशी ने बताया कि यहां ठीक से इलाज हो रहा है। खाना भी समय पर मिल रहा है। बिल्हा के अनिल कुमार ने बताया कि दवाई समय पर मिल रही है। कलेक्टर ने लेबर वार्ड का भी जायजा लिया। वहां कूलर में पानी की व्यवस्था न होने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की।

उन्होंने कहा कि सभी की जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए स्पष्ट कार्य विभाजन करने कहा। फीमेल वार्ड का भी निरीक्षण कर मरीजों को मिल रहे इलाज की जानकारी ली। काठाकोनी से आई श्रीमती वंदना राजपूत से अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के बारे में पूछा। श्रीमती राजपूत ने सुविधाओं पर संतुष्टि जाहिर की। कलेक्टर ने इसके अलावा एमआरडी कक्ष, आई वार्ड, आईसीयू, मनोरोग वार्ड, टीबी चेस्ट वार्ड, मेल मेडिकल वार्ड सहित अस्पताल के अन्य वार्डों का बारीकी से निरीक्षण किया। कलेक्टर ने अस्पताल में नियमित साफ सफाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल अधीक्षक एसके नायक, उप अधीक्षक डॉ. विवेक शर्मा सहित पीडब्ल्यूडी एवं सीजीएमसी से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## संपादकीय

### नक्सल हिंसा के शिकार होते बच्चे

*छत्तीसगढ़ में माओवाद की बड़ी समस्या है जिसके उन्मूलन के लिये न केवल वर्तमान सरकार प्रयासरत है वरन पिछली सभी सरकारों ने अपनी समझ व क्षमता के अनुसार समाप्त करने की कोशिशें की हैं। कुछ को अधिक सफलता मिली तो कुछ को अपेक्षाकृत कम कामयाबी मिली होगी लेकिन किसी की मंशा पर सवाल नहीं किया जा सकता क्योंकि कोई भी सरकार इसे बढ़ावा नहीं देना चाहेगी। इसी तरह नक्सली कभी बड़ी कार्रवाइयां करने में कामयाब हो जाते हैं, तो कभी वे पुलिस के हत्थे चढ़ जाते हैं या मारे जा रहे हैं। हाल ही में पुलिस को बड़ी संख्या में माओवादियों को मार गिराने में सफलता मिली है तथा अनेक नक्सली आत्मसमर्पण भी कर चुके हैं। इन मुठभेड़ों का एक दुखद पहलू यह होता है कि कई बार निर्दोष लोग भी परस्पर गोलीबारी का शिकार हो जाते हैं। पिछले दिनों एक बच्ची की पुलिस व नक्सलियों की मुठभेड़ में गोली लगने से मौत हो गई थी। ऐसी ही एक घटना सामने आई है जिसमें खिलौना समझकर हैंड ग्रेनेड से खेलते वक्त दो बच्चे मारे गये। बीजापुर जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक में बोड़मा गांव में करीब एक माह पहले पुलिस की नक्सलियों से मुठभेड़ हुई थी। जहां यह मुठभेड़ हुई थी वहां एक खेत में ग्रेनेड लांचर छूट गया था। वहां सोमवार की सुबह तेंदू पत्ता संग्रहण करने गये गांव वालों के साथ लक्ष्मण पोयाम (13) और बोटी ओयाम (6 वर्ष) को खेत में मोर्टार मिला। उन्होंने इसे खिलौना समझकर उसका पिन खींच लिया जिससे वह फट गया। इससे दोनों की मौके पर मौत हो गई। लोगों में इससे रोष है। पुलिस ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। देखना होगा कि यह नक्सलियों का कृत्य था या पुलिस वालों का। निश्चित रूप से यह बड़ी लापरवाही है जिसका खामियाजा दो मासूमों को अपने प्राण गंवाकर उठाना पड़ा है। पुलिस को इसकी गहन जांचकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिये। वैसे तो नक्सलवाद का पूरा खात्मा इसलिये भी ज़रूरी है क्योंकि पिछली लगभग आधी शताब्दी से जारी इस कथित आंदोलन में अब तक न तो कुछ हासिल हुआ है और न ही बहुत कुछ मिलने जा रहा है। लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं है और माओवादी जो कुछ आदिवासियों के लिये प्राप्त करना चाहते हैं उन्हें कोई चुनी हुई सरकार ही दे सकती है। जिस तरह से लोकतांत्रिक प्रणाली में ही अविश्वास व्यक्त करने वाले माओवादी हिंसा व रक्तपात को बढ़ा रहे हैं, उससे आदिवासियों को इसी तरह की कीमत चुकानी पड़ रही है। ग्रेनेड वहां तक पहुंचने का कारण नक्सलियों से होने वाली मुठभेड़ ही है। इसलिये मौजूदा राज्य सरकार द्वारा उनसे वार्ता की जो बात कही जाती है, उसका स्वागत किया जाना चाहिये ताकि कोई निर्दोष की बलि न चढ़ें।*

## सार-संक्षेप



### भारत स्काउट-गाइड द्वारा रेलवे परिक्षेत्र के मुख्यालय में खोला गया प्याऊ घर

**बिलासपुर** ,14 मई (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, भारत स्काउट एवं गाइड, जिला मुख्यालय बिलासपुर के जिला आयुक्त अनुराग कुमार सिंह (वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक) के मार्गदर्शन तथा दिलीप स्वाई, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट), द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर एवं पी मुरली मोहन राव जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर, के नेतृत्व में क्षेत्र में बढ़ती गर्मी को देखते हुए बिलासपुर रेलवे स्टेशन के निकट स्थित, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे भारत स्काउट एवं गाइड के जिला मुख्यालय के सामने दिनांक 12 मई रविवार के दिन से प्याऊ घर खोलकर राहगीरों को भीषण गर्मी से राहत दिलाने शीतल जल के साथ नीबू पानी पिलाया जा रहा है 7 सेवा के नाम से मशहूर स्काउट-गाइड के विद्यार्थी बढ़ती गर्मी के मौसम में राहगीरों को शीतल जल पिला कर गर्मी से राहत दिलाने में महती भूमिका निभा रहे हैं । इस पुनीत कार्य में जिला संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती जी ज्योति देव तथा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, जिला मुख्यालय बिलासपुर के विभिन्न दलों के प्रशिक्षक और विद्यार्थी भी उपस्थित होकर सहयोग कर रहे हैं, यह सेवा पूरे ग्रीष्मकाल तक जारी रहेगा । जिला आयुक्त एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के निर्देशानुसार इस सेवा कार्य के दौरान आने वाले दिनों में आम पना तथा मठा आदि भी पिलाने की योजना है । इसके साथ ही नौतपा के भीषण गर्मी के समय स्काउट-गाइड के विद्यार्थियों द्वारा बिलासपुर रेलवे स्टेशन में रेल यात्रियों को शीतल पेय जल उपलब्ध कराने की भी तैयारी की जा रही है।

### आज एआरटी साईडिंग के सामने की रोड आम जनता के आवागमन हेतु बंद रहेगी

**बिलासपुर** ,14 मई (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मण्डल द्वारा बिलासपुर स्टेशन के एआरटी साईडिंग में दिनांक 15 मई 2024 को प्रात: 10 बजे से सवारी गाडियों के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण उत्पन्न हुई आपातकालीन स्थिति में कम से कम समय में राहत और बचाव कार्य का प्रदर्शन राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (ह्ष्ठक्रस्न), मंडल संरक्षा विभाग एवं रेल आपदा प्रबंधन टीम द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा । इसके अंतर्गत दुर्घटना राहत उपकरणों की कार्य पद्धति एवं आपदा प्रबंधन टीम की तत्परता व क्रियाशीलता परखी जाएगी । इस दौरान मुख्यालय व मंडल के अधिकारी गण भी उपस्थित रहेंगे।

इस अभ्यास प्रदर्शनी के फलस्वरूप 15 मई 2024 को प्रात: 06 बजे से शाम 04 बजे तक बिलासपुर स्टेशन के एआरटी साईडिंग के सामने रोड़ (मधुबनी रोड़) को आम जनता के आवागमन हेतु प्रतिबंधित करने का निर्णय रेलवे प्रशासन द्वारा लिया गया है । इस दौरान आम जनता के आवागमन हेतु वैकल्पिक मार्ग तारबहार रोड़ उपलब्ध है। अत: रेलवे प्रशासन आम जनता से आग्रह करता है कि इस दौरान आवागमन हेतु तारबहार रोड़ का उपयोग करें।

# तलवार लहराकर लोगों को डराने वाला युवक पकड़ाया



**बिलासपुर,** 14 मई (देशबन्धु)। सिविल लाइन पुलिस को मुखबीर सूचना मिला की तैयया चैक तालापारा में मुदस्सीर उर्फ मुसाफिर उर्फ राजा अहमद नामक व्यक्ति लोहे का एक धारदार तलवार लेकर सार्वजनिक जगह तैयया चैक तालापारा में तलवार लहराते हुए लोगों को डरा धमका कर भयभीत कर रहा है। थाना प्रभारी सिविल लाईन प्रदीप आर्य द्वारा हमराह स्टाफ के मौके पर पहुंचा जहाँ एक व्यक्ति लोहे का तलवार दिखाकर लहराते हुए लोगों को डरा धमका रहा था। जिसे घेराबंदी कर पकडकर हिरासत में लेकर उसे पुछताछ करने पर अपना नाम मुदस्सीर उर्फ मुसाफिर उर्फ राजा अहमद पिता मंजूर अहमद उम्र 20 वर्ष निवासी तैयया चेक तालापारा थाना सिविल लाईन बिलासपुर (छ.ग.) का निवासी होना बताया जिसके कब्जे से एक नग लोहे का तलवार को विधिवत जप्त कर धारा 25, 27 आर्मस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

# मवेशी तस्करों के विरूद्ध बिलासपुर पुलिस का प्रहार जारी

### मवेशी तस्कर इक़बाल कुरैशी एवम साहेबलाल कुर्रे को किया गया गिरफ्तार

### संगठित तरीके से हथियारों के साथ मवेशियों की तस्करी कर भेजते थे बूचड़खाना

### महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश , बिहार से जुड़े है इन तस्करों के तार

### तस्करी के लिए साथ रखे देसी कट्टा एवम दो नग राउंड किया जब्त



**बिलासपुर,**14 मई (देशबन्धु)। मवेशी तस्करी करने वाले तस्करो के विरूद्ध बिलासपुर पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के के निर्देशन में लगातार प्रहार किया जा रहा है। थाना मस्तूरी मे अपराध क्रमांक 437/2023 धारा-छ.ग. कृषक पशु परिरक्षण, अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। मवेशी तस्करों पर हुई कार्यवाही के दौरान पूछताछ में जानकारी मिली कि थाना मस्तूरी के अपराध में इक़बाल खान एवम साहेब लाल कुर्रे की संलिप्तता है। दोनों आरोपियों की पता तलाश किये जाने के दौरान मुखबीर सूचना पर ग्राम रिसदा मुख्य मार्ग में साहेब लाल अपने क्रेटा कार से अपने साथी इकबाल कुरेशी के साथ जाने की सूचना पर घेरा बंदी कर दोनों को हिरासत में लिया गया। आरोपी इकबाल कुरैशी की तलाशी लेने पर उसके पहने कपड़े के अंदर से एक नग देशी कट्टा तथा दो नग जिंदा कारतूस बरामद किया गया , जिसे मौके पर जप्त किया गया ।साथ ही दोनों आरोपियों के मोबाइल को भी जप्त किया गया है ।साहेब लाल कुर्रे की क्रेटा कार क्रमांक ष्द् 10 क्च्छ् 3848 को भी जप्त किया गया । प्रकरणमें धारा 25 आर्म्स एक्ट जोड़ा गया है। प्रकरण के आरोपियों द्वारा धारा सदर का अपराध घटित करना सबूत पाये जाने से दोनो आरोपियों को दिनाँक 12.05. 24 को विधिवत गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना उसके परिजन को दिया गया है तथा दोनों ही आरोपीयों से विस्तृत पूछताछ करने के लिए एक दिन का पुलिस रिमाण्ड लिया गया है उनसे पूछताछ कर उनके अन्य साथियों के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की जा रही है। मवेशी तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक बिलासपुर ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमती अर्चना झा और एसडीओपी निमितेश सिंह की सराहना की ।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मस्तूरी रवींद्र अनंत , थाना मस्तूरी स्टाफ, ए सी सी यू स्टाफ़ की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# सीयू युवा विश्वविद्यालय श्रेणी में अंतरराष्ट्रीय अकादमिक मानचित्र पर चमका- प्रो. चक्रवाल

## टाइम्स यंग यूनिवर्सिटी वर्ल्ड रैंकिंग में सीयू ने लहराया परचम







**बिलासपुर,**14 मई (देशबन्धु)। गुरू घासीदास विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) द टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग में 401-500 के बैंड में शामिल होकर अंतरराष्ट्रीय अकादमिक मानचित्र पर चमक उठा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल के सशक्त, दूरदर्शी एवं लोकप्रिय नेतृत्व व कुशल मार्गदर्शन में पिछले लगभग तीन वर्षों में किये गये अनवरत प्रयास तथा निरंतर सकारात्मकता के परिणाम स्वरूप सफलता मिल रही हैं। यह पहला अवसर है जबकि गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय ने द टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भागीदारी की। यूनाइटेड किंगडम से प्रकाशित होने वाली विश्व प्रसिद्ध पत्रिका टाइम्स हायर एजुकेशन प्रतिवर्ष विश्व की नवसृजित उच्च शिक्षण संस्थानों की रैंकिंग को जारी करता है। इससे पहले दिनांक 25 अप्रैल, 2024 को नैक द्वारा गुरु घासीदास विश्वविद्यालय को ए++ रैंकिंग प्रदान की थी।विश्व रैकिंग में स्थान पाने पर कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने हर्ष व्यक्त करते हुए शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग एवं अथक परिश्रम के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि शोध, अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार निरंतर आगे बढ़ रहा है। नैक ए++ रैंकिंग के बाद विश्वविद्यालय में नई ऊर्जा का संचार हुआ है जिसका परिणाम इस अंतरराष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग में साफ परिलक्षित हो रहे है। कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 उच्च शिक्षा संस्थानों को भारतीय गौरवशाली एवं वैभवशाली ज्ञान परंपरा के निर्वहन के साथ ही वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा के अंतरराष्ट्रीयकरण एवं वैज्ञानिकता लागू करने के लिए प्रेरित करती है। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के उच्च शिक्षण संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन कर विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वावलंबी छत्तीसगढ़ योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को उद्योगों की जरुरूत के मुताबिक तैयार कर आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कुलपति प्रो. चक्रवाल ने कहा कि उद्यमिता एवं स्टार्ट अप की दिशा में भी विश्वविद्यालय ने नये आयाम छुए हैं। इनोवेशन सेंटर, कौशल विकास केन्द्र एवं टेकनालॉजी इनेबलिंग सेंटर की स्थापना के साथ ही विश्वविद्यालय ने अद्वितीय स्टार्ट अप इकोसिस्टम तैयार किया है जिसने समन्वित प्रयासों के माध्यम से शोध एवं विकास केन्द्र के मार्गदर्शन में दो जी8 कंपनियों के माध्यम से छात्रों द्वारा उत्पादन एवं विपणन की व्यवस्था शुरू की है तथा 15 से ज्यादा स्टार्ट अप प्रारंभ किये हैं।

### 166 देशों के 5 लाख शिक्षाविदों ने दिया वोट

रैंकिंग की विश्वसनीयता को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए द टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग द्वारा 166 देशों के 5 लाख शिक्षाविदों से उनकी राय ली है। दुनियाभर के 68 हजार संस्थानों के इन शिक्षाविदों का शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान है।

### 50 साल से कम आयु के संस्थान होते हैं शामिल

उल्लेखनीय है कि इस रैंकिंग में 50 साल या उससे कम अवधि में स्थापित उच्च शिक्षा संस्थानों को शामिल किया जाता है। भारत से इस रैंकिंग में 84 युवा संस्थानों ने भागीदारी की थी जिसमें गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय को 37वां स्थान प्राप्त हुआ है।

### रैंकिंग में मूल्यांकन के बिंदु

शोध की गणुवत्ता, उद्योगों के साथ संबंध, अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण, शोध एवं शैक्षणिक वातावरण विषयों के आधार पर दी जाती है रैंकिंग।

### 2018-2022 के शोध पत्र हुए शामिल

इस रैंकिंग में वर्ष 2018-2022 के बीच में प्रकाशित शोध पत्रों को शामिल किया गया है। 16.5 मिलियन शोध प्रकाशनों में 134 मिलियन साइटेशन का विश्लेषण किया गया। इस सर्वे में 27,950 पीयर रिव्यूड जर्नल्स को शामिल किया गया।

## सार-संक्षेप

### तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकराई, दो की मौत, एक गंभीर

**कोरबा-पाली,** 14 मई (देशबन्धु)। पाली थाना अंतर्गत ग्राम पुटा के पास बाइक सवार तीन लोग दुर्घटना का शिकार हो गए हादसे में पिता-पुत्र सहित तीन लोग पेड़ से टकरा गए। घटना में दो लोगों की मौत हो गई।

बताया गया कि नारायण सिंह 58 वर्ष के घर ग्राम देवरी निवासी व रिश्ते में भतीजा राजा गोंड़ आया था। सोमवार को नारायण सिंह 58 वर्ष, उसका पुत्र राजू सिंह 35 वर्ष और रिश्तेदार राजा गोंड़ बाइक क्रमांक-सीजी 10 एयू-8568 पर सवार होकर अपने घर से गांव के दूसरी छोर पर बनाए गए घर की ओर जा रहे थे। इस दौरान बाइक राजा गोंड़ चला रहा था। गांव के करीब बाइक सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। बाइक पर सवार तीनों युवक सिर के बल पेड़ से जा टकराये और सिर में गंभीर चोट लगने से नारायण सिंह और राजा गोंड़ की मौत हो गई जबकि राजू गोंड़ को गंभीर हालत में पाली के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी नाजुक स्थित को देखते हुए प्राथमिक उपचार बाद सिम्स बिलासपुर रेफर कर दिया गया। इधर दूसरी तरफ पाली पुलिस ने दुर्घटना की सूचना उपरांत आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम बाद परिजनों के सुपुर्द किया।

### पत्नी के साथ बाजार गए युवक पर चाकू से हमला

**कोरबा**-पसान, 14 मई (देशबन्धु)। पत्नी के साथ बाजार गए युवक के गले पर नकाबपोश युवक ने चाकू से वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को प्रचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार पसान थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत पसान के आश्रित मोहल्ला तेलियामार का यह मामला है। ग्राम लाटा निवासी युवक विक्रम अपनी पत्नी के साथ तेलियामार गांव स्थित ससुराल आया था। पसान में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने वह पत्नी आंचल के साथ गया था। दोनों बाजार से पैदल लौटते समय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के पीछे सूनसान स्थान पर पहुंचे थे कि वहां झाड़ियों के पास से एकाएक एक नकाबपोश निकलकर आया और विक्रम पर पीछे से चाकू से हमला कर दिया। गले में चाकू लगते ही खून बहने से विक्रम गिर गया, तब पत्नी के शोर मचाने पर नकाबपोश भाग गया। पत्नी की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर आ गए और घायल हुए विक्रम को हास्पिटल पहुंचाया। यहां विक्रम के गले में 17 टांका लगाया गया। पसान पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही जांच कार्रवाई शुरू करते हुए घायल युवक का हाल जाना। घायल की पत्नी का बयान दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### आकांक्षा विश्वकर्मा का सुयश



**कोरबा,** 14 मई (देशबन्धु)। सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में मुकेश कुमार विश्वकर्मा की पुत्री आकांक्षा विश्वकर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। सेंट विसेंट पलोटी स्कूल पोड़ीबहार में अध्ययनरत् आकांक्षा ने विज्ञान विषय में कुल 97 अंक प्राप्त किए हैं। इनफॉरमेशन टेक्नॉलॉजी में 96 अंक, गणित स्टैण्डर्ड में 94 अंक, हिन्दी विषय में 91, सोशल साइंस में 86 व इंग्लिश विषय में 83 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इनकी सफलता पर परिजनों सहित शिक्षकों व शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं दी हैं।

### सेजस में प्रवेश आवेदन पर पात्र-अपात्र की सूची जारी

**कोरबा**-हरदीबाजार, 14 मई (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल हरदी बाजार में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों के दावा आपत्ति के लिए पात्र-अपात्र सूची विद्यालय के सुचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। दावा आपत्ति की अंतिम तिथि 14 मई निर्धारित है, इसके बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा । प्राप्त आपत्तियों के निराकरण पश्चात लॉटरी की प्रक्रिया 15 मई को सुबह 9 बजे शुरू की जाएगी।

### परिधि का सुयश



**कोरबा,** 14 मई (देशबन्धु)। सीबीएसई 12 वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित हुए, जिसमें सिंधी समाज की परिधि जेसरानी ने 96.2 प्रतिशत अंक (एक्सआरडी रैंक) प्राप्त कर नगर,परिवार एवं समाज को गौरवान्वित किया है। इंदौर मध्यप्रदेश में अध्ययनरत परिधि जेसरानी देहली में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रही हैं। परिधि पूज्य सिंधी पंचायत कोरबा के वरिष्ठ सदस्य प्रतापराय जेसरानी की पौत्री एवं समाजसेवी मनोज जेसरानी की पुत्री है।

### प्रेमराज प्रमाणित एनआईएस ताइक्वांडो कोच बने



**कोरबा,** 14 मई (देशबन्धु)। कोरबा ज़िले के लेवल अप मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स अकादमी सिटी सेंटर मॉल कोरबा के डायरेक्टर प्रेमराज बंजारे ने स्पोर्ट्स अथारिटी ऑफ इंडिया बेंगलुरु से एनआईएस ताईक्वांडो की परीक्षा पास कर ज़िले के साथ साथ पूरे छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है।प्रेमराज बंजारे एक समर्पित और भावुक मार्शल आर्ट प्रैक्टिशनर, ने प्रमाणित एनआईएस ताइक्वांडो कोच बनकर अपनी यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह प्रतिष्ठित प्रमाणन ताइक्वांडो की कला में कड़ी मेहनत, समर्पण और विशेषज्ञता का प्रतीक है। नेताजी सुभाष नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स (एनआईएस) बेंगुलुरु में ताइक्वांडो कोचिंग सर्टिफिकेशन मार्शल आर्ट निर्देश के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रेमराज की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस प्रमाणन के साथ, वे न केवल ताइक्वांडो तकनीकों में महारत दिखाते हैं, बल्कि कोचिंग पद्धतियों और एथलीट विकास की गहन समझ भी रखते हैं। प्रेमराज बंजारे प्रमाणित एनआईएस ताइक्वांडो कोच बनने की हालिया उपलब्धि के साथ, प्रेमराज बंजारे मार्शल आर्ट कोचिंग की दुनिया में एक महत्वपूर्ण प्रभाव डालने के लिए तैयार हैं।

### शहर के बड़े होटल में सजी थी जुए की महफिल

**रायगढ़** 14 मई (देशबन्धु)। रायगढ़ जिला मुख्यालय में सोमवार की शाम सिटी कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना के बाद एक बड़े होटल में छापामार कार्रवाई करते हुए आधे दर्जन से अधिक जुआरियों को पकड़ा है। पुलिस ने जुआरियों के पास से नगदी रकम एवं ताशपत्ती बरामद किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली पुलिस को सोमवार की शाम साढ़े 7 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि ढिमरापुर में स्थिति होटल एकार्ड में कुछ लोगो के द्वारा जुए में हार जीत का दांव लगाया जा रहा है। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए सिटी कोतवाली थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर अपनी टीम के साथ होटल एकार्ड में छापेमारी की गई जहां जुआ खेलते 07 जुआरी मनोज अग्रवाल उम्र 44 साल निवासी टेंडा नवापारा थाना घरघोड़ा जिला रायगढ़, प्रताप अग्रवाल उम्र 30 साल निवासी वार्ड क्रमांक 7 सक्ती थाना व जिला सक्ती , अंकित अग्रवाल उम्र 34 साल निवासी जैन मेडिकल खरसिया वार्ड क्रमांक 14 चैकी खरसिया, संदीप अग्रवाल उम्र 38 साल 38 साल निवासी अग्रसेन मार्ग खरसिया वार्ड क्रमांक 15 चैकी खरसिया, आकाश पंसारी उम्र 30 साल निवासी जिंदल प्लाजा के पीछे वार्ड क्रमांक 15 थाना व जिला सक्ती, कैलाश अग्रवाल उम्र 50 साल निवासी टेंडा नवापारा थाना घरघोड़ा जिला रायगढ़, सावन कुमार अग्रवाल उम्र 41 साल वार्ड क्रमांक 13 थाना व जिला सक्ती को पुलिस ने जुआ खेलते पकड़ा।

# शासकीय भूमि पर अतिक्रमण, नजर रखने के साथ हटाने की कार्रवाई करें

## नियम विरूद्ध राखड़ परिवहन पर कार्रवाई करने कलेक्टर के निर्देश



**कोरबा,** 14 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर अजीत वसंत ने जिले में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण को रोकने के निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण, शहरी इलाकों में हाल ही में किये गये शासकीय भूमि पर अतिक्रमण को शीघ्र हटाएं। खेल मैदानों, स्कूलों के आसपास सहित महत्वपूर्ण स्थानों से अतिक्रमण हटाया जाए। अतिक्रमण पर विशेष नजर रखते हुए कार्यवाही के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने सभी शासकीय विभागों को विभाग की रिक्त भूमि पर सूचना बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में होने वाले राखड़ परिवहन पर नजर रखने और नियम विरुद्ध राखड़ परिवहन करने पर संबंधित वाहन पर कार्यवाही के निर्देश एसडीएम, पर्यावरण अधिकारी, परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया।

कलेक्टर ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक में जनहित के महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जिले में मतदान कार्य शांतिपूर्ण ढंग से कराने पर नोडल अधिकारियों सहित सभी को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए मतगणना के कार्यों को भी जिम्मेदारी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने टीएल के संबंधित पत्र, विभागीय कार्यों के क्रियान्वयन और अन्य गतिविधियों पर चर्चा की और सभी एसडीएम सहित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे विभागीय कार्यों तथा निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी फील्ड पर जाकर लें।

**भू-अर्जन के रिकॉर्ड दुरूस्त रखें**

कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य विभाग अंतर्गत वर्ष 1990 के पश्चात् हुए भू-अर्जन के प्रकरणों का रिकॉर्ड दुरूस्त करने के निर्देश देते हुए राजस्व विभाग को दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि अतिक्रमण पर कार्यवाही की जा सके। उन्होंने भारी वाहन चलने वाले सड़को पर धूल उड़ने से बचाव के लिए किए जा रहे पानी का छिड़काव करने के संबंध में भी निर्देश दिए।

**सीमांकन के प्रकरण बारिश पूर्व निराकृत करें**

कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रावास, आश्रमों के निरीक्षण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ईंट भट्ठों में संचालित बालवाड़ी में, आंगनबाड़ी केंद्रों में समय पर भोजन सहित अन्य सामग्री का वितरण करने के साथ ही निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में पर्याप्त बच्चों की उपस्थिति होने के साथ समय पर केंद्र का संचालन तथा अन्य गतिविधियां संचालित किया जाएं। बैठक में कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूलों में विद्युतीकरण, पहुँचमार्ग, विद्युतविहीन गांवों में विद्युतीकरण के सम्बंध में आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने राजस्व के लंबित प्रकरणों के निराकरण के निर्देश देते हुए कहा कि सीमांकन के प्रकरणों का बारिश से पूर्व निराकृत किया जाए।

**निरस्त व अप्रारंभ कार्यों की राशि जमा करें**

कलेक्टर ने विभागों में अनुकम्पा नियुक्ति, पेंशन के प्रकरणों पर कार्यवाही करने, निलम्बन के मामलों पर जाँच कर बहाल कर संबंधित से कार्य लेने के निर्देश दिए। उन्होंने डीएमएफ अन्तर्गत मांगी गई जानकारी प्रस्तुत करने, निरस्त किये गए कार्यों और अप्रारम्भ कार्यों की राशि जमा करने के निर्देश दिए।

**स्कूल व आंगनबाड़ी भवनविहीन न हों**

कलेक्टर ने कहा कि जिले में कोई भी भवनविहीन स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र न हो। इस संबंध में जानकारी प्रस्तुत करने तथा आवश्यकतानुसार डीएमएफ अंतर्गत प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने के निर्देश भी दिए। स्कूलों में रिक्त शिक्षकों की जानकारी प्रस्तुत करने और अतिथि शिक्षक, अतिथि व्याख्याता के पदों को भरने के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। उच्चतर विद्यालयों में विशिष्ट विषयों के पदों पर किसी शिक्षकों की कमी नहीं रखने के निर्देश दिए।

**विद्यार्थियों का बनेगा जाति प्रमाण पत्र**

जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के शिक्षित बेरोजगारों को शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य महत्वपूर्ण विभागों में रिक्त पदों पर रखने के निर्देश देते हुए आदिवासी विभाग से समन्वय बनाकर पीवीटीजी को प्राथमिकता देने कहा। उन्होंने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के सभी स्कूली विद्यार्थियों का जाति प्रमाणपत्र बनाने के निर्देश दिए।

## मारवाड़ी युवा मंच ने 102 यूनिट ब्लड संग्रहण कर मनाया नर्स-डे



**कोरबा,** 14 मई (देशबन्धु)। मारवाड़ी युवा मंच दर्री जमनीपाली जैलगाँव एवं न्यू कोरबा हॉस्पिटल (जीवन आशा) जमनीपाली के संयुक्त तत्वाधान में विश्व नर्सिंग दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन दर्री क्षेत्र में किया गया। शिविर में 102 लोगों ने रक्तदान किया एवं उपस्थित सभी का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्त जाँच किया गया।

कार्यक्रम के अतिथि सीआईएसएफ़ के असिस्टेंट कमांडेंट चिराग गर्ग,मारवाड़ी युवा मंच छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रदेश अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, न्यू कोरबा हॉस्पिटल के संचालक डॉ. शोभराज चाँदनी, प्रांतीय संयुक्त मंत्री सुमित अग्रवाल,निवृत्तमान शाखा अध्यक्ष राकेश गोयल द्वारा दीप प्रज्वलित् कर शिविर का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मारवाड़ी युवा मंच के शाखा अध्यक्ष पारस अग्रवाल एवं न्यू कोरबा हॉस्पिटल के कार्यक्रम संयोजक साजिद ख़ान सहित मधुर अग्रवाल,अंजय अग्रवाल, विकास अग्रवाल, नित्तुल अग्रवाल,अरुण केडिया, अमित अग्रवाल,आशीष गोयल, वैभव गोयल,सौरभ अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, बालकिशन अग्रवाल,प्रतीक अग्रवाल, जय अग्रवाल,मयंक अग्रवाल, रूपेश गोयल,सतीश अग्रवाल, बिट्टू आदि उपस्थित रहे।

## 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर डीएव्ही का मान बढ़ाया



**कोरबा,** 14 मई (देशबन्धु)। डीएव्ही पब्लिक स्कूल एसईसीएल की कक्षा दसवीं और बारहवीं के सीबीएसई की परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर विद्यार्थियों ने डीएव्ही का मान बढ़ाया है।

कक्षा दसवीं के कुल 11 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किया। कक्षा दसवीं में दर्शील सिंह-97.40 प्रतिशत, सौम्या जैन- 96.20 प्रतिशत, मयंक बघेल -94.20 प्रतिशत, ओम दीक्षित- 93.80प्रतिशत, पर्युल जैन-93.60 प्रतिशत, पारस कुमार जैन- 92.40 प्रतिशत, जीत कुमार साहू-92.40 प्रतिशत , पारस जैन-91.60 प्रतिशत, अंश सिंह भदौरिया - 91.40 प्रतिशत, पूर्वी साहू-90.80 प्रतिशत, यादित्य कुमार-90.40 प्रतिशत अंक अर्जित किया। इसी प्रकार 12वीं सीबीएसई की परीक्षा में कुल दो विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। जिसमें गणित संकाय से इशानी कौर- 92.60 प्रतिशत तथा वाणिज्य संकाय से हर्षिता कुर्रे - 93.20 प्रतिशत अंक अर्जित किये। कक्षा 10 वीं और 12वीं में विद्यालय का 100 प्रतिशत परिणाम रहा। विद्यार्थियों के इस उपलब्धि पर स्थानीय विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दीपक पांड्या (महा प्रबंधक, एस ई सी एल कोरबा क्षेत्र),नामित अध्यक्ष एस के पी शिंदे (क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक, एसईसीएल कोरबा क्षेत्र), विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अनामिक भारती सहित डीएव्ही कोरबा परिवार के सभी सदस्यों ने समस्त विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## बेहरामर अटल चौक पर गांजा बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहा तस्कर गिरफ्तार

**रायगढ़** 14 मई (देशबन्धु)। सोमवार की दोपहर थाना प्रभारी छाल निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैस को मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम बेहरामर अटल चैक पर एक व्यक्ति प्लास्टिक बोरी में गांजा रखकर बिक्री के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है।

थाना प्रभारी द्वारा सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर अपने स्टाफ को गांजा रेड कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। तत्काल सहायक उप निरीक्षक कैलाश दुबे के हमराह छाल पुलिस की टीम ग्राम बेहरामर अटल चैक पर घेराबंदी कर मुखबीर हुलिए अनुसार संदेही व्यक्ति को हिरासत में लिया गया जिससे पूछताछ करने पर अपना नाम आरती लाल सारथी पिता स्वर्गीय रामलाल सारथी उम्र 45 साल निवासी बेहरामर थाना छाल जिला रायगढ़ का बताया जिसे कार्यवाही के कारणों की जानकारी देते हुए उसके कब्जे में रखे प्लास्टिक बोरी की विधिवत तलाशी ली गई जिसमें 07 पैकेट मादक पदार्थ गांजा मिला जिसका विधिवत इलेक्ट्रॉनिक मशीन से मौके पर वजन कराया गया। आरोपित आरती सारथी के पास से 07 किलो 337 ग्राम गांजा कीमती करीब 25,000 का पाया गया। आरोपी आरती सारथी द्वारा गांजा अवैध बिक्री के लिए लेकर आना बताया। आरोपी के कृत्य पर थाना छाल में धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर कल दोपहर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## घर बनवाने के बाद नहीं मिले रुपए, त्रस्त होकर पत्नी-बेटी को मार कर खुदकुशी किया था ठेकेदार ने

### आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाली महिला गिरफ्तार

**कोरबा-उरगा,** 14 मई (देशबन्धु)। बंद कमरे में पति-पत्नी और दो वर्ष की बेटी की लाश मिलने की गुत्थी आखिरकार सुलझा ली गई। मृतक ने आत्महत्या किया था और आत्महत्या से पहले पत्नी और पुत्री की हत्या को अंजाम दिया था। इस पूरे घटनाक्रम के लिए जिम्मेदार महिला को गिरफ्तार कर जेल दाखिल करा दिया गया है।

गौरतलब है कि उरगा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत कुकरीचोली के भाठापारा में निवासरत युवा ठेकेदार जयराम धोबी 27 वर्ष,उसकी पत्नी सुजाता एवं दो वर्षीय मासूम बेटी जेसिका की बन्द कमरे में रक्त रंजित लाश 9 मई को सुबह मिली थी।

मृतका सुजाता के गले में चार्जर केबल कसा हुआ मिला था व मुंह को रूमाल से बांधा गया था। पत्नी व पुत्री को मारने के बाद जयराम ने अपने हाथ की नस काट ली और साथ ही सिलाई मशीन के चक्का का बेल्ट को अपने गले में कसकर फांसी लगा लिया था। रात भर रक्तस्त्राव के कारण व दम घुटने से उसकी की मौत हो गई।

प्रारम्भिक विवेचना के दौरान हत्या की धारा 302 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई। मृतक के जेब से सुसाइड नोट मिला जिसमें घटना के कारण का जिक्र किया गया। सुसाइड नोट की पुष्टि व परीक्षण के उपरांत इस घटना और हत्या व खुदकुशी के लिए जिम्मेदार महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी महिला संतोषी के द्वारा ठेकेदार जयराम से मकान का निर्माण कराया गया था लेकिन बकाया राशि 1लाख 88 हजार 100 रुपये आरोपी संतोषी पति लाल सिंह निवासी सिलयारीभाठा के द्वारा नहीं देने से मरने जा रहा हूँ, लेख कर घटना को अंजाम दिया। मृतक के साथ काम करने वाले मिस्त्री,लेबर,रेजा के कथन के अवलोकन पर आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के अपराध में धारा 306 भादवि का जुर्म दर्ज कर आरोपी संतोषी जगत पति लालसिंह जगत को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कराया गया।

सम्पुर्ण कार्यवाही में थाना उरगा के प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार वर्मा, एसआई विलायत हुसैन, एएसआई अनिल खाण्डे, संतराम सिन्हा (पदस्थापना थाना पसान), प्रधान आरक्षक सचिन नवनीत, आरक्षक राम पाटले,कौशल प्रसाद, राम कुमार साहु, नितेश तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## कोरबा के गिरीश को लंदन-यूके में मिला ग्लोबल पावर लीडर 2024 अवार्ड



**कोरबा,** 14 मई (देशबन्धु)। ऊर्जा नगरी से अब तक अनेक प्रतिभाएं निकली और वे देश में ही नहीं विदेशों में भी कामयाबी का झंडा गाड़ रही हैं। इन्हीं में शामिल हैं बालको के गिरीश सी.एस. जो आज यूके में फार्मा ग्लोबल पार्टनर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हैं, उन्हें हाउस ऑफ लॉर्ड्स, लंदन में आयोजित ग्लोबल बिजनेस कॉन्क्लेव 2024 में विशिष्ट ग्लोबल पावर लीडर 2024 की उपाधि से पुरस्कृत किया गया है।

कोरबा में पले-बढ़े गिरीश जो अब इंग्लैंड में सपरिवार निवास कर रहे हैं, ने केंद्रीय विद्यालय, बालको में अपनी पढ़ाई की और शासकीय महाविद्यालय, कोरबा से डिग्री हासिल की। उन्होंने आगे नागपुर विश्वविद्यालय से एमबीए किया और ऑक्सफ़ोर्ड यूनिवर्सिटी, इंग्लैण्ड से नेतृत्व में प्रशिक्षण लिया। 2003 से उन्होंने यूरोप में बहुराष्ट्रीय फार्मा कंपनियों के वरिष्ठ पदों पर काम किया, जबकि 2021 में अपनी खुद की कंसल्टेंसी फर्म- फार्मा ग्लोबल पार्टनर्स लिमिटेड की स्थापना की, जिनके कार्यालय लंदन और स्विट्जरलैंड में हैं। उनकी माता श्रीमती सरस्वती और ज्येष्ठ भ्राता राजेश सी एस अपने परिवार के साथ कोरबा में ही रहते हैं।

व्हाइट पेज इंटरनेशनल नामक अंतर्राष्ट्रीय संस्था द्वारा यह भव्य आयोजन यूके के हाउस ऑफ लॉर्ड्स के भवन में किया गया, जिसमें यूनाइटेड किंगडम पार्लियामेंट के कई सांसद और विभिन्न देशों के राजदूत भी शामिल हुए। वहीं विभिन्न क्षेत्रों और दुनिया भर के सफल उद्योगपति भी कार्यक्रम में पहुंचे।

ग्लोबल बिजनेस कॉन्क्लेव 2024 में व्हाइट पेज इंटरनेशनल नामक प्रतिष्ठित संस्था द्वारा विश्व की सफल कंपनियों और उनके लीडर का चयन कर उन्हें अवार्ड से सम्मानित किया जाता है। गिरीश सीएस को विशिष्ट ग्लोबल पावर लीडर 2024 का अवार्ड उनके द्वारा फार्मा कंपनियों के वरिष्ठ पदों पर काम करते हुए खुद की कंपनी स्थापित करने और ग्लोबल मार्केट में सफलता हासिल करते हुए ग्रोथ रेट बढ़ाने के चलते दिया गया। गिरीश सीएस ने इस प्रतिष्ठित अवार्ड के लिए कोरबा की माटी का आभार जताया है, जहां उनकी नींव तैयार हुई और आज वे सफलता के सोपान चढ़ रहे हैं। उन्हें मिले इस अवार्ड को लेकर उनके सहपाठियों, दोस्तों और शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## छुरीकला में शुरू होगा जिले का दूसरा कन्या महाविद्यालय, मिलेगी राहत

### स्कूलों का सर्वे कर विद्यार्थियों का आंकड़ा जुटाया जा रहा

**कोरबा,** 14 मई (देशबन्धु)। जिले को आगामी वर्षों में नवीन कन्या महाविद्यालय की सौगात मिलने वाली है। ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को उच्च शिक्षा से जोड़ने के लिए शासन ने जिला शिक्षा विभाग को पत्र जारी किया है। इसमें इस बात का उल्लेख किया गया है कि नगर पंचायत छुरी को केंद्र में रखते हुए। आसपास के स्कूलों का सर्वे करने और वहां पढ़ने वाले हायर सेकंडरी स्कूल के विद्यार्थियों का आंकड़ा जुटाने कहा गया है।

इसके परिपालन में शिक्षा विभाग की ओर से नगर पंचायत छुरी में सर्वे भी किया जा रहा है। चुनाव के कारण प्रक्रिया थम गई थी, जिसमें अब तेजी आ रही है। शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर जानकारी का निवेदन किया गया है। सर्वे रिपोर्ट आने के बाद उच्च शिक्षा विभाग को अवगत कराया जाएगा। नवीन कन्या महाविद्यालय शुरू किए जाने के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय ने बताया कि शासन के प्रस्ताव के तहत छुरीकला से 15 किलोमीटर के दायरे का जायजा लिया गया है। यहां स्थित हायर सेकेण्डरी स्कूल के दर्ज व उत्तीर्ण बच्चों के संबंध में जानकारी के लिए स्कूल के प्राचार्यों को पत्राचार किया गया है।

गौरतलब है कि जिले में एकमात्र मिनीमाता शासकीय कन्या महाविद्यालय संचालित है। जिले में एक और सरकारी कन्या महाविद्यालय शुरू होने से पोड़ी उपरोड़ा व कटघोरा क्षेत्र के छात्राओं को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर अवसर मिलेगा।

सर्वे में आसपास के क्षेत्र के हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों की दर्ज संख्या का डाटा, प्रस्तावित क्षेत्र के स्कूलों से बोर्ड परीक्षाएं पास करने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या का आंकलन किया जा रहा है। जिले में नौ शासकीय सहित 18 महाविद्यालय संचालित हैं। सीट की कमी के कारण क्षेत्र के युवा पढ़ाई के लिए दूर का सफर तय करने मजबूर हो रहे हैं। वर्तमान में छुरी के सबसे नजदीकी उच्च शिक्षण संस्था के रूप में कटघोरा में शासकीय मुकुटधर पांडेय कालेज संचालित है।

छुरी से 15 किलोमीटर के दायरे में 15 से सभी अधिक शासकीय व गैर शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय का संचालन हो रहा है। जटगा महाविद्यालय को भवन का इंतजार जिले में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बांकीमोगरा, दीपका, जटगा आदि स्थानों में भी विगत वर्षो में महाविद्यालय को स्वीकृति दी गई है। जहां संसाधनों की नितांत कमी देखी जा रही है। जटगा महाविद्यालय का संचालन आज भी हायर सेकेंडरी स्कूल में हो रहा है। जहां भवन उपलब्ध है वहां प्राध्यापकों के पद रिक्त हैं। पदों में रिक्तता की वजह से विज्ञान विषय लेकर पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों आज भी उच्च शिक्षा के लिए शहर की दौड़ लगानी पड़ रही है।

## सार-संक्षेप




### सपना को साकार करने कड़ी मेहनत की जरूरत-कलेक्टर

#### मेधावी छात्रों ने की कलेक्टर से मुलाकात

**कोरिया** , 14 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के नतीजे विगत दिनों घोषित की गई थी।

आज जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से दसवीं एवं बारहवीं में प्रावीण्य अंक प्राप्त करने वाले आदर्श सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल बैकुण्ठपुर के कक्षा दसवीं के छात्र सिद्धांत सिंह, शकुंतला सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल, बैकुंठपुर के कक्षा बारहवीं के छात्र आशुतोष तथा शासकीय रामानुज आदर्ष हायर सेकेंडरी स्कूल, बैकुंठपुर के छात्र तेजप्रताप राजवाड़े ने उच्चतर अंक प्राप्त कर स्कूल व जिले को गौरवान्वित करने वाले इन मेधावी छात्रों ने मुलाकात किया। छात्र सिद्धांत ने बताया कि वे गणित विषय लेकर आगे पढ़ाई करेंगे और उनका लक्ष्य आईआईटी करना है। इसी तरह आशुतोष ने बताया कि उन्हें मेडिकल क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते हैं। और तेजप्रताप राजवाड़े एनडीए में कैरियर बनाने के लिए प्रयास करेंगे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री लंगेह ने इन छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सपने को साकार करने के लिए जुनून व कठिन परिश्रम की जरूरत है। इसलिए अभी से अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए तन मन से पढ़ाई में जुट जाएं। इन मेधावी छात्रों को शील्ड व पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरूण कुमार मरकाम, स्कूलों के प्राचार्य व इन विद्यार्थियों के पालक भी उपस्थित थे।

### 8 पीड़ित परिवार के लोगों को 25 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**एमसीबी,** 14 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग महानदी भवन रायपुर के राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में संशोधित प्रावधान 01 दिसम्बर 2022 में निहित प्रावधान अनुसार राजस्व परिपत्र 6(4) के परिशिष्ट-1 की कंडिका-5 के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत निम्नानुसार आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया जाता है। दुर्घटना में मृत्य परिवारों को 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई। कलेक्टर श्री डी. राहुल वेंकट ने बताया कि सर्प दंश के कारण, तालाब व कुआं में डूबन के कारण, आकाशीय बिजली गिरने के कारण एवं प्राकृतिक आपदा कारणों से मृत्य परिवारों के लिए छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान करती है।

इसी के तहत जिले में आकाशीय बिजली (गाज) गिरने से मृतक आशीष आत्मज जयपाल के वारिस ज्योति जाति उरांव निवासी सोनवर्षा तहसील मनेन्द्रगढ़ को स्वीकृति 4 लाख रूपये, तालाब के पानी में डूबने से मृतिका मनीषा आत्मज बिजेंद्र के वारिस बिजेंद्र जाति अगरिया निवासी ग्राम दुग्गी तहसील खड़गवां को स्वकृति 1 लाख रूपये, तालाब के पानी में डूबने से मृतक गंभीर आत्मज शिव नारायण के वारिस श्रीमती शांति बाई निवासी ग्राम छोटेकलुआ बदरहिया पारा तहसील खड़गवां को स्वीकृति 4 लाख रूपये, कुंआ के पानी में डूबने से मृतक लक्ष्मण यादव आत्मज अमर साय यादव के वारिस सूरज जाति अहीर निवासी ग्राम तेंदूडांड तहसील मनेन्द्रगढ़ को स्वीकृति 2 लाख रूपये एवं कु. रोशनी जाति अहीर निवासी ग्राम तेंदूडांड तहसील मनेन्द्रगढ़ को स्वीकृति 2 लाख रूपये कुल 04 लाख रूपये, तालाब के पानी में डूबने से मृतिका कु. कोमल सिंह आत्मज जियालाल के वारिस राजबाई जाति गोंड़ निवासी ग्राम जैती तहसील भरतपुर को स्वीकृति 04 लाख रूपये, हसदेव नदी के पानी में डूबने से मृतक सुलेमान तिग्गा आत्मज नंदल तिग्गा के वारिस दिव्य किरण तिग्गा निवासी वार्ड नं0 15 आमखेरवा तहसील मनेन्द्रगढ़ को स्वकृति 04 लाख रूपये तथा कुंआ के पानी में डूबने से मृतिका सुमित्रा बाई आत्मज मान सिंह के वारिस मान सिंह निवासी जाति गोंड़ ग्राम हथवारी तहसील भरतपुर को 04 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई हैं । उपरोक्त स्वीकृत राशि का व्यय मांग संख्या-58 मुख्य शीर्ष 2245 प्राकृतिक आपदा राहत के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में विकलनीय होगा।

### नाबालिग बालिका से छेड़खानी करने वाला युवक गया जेल



**रायगढ़** 14 मई (देशबन्धु)। पूंजीपथरा पुलिस ने नाबालिग बालिका से छेड़खानी करने वाले को शीलभंग और पॉक्सो एक्ट के अपराध में गिरफ्तार कर कोर्ट पेश कर जेल भेजा गया है।

छेड़खानी की घटना को लेकर 11 मई को थाना पूंजीपथरा में धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र की महिला द्वारा रिपोर्ट दर्ज करायी कि 11 मई के सुबह करीब 11 बजे अपनी दो बेटियों को गांव के किराना दुकान सामान खरीदने भेजी थी। कुछ देर बाद गांव की महिलाएं छोटी लडकी को लेकर घर आई और बताई कि रुपनाधाम प्लांट में काम करने वाला जितेंद्र बरेठ बाजार चैंक के पास गंदी नियत से बालिका के साथ छेड़खानी कर रहा था। बालिका की मां के रिपोर्ट पर थाना पूंजीपथरा में आरोपी पर धारा 354, 354(क) आईपीसी 8 पॉक्सो एक्ट का अपराध कायम कर पुलिस टीम तत्काल आरोपित की गिरफ्तारी के लिए दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया गया। आरोपी जितेंद्र कुमार बरेठ पिता भगत राम बरेठ उम्र 25 साल निवासी महुआभांठा थाना सारागांव जिला जांजगीर चांपा हाल मुकाम रुकनाधाम सराईपाली थाना पूंजीपथरा जिला रायगढ़ को कल गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में पेश किया गया, जहां आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर आरोपी को जिला जेल दाखिल किया गया है।

# शासकीय भूमि में अतिक्रमण और क्रय विक्रय के मामलों को रोकने भूमि से जुड़ी हर जानकारी हो दर्ज - कलेक्टर

## सर्किल वार शासकीय भूमि का चिन्हांकन कर अद्यतन स्थिति की जानकारी संधारित करें

### कार्यालयीन समय में कार्यालयों में अधिकारी कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश

### लोकसभा निर्वाचन शांतिपूर्ण संपन्न कराने कलेक्टर ने प्रशासनिक टीम को दी बधाई

**अम्बिकापुर**, 14 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर विलास भोस्कर की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री भोसकर ने लोकसभा सभा निर्वाचन सफलतापूर्वक और शांतिपूर्ण संपन्न कराने प्रशासनिक टीम को बधाई प्रेषित की। उन्होंने कहा कि सभी के समन्वित प्रयास से सरगुजा को निर्वाचन में बेहतर उपलब्धि हासिल हुई है।

बैठक में कलेक्टर ने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण और अवैध क्रय विक्रय के मामलों को रोकने के प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश सभी एसडीएम एवं नगर निगम अमले को दिए। कलेक्टर ने कहा कि शहरी अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही के लिए नगर निगम अमला पुलिस और राजस्व विभाग के साथ समन्वय कर संयुक्त रूप से कार्यवाही करें जिससे बिना किसी रुकावट के कार्यवाही पूर्ण हो। उन्होंने शासकीय भूमि के अवैध क्रय विक्रय के मामलों पर भी रोक लगाने के लिए सभी एसडीएम को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सर्किल वार शासकीय भूमि का चिन्हांकन कर जानकारी संधारित करें जिसमें शासकीय



भूमि की अद्यतन स्थिति दर्ज हो। भूमि की स्थिति यानी भूमि खाली है अथवा भवन निर्मित है, अतिक्रमण की जानकारी, जिससे भूमि की पूरी जानकारी प्रशासन के पास हो। कार्यवाही पश्चात इसकी जानकारी कलेक्टर कार्यालय और रजिस्ट्रार कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। जिससे भूमि संबंधी ऐसा मामला आने पर त्वरित जांच की जा सके।

बैठक में कलेक्टर ने पीएचई विभाग को निर्देशित किया कि जिले में गर्मी के मौसम को देखते हुए पानी के स्त्रोत जैसे हैंडपंप आदि चलित अवस्था में रहें। घर घर नल कनेक्शन के निर्माणाधीन कार्यों में तेजी लाएं। उन्होंने सीएमएचओ को इस मौसम में हीट वेव से जुड़ी सावधानियों की जानकारी लोगों तक अनिवार्य रूप से पहुंचाने निर्देशित किया। साथ ही अन्य मौसमी बीमारियों के लिए दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा।

इसी तरह आगामी बारिश के मौसम के मद्देनजर स्कूलों का सघन निरीक्षण कर आवश्यकता अनुरूप गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए जिससे स्कूलों में किसी तरह किसी तरह की अप्रिय घटना ना हो। उन्होंने कहा कि नए सत्र में बच्चों को पुस्तकें और गणवेश समय पर उपलब्ध करा दिए जाएं।

बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को कार्यालयों में शासन द्वारा निर्धारित समय में कार्यालयों में उपस्थित रहकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालयीन समय पर सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने कार्यालय में उपस्थित रहें। लापरवाही पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

इसी तरह बैठक में कलेक्टर ने आगामी मौसम में कृषि कार्यों में तेजी को लेकर कृषि और खाद्य विभाग के अधिकारियों खाद बीज की उपलब्धता पर निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आंगनबाडियों में बच्चों और महिलाओं को गरम पौष्टिक भोजन, गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण आदि के संबंध में भी जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जनहित को प्राथमिकता देते हुए लोकाभिमुख होकर कार्य करें जिससे लोगों के मन में प्रशासन की सकारात्मक छवि रहे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री नूतन कंवर, अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक, जिला स्तरीय अधिकारी और सभी एसडीएम, सीईओ जनपद एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ड्रिंक एंड ड्राइव-प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश की हुई ट्रक का ड्राइवर मिला शराब सेवन किया हुआ

#### कोर्ट से ड्रायवर को 12,000 का अर्थदंड

**रायगढ़** 14 मई (देशबन्धु)। शहर में भारी वाहन के लिए प्रतिबंधित रेलवे स्टेशन क्षेत्र में 11 मई के दोपहर करीब 1:30 बजे एक ट्रक सीजी 04 एनजेड - 7847 घुस गई थी। पेट्रोलिंग दौरान डीएसपी ट्रैफिक रमेश कुमार चंद्रा मौके पर पहुंचे। डीएसपी चन्द्रा ने ट्रक और ड्राइवर को चेक किया। ट्रक ड्राइवर नशे में होना प्रतीत होने पर ड्राइवर का ब्रीथ एनालाइजर से श्वास की मौके पर जांच कराई गई जिसमें ड्राइवर अल्कोहल लेना पाया गया।




डीएसपी ट्रैफिक द्वारा ड्रिंक एंड ड्राइव एवं प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहन के प्रवेश पर धारा 115:194, 185 एमवी एक्ट के तहत वाहन चालक के विरुद्ध इस्तगासा न्यायालय पेश किया गया। कल माननीय न्यायाधीश द्वारा ट्रक ड्राइवर संतोष कुमार यादव पिता नर्मदा प्रसाद यादव उम्र 24 साल निवासी पाली हाल मुकाम मिनी बस्ती बिलासपुर को नशे में वाहन चलाने पर 10,000 एवं प्रतिबंधित क्षेत्र में वाहन के प्रवेश पर 2,000 कुल 12,000 के अर्थ दंड की सजा दी गई है तथा ट्रैफिक पुलिस द्वारा जप्त किये गये ट्रक को वाहन स्वामी को सुपुर्द करने का आदेश दिया गया है।

### बेटियों आचार संहिता खत्म होने का करो इंतजार, स्कूटी है तैयार

#### टॉपर छात्रों को स्कूटी देने वाली अविभाजित कोरिया की पहली जनप्रतिनिधि होंगी विधायक रेणुका सिंह



**मनेन्द्रगढ़,** 14 मई (देशबन्धु)। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम आने के बाद भरतपुर सोनहत विधायक व पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह ने अपने वायदे अनुसार 10 वी और 12 वी की बोर्ड परीक्षा में भरतपुर सोनहत विधानसभा में अव्वल आने वाली दो छात्राओं को स्कूटी आचार संहिता खत्म होने के बाद ही भव्य समारोह में स्कूटी प्रदान करेंगी। अविभाजित कोरिया जिले में टॉपर छात्रों के उत्साहवर्धन के लिए ऐसा कार्य करने वाली विधायक रेणुका सिंह पहली जनप्रतिनिधि होंगी। विधायक की घोषणा के अनुसार न्यू लाइफ इंग्लिश मीडियम स्कूल जनकपुर की कक्षा 10 वीं की छात्रा शिफा बी 96.50 प्रतिशत प्राप्त कर 10 वीं बोर्ड परीक्षा में भरतपुर-सोनहत विधानसभा में अव्वल रही एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, भरतपुर की छात्रा अंकिता रजक ने 91.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 12 वीं बोर्ड परीक्षा में अव्वल रही है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विधायक रेणुका सिंह इन दिनों झारखंड राज्य के चुनावी दौरे पर है। ऐसे में उन्होंने दोनों टॉपर छात्राओं व उनके अभिभावकों से फोन पर बात कर इस उपलब्धि के लिए बधाई देते ही उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और अपनी घोषणा अनुरूप आचार संहिता खत्म होने के बाद स्कूटी देने की बात कही है। दोनों छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए विधायक रेणुका सिंह ने सोशल मीडिया में एक पोस्ट भी लिखा है। जिसमे यह लिखा है। शाबाश... शिफ़ा और अंकिता। कठिनाइयों के बीच सफलता अर्जित कर आप दोनों ने साबित किया है कि प्रतिभा सुविधाओं की मोहताज नहीं होती। दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ सच्ची लगन और परिश्रम से सफलता निश्चित है। आपके माता-पिता और गुरु धन्य हैं। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में मेरे विधानसभा क्षेत्र से कक्षा 10 वीं में जनकपुर निवासी शिफा बी छात्रा न्यू लाइफ इंग्लिश स्कूल (जनकपुर) को 96.50त्न एवं 12 वीं में भरतपुर की अंकिता रजक छात्रा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल (भरतपुर) को 91.20त्न के साथ प्रथम स्थान प्राप्त करने पर दोनों से फ़ोन में बात कर अपनी शुभकामनाएं दी। विधानसभा के बच्चों से मैंने वादा किया था की प्रथम आने पर उनको स्कूटी या बाइक इनाम में दूँगी। मेरिट होल्डर बच्चो को किए गये वादे अनुसार स्कूटी आरक्षित कर दी गयी है। पुनः आप दोनों को बधाईज्

#### एग्जाम शुरू होने से पहले की थी घोषणा

पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व भरतपुर-सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने बोर्ड परीक्षा शुरू होने से पहले भरतपुर-सोनहत विधानसभा में टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को बाइक व स्कूटी देने की घोषणा की थी। सोशल मीडिया में पोस्ट कर रेणुका सिंह ने लिखा था की मेरे विधानसभा क्षेत्र भरतपुर सोनहत में 10 वी और 12 वी में अव्वल आने वाले छात्रों को मैंने पुरस्कृत करने का निर्णय लिया है। बोर्ड परीक्षा में अव्वल आने छात्रों को मैंने बाइक या स्कूटी देने का निर्णय लिया है। इसी घोषणा को पूरा करते हुए 4 जून के बाद आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के बाद जनकपुर में भव्य कार्यक्रम आयोजित कर टॉपर छात्राओं को स्कूटी वितरण होगा।

### स्वयं को जैसा बनाना चाहे हम बना सकते है-पूजा बहन

**अम्बिकापुर**, 14 मई (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शिक्षाविद् सेवा प्रभाग द्वारा नव विश्व भवन चोपड़ापारा अम्बिकापुर में छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिये आयोजित उमंग समर कैम्प 2024 के चौथे दिन को फ्रेण्डशीप दिवस के रूप में मनाया गया। मैं सुखस्वरूप आत्मा हूँ और बच्चों को नम्रता रूपी गुण को जीवन में धारण करने की बात कहीं गयी।



समर कैम्प के चौथे दिन ब्रह्माकुमारी पूजा बहन बच्चों को जीवन में सफल रहने की कला बताते हुये कहा कि यह बाल्य रूप जीवन बनाने का समय है, इसी समय स्वयं को जैसा बनाना चाहे हम बना सकते है। सफल व्यक्ति बनने के लिये हर समय, हर बात में और हर परिस्थिति में से सकारात्मक बातों का ही चयन करना होगा, क्योंकि संसार में जितने भी व्यक्ति महान बने है, वो विषम परिस्थितियों का निडरता और साहस से सामना कर अपना नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित कराया और हम लोग भी अथक परिश्रम और दृढ़ता से कर सकते है। आगे उन्होंने बच्चों को बताया कि सफल होने के लिये सर्वप्रथम हमें अपने अमूल्य समय के महत्व को समझ उसे व्यर्थ जाने से, कोई काम टालने की आदत को खत्म करना होगा, तभी हम सफल व्यक्ति बन सकते है।

ब्रह्माकुमारी ममता बहन ने बताया कि हम जो अपने को नाम, रूप , धर्म और पद से पहचान देते है वो सत्य नहीं बल्कि क्षणिक है, ये समय के साथ सब बदल जाता है। हम वास्तव में चैतन्य आत्मा ज्योति बिन्दू है, जो इस शरीर को चलाती है और आत्मा के सात मूल गुण- ज्ञान, पवित्रता, प्रेम, शांति, सुख, आनन्द और शक्ति है। ये सात गुण हमारे शरीर के मुख्य अंग से जुड़ा हुआ है। जैसे- जैसे इन सातो गुणों में कमी आती है, तो शरीर भी बीमारियो आदि से ग्रसित हो दु:खी हो जाता है पर रोज इन सातों गुणों का चिन्तन करने से आत्मा शक्तिशाली और शरीर स्वस्थ बनता है तथा मन के विकार काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार अधीरता, ईर्ष्या, और उदासी पर विजय प्राप्त कर सदा सुख, शांति और तनावमुक्त जीवन जी सकते है।

आज बच्चों के बुद्धि का मनन चिन्तन चले और बुद्धि प्रखर बने इसके लिये निबन्ध प्रतियोगिता कराया गया जिसमें काफी बच्चों ने बहुत उमंग से भाग लिया।

### किराये मकान पर रह रहे किरायेदारों की जांच के लिए पुलिस ने चलाया अभियान

**रायगढ़** 14 मई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देशन पर जिले में किरायेदारों, घरेलू नौकरों, फेरीवाले व मुसाफिरों के सत्यापन का अभियान चलाया जा रहा है।

सोमवार को रायगढ़ जिले के थाना चक्रधरनगर के अम्बेडकर आवास, थाना कोतरारोड़ के किरोड़ीमलनगर, चिराईपानी क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने सघन भौतिक सत्यापन अभियान चलाया जिसमें पुलिसकर्मियों ने किरायेदारों, घरेलू नौकरों, बाहरी व्यक्तियों को की जांच की। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने मकान मालिक और किरायेदारों को जिले में आने वाले प्रत्येक बाहरी व्यक्ति का भौतिक सत्यापन होना अनिवार्य बताते हुए मकान मालिकों को किरायेदार रखने पर उनका भौतिक सत्यापन करवाने कहा गया तथा ऐसा नहीं करने पर वैधानिक कार्रवाई की जानकारी दी गई। किरायेदारों और बाहरी व्यक्तियों के भौतिक सत्यापन की यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी।

### क्रेडा सीईओ राणा ने जिले में विभिन्न गांवों में स्थापित सौर संयंत्रों का किया औचक निरीक्षण

#### किसानों से सौर पम्पों की उपयोगिता की ली जानकारी

**अम्बिकापुर**, 14 मई (देशबन्धु)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी क्रेडा राजेश सिंह राणा द्वारा सरगुजा जिले के गत दो दिवसीय प्रवास पर जिले में स्थापित सौर संयंत्रों का जिले और संभाग के समस्त अधिकारियों के साथ औचक निरीक्षण किया गया। साथ ही कार्य की गुणवत्ता को प्राथमिकता देते कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। श्री राणा द्वारा स्थल निरीक्षण के दौरान जिले के विभिन्न गांवों में स्थापित सौर संयंत्रों का गुणवत्ता परीक्षण भी किया गया एवं किसानों से संयंत्रों की उपयोगिता के संबंध में जानकारी ली गई।

उन्होंने विशेष तकनीकी टीम के साथ जिले के लुण्ड्रा और उदयपुर विकासखंड का दौरा करते हुए स्थापित सौर संयंत्रों का स्थल पर समस्त अधिकारियों के मौजूदगी में निरीक्षण किया गया। उन्होंने पूर्व से किए जा रहे सौर संयंत्रों के स्थापना कार्य में गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता ना किये जाने के निर्देश स्थल पर मौजूद अधिकारियों को दिए।



भ्रमण के दौरान विकासखण्ड लुण्ड्रा के ग्राम-बटवाही में किसान श्री अली हुसैन के यहां स्थापित सौर पम्प 3 एचपी सबमर्सिबल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री राणा के द्वारा कृषक से स्वयं पम्प की उपयोगिता के संबंध में जानकारी ली। जिस पर कृषक ने बताया कि सौर पम्प स्थापित होने के बाद उन्हें निर्बाध रूप से पम्प के माध्यम से पानी की आपूर्ति हो रही है जिससे वर्तमान में उनके द्वारा 2.5 से 3 एकड़ में खीरा के फसल लगाया गया है और अच्छी आमदनी होने की संभावना है।

विकासखण्ड उदयपुर में स्थापित सौर पम्पों के निरीक्षण के दौरान श्री राणा के द्वारा ग्राम-रामनगर के कृषक कलेश्वर प्रसाद राजवाड़े के खेत में स्थापित सौर पम्प का निरीक्षण किया गया। कृषक ने बताया कि सौर पम्प के स्थापना उपरांत उनके द्वारा 3-4 एकड़ भूमि में सब्जियों का उत्पादन किया जा रहा है। इसी तरह ग्राम दावा में जल जीवन मिशन के अंतर्गत सौर डयुल पम्प के माध्यम से पेय जल आपूर्ति का निरीक्षण करते हुए, मौके पर मौजुद अधिकारीयों को निर्देश दिया गया कि जिन स्थलों में क्रेडा द्वारा सोलर डयुल पम्प का स्थापना कार्य पूर्ण किया जा चुका है, ऐसे स्थलों में लोक स्वाथ्य यांत्रिकी विभाग से समन्वय स्थापित कर कनेक्टीवटी करवाये जाने हेतु प्रयास करें जिससे ग्रामवासी पेय जल से लाभांवित हो सके।

## सार-संक्षेप



### नन्हे कदम सनातन की ओर

## अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन में बच्चों को सनातन धर्म की दी जा रही शिक्षा

**खरसिया,** 14 मई (देशबन्धु)। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा खरसिया के द्वारा धर्म की नगरी खरसिया में पहली बार सनातन धर्म की नि:शुल्क क्लास लगाई गई। 12 मई को क्लास की शुरुवात हुई।

नन्हे कदम सनातन की ओर अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा खरसिया की अध्यक्ष ऋतु अजय बंसल एवं सभी सदस्यों का छोटे बच्चों को अपने धर्म की ओर ले कर जाना एक सपना था और काफी लंबे समय से इसको साकार करने का सोच रही थी समिति की बाक़ी सभी सदस्यों, श्याम कुटुंब परिवार एवं नगर के छोटे बच्चों की सहायता से यह चार दिवसीय प्रोग्राम को सफल बनाने की कोशिश जारी है। प्रथम दिवस की क्लास में लगभग 55 बच्चो ने हिस्सा लिया उम्मीद है ये संख्या आगे और बढ़ती जाएगी। समिति का मानना है कि जिस प्रकार एक बड़े छाँवदार वृक्ष बनने कि लिए उसकी जड़ो की पकड़ की मज़बूती ज़रूरी है, ठीक उसी प्रकार, धर्म की पकड़ के लिए छोटे बच्चों की धर्म के प्रति नींव मज़बूत होनी ज़रूरी है। भविष्य में भी समिति के द्वारा सनातन धर्म के प्रचार के लिए अन्य प्रोग्रामों का आयोजन ज़रूर किया जाएगा। अध्यक्ष ऋतु अजय बंसल ने रायगढ़ से पधारे श्री रानू महाराज और खरसिया नगर पालिका अध्यक्ष राधा सुनील शर्मा का शाल श्री फल और पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। समिति सचिव रीना गर्ग कोषाध्यक्ष संगीता नूतन अन्नू गर्ग, शारदा मंत्री, मीनू मित्तल रेखा गर्ग, अंजू नरेश, हेमा अग्रवाल ने भी स्वागत सत्कार कर कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

## श्रेयस ने बारहवीं सीबीएसई बोर्ड में किया टाप



**सारंगढ** , 14 मई (देशबन्धु)। ख्यातिलब्ध प्राचार्य एल एल मिश्रा के नाती व नेता मनोज मिश्रा के सुपुत्र श्रेयस ने अशोका पब्लिक स्कूल की बारहवीं सीबीएसई बोर्ड में टाप करके नगर को गौरवान्वित किया है।

## ज्ञानदीप का 10 वीं तथा 12वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा



**जांजगीर,** 14 मई (देशबन्धु)। ज्ञानदीप जांजगीर 10 वीं तथा 12वीं के परीक्षा परीणाम उत्कृष्ट रहा। 10 वीं की परीक्षा में कुल प्रविष्ट 88 विद्यार्थीयों में से 57 विशेष योग्यता के साथ प्रथम स्थान पर अक्षरा यादव 561 (93.33प्रतिशत), द्वितीय स्थान पर स्मिता यादव 533 (88.83 प्रतिशत), तृतीय स्थान पर सिमरन राठौर 531(88.50 प्रतिशत), इसी प्रकार क्रमश: देवेन्द्र कुमार थवाइत 530(88.33प्रतिशत), अंकित कुमार दिवाकर 512(85.33प्रतिशत), दिव्यांश टैगोर 504(84प्रतिशत), लक्ष्मीन कश्यप 498 (83प्रतिशत), पीहू स्वर्णकार 496 (82.66प्रतिशत), प्रेक्षा चौहान 492 (82प्रतिशत), आदित्य यादव 486 (81प्रतिशत), याशमिन 466 (77.66प्रतिशत), अदिति साहू 455(75.83प्रतिशत), निकिता नागदौने 450 (75प्रतिशत), नोवेल वर्मा 448(74.66प्रतिशत), श्वेता सोनी 437(72.83 प्रतिशत), कंचना नायक 435 (72.50 प्रतिशत), मानव देंवागन 430 (71.66 प्रतिशत), राजदीप राठौर 429 (71.5 प्रतिशत), अमीषा राठौर 422 (70.33 प्रतिशत), राशी थवाइत 418 (69.66 प्रतिशत), साहिबा परवीन 417 (69.5 प्रतिशत), राहुल साहू 415 (69.16 प्रतिशत), प्रकाश तिवारी 412 (68.66 प्रतिशत) हैं।

12वीं की परीक्षा में कुल प्रविष्ट 132 विद्यार्थीयों में से 64 विशेष योग्यता के साथ प्रथम स्थान पर रहे। प्रथम स्थान पर प्रिंस अग्रवाल 449(89.8 प्रतिशत), द्वितीय स्थान पर निकीता राठौर 411 (88.2 प्रतिशत), तृतीय स्थान पर अंकित वैष्णव 427(85.40 प्रतिशत), इसी प्रकार क्रमश: खुशी यादव 416 (83.2 प्रतिशत), प्रांशी सिंह 410(82 प्रतिशत), साक्षी खटकर 408(81.6 प्रतिशत), तनुश्री गबेल 402 (80.4 प्रतिशत), विनी बंजारे 377(75.4 प्रतिशत), अनिरूध्द सिंह गौतम 373 (74.6 प्रतिशत), रितु 372 (74.4 प्रतिशत), प्रियंका कंवर 368 (73.6 प्रतिशत), विधि शर्मा 364 (72.8 प्रतिशत), काजल कश्यप 358 (71.6 प्रतिशत), उषा किरण साहू 358(71.6 प्रतिशत), अमिषा 351 (70.2 प्रतिशत), रिया हंसराज 350 (70 प्रतिशत), प्रकृति तंबोली 350 (70 प्रतिशत), अश्मित सिंह 347 (69.4 प्रतिशत), प्रिंस साहू 346(69.2 प्रतिशत), मुस्कान सिंह क्षत्री 344 (68.5 प्रतिशत) प्रकाश साहू 342 (68.4 प्रतिशत), दुर्गेश कुमार 341 (68.2 प्रतिशत), ऐश्वर्य कुमार राठौर 340 (68 प्रतिशत) हैं। उक्त सभी विद्यार्थियों ने अधिकतम विषयों में विशेष योग्यता के साथ सफलता अर्जित की अन्य विद्यार्थियों ने भी अच्छे अंको से परीक्षा उर्तीण की। कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत रहा, संस्था के प्राचार्य डॉ. अखिलेश कटकवार ने अच्छे परीक्षा परिणाम का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, संस्था की अध्यापन व्यवस्था, पालकों का सहयोग तथा संस्था के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं तथा कर्मचारियों की मेहनत के लिये हर्ष व्यक्त किया।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के लिए खेल संघों की बैठक



**जांजगीर,** 14 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ममता यादव एवं जिला खेल अधिकारी प्रमोद बैस की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर हेतु जिला खेल संघों के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संयुक्त कलेक्टर ने 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 20 मई से 09 जून तक आयोजित किया जाना है जिसके लिए आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने कहा। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि शिविर में भाग लेने हेतु इच्छुक बालक एवं बालिकाए संबंधित खेल संघ या खेल एवं युवा कल्याण विभाग जांजगीर में अपना आवेदन जमा कर सकते है या जानकारी प्राप्त कर सकते है। प्रशिक्षण में सब जूनियर एवं जूनियर वर्ग के शहरी एवं ग्रामीण बालक/बालिका को भाग लेने की पात्रता होगी। बैठक में विभिन्न खेल संघो के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# फर्जी ऋण पुस्तिका जारी करने के आरोप में पटवारी गिरफ्तार

### बैंक से 22 लाख रू लोन निकालने का मामला

**जांजगीर,** 14 मई (देशबन्धु)। फर्जी ऋण पुस्तिका जारी करने से बैंक से 22 लाख रू लोन निकालने के मामले में आरोपी पटवारी गिरफ्तार को बिर्रा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि पटवारी के द्वारा जानबूझ कर प्रार्थी नम्मू लाल पटेल के पैतृक जमीन को आरोपी परमानंद कर्ष के नाम से आनलाईन तैयार किया गया। जिसके आधार पर एच.डी.एफ.सी. बैंक राजिम जिला गरियाबंद से लगभग 22 लाख रूपये का लोन लिया गया।

मामले पर बिर्रा पुलिस ने बताया कि 17 जनवरी 2024 को प्रार्थी नम्मू लाल पटेल पिता स्व. भोकलो पटेल उम्र 67 वर्ष ग्राम देवरानी थाना बिर्रा, जिला जांजगीर चांपा द्वारा थाना में लिखित आवेदन पत्र पेश किया कि तत्कालिन पटवारी हल्का नं. 11 सिलादेही दयाराम साहू ग्राम तालदेवरी एवं परमानंद पिता किरीराम कर्ष ग्राम पवनी थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ के द्वारा मिलकर फर्जीवाड़ा कर धोखाधड़ी करने के संबंध में जो कि खसरा नंबर 104/02, 334/1, 482/3, 733/4, 756/6, 1045/4, 1513/1, 1513/3, 1668/4, 1722/3, 1789/3, 1789/2, 1318/2, 1516/1 को जो लगभग 25 एकड़ भूमि खेत हैं। जिसे तत्कालिन पटवारी हल्का नंबर 11 दयाराम साहू एवं पटवारी दयाराम साहू के सहायक ताराचंद पटेल के अपराधिक षड़यंत्र कर फर्जी तरीके से इन्ही खसरा नंबरों की फर्जी ऋण पुस्तिका तैयार कर तथा ऋण पुस्तिका में पटवारी, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक का सील हस्ताक्षर कर फर्जी ऋण पुस्तिका आरोपी परमानंद कर्ष के नाम से तैयार कर तत्कालिन पटवारी के द्वारा डिजिटल हस्ताक्षर किया गया, तथा पटवारी के द्वारा जानबूझ कर प्रार्थी नम्मू लाल पटेल के पैतृक जमीन को आरोपी परमानंद



कर्ष के नाम से आनलाईन तैयार किया गया हैं। दिनांक 03 फरवरी2023 को अपने नेट आईडी में लगभग 12 एकड़ बनाकर ऑनलॉईन से बी-1 एवं अन्य दस्तावेज से परमानंद पिता किरी राम कर्ष उम्र लगभग 42 वर्ष ग्राम पवनी थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ के द्वारा कूट रचित करते हुए 24 मई 2023 को एचडीएफसी बैंक राजिम जिला गरियाबंद से लगभग 22 लाख रूपये का लोन लिया गया। रिपोर्ट पर थाना बिर्रा में धारा 420,467,468,471,34,120 बी भादवि का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। तत्कालिन हल्का पटवारी के विरूद्ध डिजिटल हस्ताक्षर के संबंध में जानकारी हेतु पत्राचार किया गया। जांच पर तत्कालिन हल्का पटवारी दयाराम साहू के द्वारा ही आनलाईन हस्ताक्षर करना पाया गया। चूंकि हल्का पटवारी दयाराम साहू अपने लाभ अर्जित करने के आशय से इस तरह का कृत्य किया हैं। आरोपी दयाराम साहू पिता बहरता राम साहू उम्र 47 वर्ष साकिन तालदेवरी के विरूद्ध विवेचना में प्रथम दृष्टया अपराध सबूत पाए जाने से 13 मई 24 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में कार्यवाही में उनि. कृष्ण पाल सिंह थाना प्रभारी बिर्रा, सउनि रजेट लाल यदु, आर. रघुवीर यादव, दीपक तिवारी का योगदान रहा।

### जरा संभल के चलना सड़क पीडब्ल्यूडी का है !

## डभरा से खोंधर मोड़ एसडीएम कार्यालय तक सड़क मार्ग जर्जर

**डभरा,** 14 मई (देशबन्धु)। डभरा से खोंधर मोड़ एसडीएम कार्यालय तक मुख्य सड़क मार्ग की हालत अत्यंत दयनीय हो चुकी है। इस सड़क पर बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे हो चुके हैं। जिसमें राहगीर जान जोखिम में डालकर आवागमन कर रहे हैं मगर जिम्मेदार सुध नहीं ले रहे हैं।



मुख्य सड़क मार्ग की हालत इतनी खराब है कि रोज ट्रक गड्ढे में फंस रहे है ।11 मई को धान से भरे ट्रक गड्ढे में जाने से पलटने से बाल बाल बचा है। सड़कों पर चारपहिया वाहन के बोनट टूट रहे है, तो भारी वाहनों के पट्टे टूट रहे है। वाहन खराब हो रहे हैं वहीं मोटरसाइकिल पैदल चलना मुश्किल हो गया है। डभरा से खोंधर मोड़ तक सड़क मार्ग पर जगह-जगह बड़े-बड़े 2 से 3 फुट के गड्ढे हो चुके हैं जो जानलेवा साबित हो रहे हैं। सड़क मार्ग पर भारी भरकम वाहनों का आना-जाना हो रहा है। इसके बाद भी लोक निर्माण विभाग के अधिकारी एवं जिला प्रशासन के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। जबकि सड़क मार्ग पर हर रोज जिला प्रशासन के आला अधिकारी एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी आना-जाना करते हैं फिर भी इस सड़क मार्ग के गड्ढे पर नज़र उनकी नहीं पड़ रही है जो समझ से परे है। जबकि इस सड़क मार्ग के बारे में ग्रामीणों द्वारा कई बार प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं इसके बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है गड्ढे ही गड्ढे हो रहे हैं। ग्राम सुखापाली के ग्रामीण शिवचंद नारंगे एवं ग्राम बासीन के युवा सौरभ आदित्य ने कहा कि खोंधर मोड़ से कालेज मोड़ डभरा सड़क मार्ग की हालत बहुत ही खराब है रोज आना जाना करते हैं बहुत मुश्किल से जान जोखिम में डालकर डभरा पहुंचते हैं जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हैं कभी भी गंभीर हादसे हो सकते हैं जबकि सड़क जर्जर हालत के बारे में क्षेत्रीय प्रतिनिधियों एवं प्रशासन विभाग को अवगत करा चुके हैं

#### जल्दी ही सड़क मार्ग की मरम्मत कराई जाएगी

इस संबंध में लोक निर्माण विभाग सक्ति के एसडीओ राकेश द्विवेदी ने बताया कि सड़क मार्ग के बारे में मुझे जानकारी मिल गई है जल्दी ही सड़क मार्ग की मरम्मत कराई जाएगी ।

## कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

### विभिन्न विभागों के कार्यों का कलेक्टर ने किया समीक्षा

**सक्ती,**14 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने आज कलेक्ट्रेट जिला कार्यालय सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर श्री तोपनो ने लोकसभा आम निर्वाचन के अंतर्गत जिले में शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक मतदान कार्य संपन्न कराने के लिए जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की। इसके लिए उन्होंने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।




उन्होंने सभी अधिकारियों को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदान के कार्य संपन्न होने के पश्चात् अपने-अपने विभागों के कार्यों में कसावट और गति लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने जिले के सभी अधिकारियों-कर्मचारियो को आम जनता के हित में शासकीय कार्यों का संपादन पूरी निष्ठा एवं तत्परता के साथ करने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को अपने अधिनस्थ कर्मचारियों के कार्यों की समीक्षा भी करने के निर्देश दिए। जिससे कि निर्धारित समयावधि में विभागीय कार्यों का संपादन कर आम जनता को उसका लाभ व्यवस्थित रूप से दिलाना सुनिश्चित कराया जा सके। बैठक में अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, एसडीएम सक्ती केएस पैकरा, एसडीएम डभरा बालेश्वर राम, एसडीएम मालखरौदा रूपेंद्र पटेल, कोषालय अधिकारी दशरथ प्रसाद सोनी सहित सभी राजस्व अधिकारी व अन्य सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा विभाग, खाद्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पंचायत, सिचाई, कृषि, लोक निर्माण विभाग, राजस्व, सहकारिता सहित अन्य सभी विभागों के कार्यों की बारी-बारी से समीक्षा की। बैठक में उन्होंने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए द्य उन्होंने नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को जिले के सभी नगरीय निकायों में समुचित साफ-सफाई के अलावा बुनियादी व्यवस्थाओं को दुरूस्त कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को भू-अर्जन के प्रकरण, अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही सहित राजस्व कार्यों में तेजी लाते हुए राजस्व प्रकरणों को अद्यतन रखने कहा। इसी प्रकार कलेक्टर द्वारा अन्य सभी विभागों के विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए है।

## वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने पर मरम्मत खर्च देने से किया इंकार अब देना होना क्षतिपूर्ति

### जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग जांजगीर का आदेश

जांजगीर, 14 मई (देशबन्धु)। जिला उपभोक्ता आयोग के अनुसार उपभोक्ता शिकायतकर्ता जयकिशन केडिया निवासी बाराद्वार ने मैग्मा एचडीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से वाहन आइचर प्रो 2059 एक्स पी मालवाहक क्रमांक सीजी 11 ए एक्स 2437 का बीमा 02 जून 23 से 01 जून 24 तक के लिए कमर्शियल पैकेज एडऑन बीमा पॉलिसी कराया था। बीमा अवधि में वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने पर बीमा कंपनी ने मरम्मत में खर्च की गई राशि इस आधार पर देने से इनकार किया कि शिकायतकर्ता नाम दावा प्रपत्र में सही विवरण नहीं दिया था, तथा वाहन में क्षति पूर्व की है। दुर्घटना के समय की नही है। जिसकी क्षतिपूर्ति राशि देने के कंपनी उत्तरदाई नहीं है। तब शिकायतकर्ता ने जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर के समक्ष शिकायत प्रस्तुत किया था।




जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर के अध्यक्ष प्रशांत कुंडू , सदस्य विशाल तिवारी, सदस्य श्रीमती महिमा सिंह ने दोनों पक्षों के द्वारा पेश शपथ पत्र, दस्तावेजों का सावधानी पूर्वक अवलोकन कर पाया कि वाहन बीमा अवधि में ही दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। वाहन में आई क्षति दुर्घटना के समय की ही है। बीमा कंपनी ने क्लेम से इनकार कर सेवा में कमी की है। अत: बीमा कंपनी उपभोक्ता शिकायतकर्ता को क्लेम राशि 1 लाख 41 हजार 8 सौ 4 रुपये मासिक संताप का 10 हजार रुपये तथा वाद व्यय का 3, हजार आदेश दिनांक से 45 दिनों के भीतर अदा करेगी । नियत अवधि में आदेशित राशि नहीं देने पर आदेश दिनांक से भुगतान दिनांक तक आदेशित राशि पर 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देगी। अत: उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 35 के अंतर्गत पेश परिवाद/ शिकायत को स्वीकार कर उक्त आदेश पारित किया गया।

## स्ट्रांग रूम परिसर सारंगढ़ के सुरक्षा व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण



**सारंगढ़,** 14 मई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी आईएएस वासु जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू ने जिला निर्वाचन कार्यालय सारंगढ़ के परिसर में स्थित स्ट्रांग रूम के बाहर की सुरक्षा व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सभी ने सीसीटीवी कैमरा के संचालन और रजिस्टर में आगंतुक अधिकारियों राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, प्रत्याशियों के विगत दिनों में किए गए निरीक्षण का अवलोकन किया। अधिकारियों को परिसर का सुरक्षा कर रहे 33वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल केवंटी कांकेर के निरीक्षक श्री रमेश कुमार जाखड़ ने परिसर की ड्यूटी के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी एसडीओ विग्नेश कुमार भी उपस्थित थे।

# होटल एकार्ड में पुलिस की रेड, खरसिया, शक्ति,घरघोड़ा के 7 जुआरी गिरफ्तार

### जुआरियों से 87,070 की जप्ती

**खरसिया,** 14 मई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर थाना प्रभारी कोतवाली शहर में जुआ-सट्टा, अवैध शराब पर अंकुश लगाने मुखबिर सक्रिय कर रखे गए हैं, जिनकी सूचनाओं पर पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है ।

इसी क्रम में आज रात्रि करीब 7.30 बजे कोतवाली थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ढिमरापुर रोड स्थित एकार्ड होटल में कुछ जुआरियान ताश से जुआ खेलने इकट्ठा हुए हैं । सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर अपनी टीम के साथ होटल में छापेमारी किया गया जहां जुआ खेलते 07 जुआरी- (1) मनोज अग्रवाल पिता ओम प्रकाश अग्रवाल उम्र 44 साल निवासी टेंडा नवापारा थाना घरघोड़ा जिला रायगढ़ (2) प्रताप अग्रवाल पिता गणेश राम अग्रवाल उम्र 30 साल निवासी वार्ड क्रमांक 7 सक्ती थाना व जिला सक्ती (3)



अंकित अग्रवाल पिता अशोक कुमार अग्रवाल उम्र 34 साल निवासी जैन मेडिकल खरसिया वार्ड क्रमांक 14 चौकी खरसिया (4) संदीप अग्रवाल पिता रामनिवास अग्रवाल उम्र 38 साल 38 साल निवासी अग्रसेन मार्ग खरसिया वार्ड क्रमांक 15 चौकी खरसिया (5) आकाश पंसारी पिता कैलाश चंद्र पंसारी उम्र 30 साल निवासी जिंदल प्लाजा के पीछे वार्ड क्रमांक 15 थाना व जिला सक्ती (6) कैलाश अग्रवाल पिता ओम प्रकाश अग्रवाल उम्र 50 साल निवासी टेंडा नवापारा थाना घरघोड़ा जिला रायगढ़ (7) सावन कुमार अग्रवाल पिता प्रहलाद राय उम्र 41 साल वार्ड क्रमांक 13 थाना व जिला सक्ती को पुलिस ने जुआ खेलते पकड़ा जिनके फड और पास से कुल 87,070 नगद और जुआ सामग्री 52 पत्ती ताश की जप्ती की गई है । जुआरियों पर थाना कोतवाली में जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3 के तहत कार्यवाही किया गया है।

जुआ रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल, प्रधान आरक्षक हेमंत पात्रे, आरक्षक संदीप मिश्रा, उत्तम सारथी शामिल थे।

## स्काउट गाइड, रोवर, रेंजर और यूनिट लीडर्स को किया गया सम्मानित

**सक्ती,** 14 मई (देशबन्धु)। भारत स्काउट्स गाइड्स राज्य मुख्य आयुक्त सोमनाथ यादव के निर्देशानुसार भारत स्काउट्स गाइड्स ज़िला संघ सक्ती में प्याऊ घर का समापन करते हुए समस्त स्काउट गाइड, रोवर, रेंजर व यूनीट लीडर्स को सेवा कार्य हेतु सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही प्रशस्ति पत्र देकर सेवा कार्य करते रहने हेतु एवं मानवीय कार्य में अपना योगदान देते रहने हेतु प्रेरित किया गया।




जानकारी अनुसार 130 स्काउट्स गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स छात्रों ने अपनी सहभागिता निभाई है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सपोस (डभरा), शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फ़गुरम (मालखरौदा) जैजैपुर, बस स्टैंड जैजैपुर, रानी दुर्गावती ओपन रेंजर दल कुटराबोड़ व राम मंदिर जैजैपुर, रेल्वे स्टेशन सक्ती, शासकीय हाई स्कूल परसदाखुर्द व सेजेस कसेरपारा सक्ती में एक माह तक अनवरत प्याऊ घर का संचालन किया गया। ज़िला सचिव श्रीमती कमलाकपि गवेल ने शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए सबको एकजुट होकर कार्य करते रहने हेतु प्रेरित किया। साथ ही यूनिट लीडर्स देव नारायण सिदार, सुश्री सुनीता चौहान, श्रीमती नियति पटेल,संजीव कुमार राठिया, श्रीमती जयंती खमारी, श्रीमती अनिता खाखा, चंद्रकांत राठिया, श्रीमती निखत करिम, प्रमोद कुमार देवांगन, खगेश भारद्वाज, सुरेंद्र कुमार सिदार, लोकेश जगत, सेजेस स्टेशनपारा सक्ती से जिला संगठन आयुक्त स्कॉउट सीएल राठौर, जिला संगठन आयुक्त गाइड श्रीमती रंजिता राज एवं ज़िला प्रशिक्षण आयुक्त श्रीमती गीता सायतोड़ा द्वारा समस्त टीम को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की गई हैं।

# देश विदेश

## अफगानिस्तान में बाढ़ से करीब 4 हजार बच्चे हुए बेघर

**काबुल,** 14 मई (एजेंसियां)। उत्तरी अफगानिस्तान के बगलान प्रांत और अन्य क्षेत्रों में शुक्रवार को आई मूसलाधार बारिश के बाद बाढ आने से करीब 40 हजार बच्चे बेघर हो गए। ग्लोबल चैरिटी सेव द चिल्ड्रन ने सोमवार को यह जानकारी दी। अफगानिस्तान में चैरिटी के कंट्री डायरेक्टर अरशद मलिक ने कहा कि बच्चे सहमे हुए हैं, कई ने अपना सब कुछ खो दिया है। न केवल उनका घर और स्कूल परिसर क्षतिग्रस्त हुआ, बल्कि वो भी जगह नष्ट हो गई जहां वे खेलते थे। उन्होंने अपने आसपास उन सभी को भी खो दिया है, जिनसे वे परिचित थे। अब उनकी दिनचर्या पहले जैसी नहीं रही। बाढ़ के कहर से बगलान, तखर, बदख्शां और घोर सहित अन्य प्रांतों के 330 से अधिक लोग मारे गए।

# संरा ने सुरक्षा कर्मचारी की मौत पर जताया दुख

### संयुक्त राष्ट्र ने की हमलों की निंदा व जांच की मांग

**संयुक्त राष्ट्र**, 14 मई (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गाजा में एक हमले में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा एवं संरक्षा विभाग (डीएसएस) के एक कर्मचारी की मौत और एक अन्य डीएसएस कर्मचारी के घायल होने पर दुख जताया।



महासचिव के उप प्रवक्ता फरहान हक ने कहा कि घटना सोमवार सुबह की है। उनके वाहन पर उस समय हमला हुआ, जब वे राफा में यूरोपीय अस्पताल जा रहे थे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने संयुक्त राष्ट्र कर्मियों पर सभी हमलों की निंदा की और पूरी जांच की मांग की। उन्होंने मृत स्टाफ सदस्य के परिवार के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त की।

फरहान हक ने कहा कि गाजा में संघर्ष से न केवल नागरिकों बल्कि मानवीय कार्यकर्ताओं पर भी भारी असर पड़ रहा है। महासचिव ने तत्काल मानवीय संघर्ष विराम और सभी बंधकों की रिहाई के लिए अपनी अपील दोहराई। डीएसएस कर्मचारी, 7 अक्टूबर 2023 के बाद से गाजा में मारे गए संयुक्त राष्ट्र के पहले अंतरराष्ट्रीय कर्मचारी सदस्य बन गए हैं। अब तक संयुक्त राष्ट्र के साथ काम करने वाले लगभग 190 फिलीस्तीनी कर्मचारी मारे गए हैं। उप प्रवक्ता ने कहा कि मारे गए और घायल हुए डीएसएस कर्मचारियों के नाम और राष्ट्रीयता को गुप्त रखा जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र संबंधित सरकारों और संबंधित परिवार के सदस्यों को सूचित करने की प्रक्रिया में है।

## भारतीय नागरिक के रूप में हुई मारे गए संयुक्त राष्ट्र कर्मी की पहचान



**तेल अवीव।** दक्षिणी गाजा के रफा शहर में गोलीबारी में संयुक्त राष्ट्र के एक कर्मचारी की मौत हो गई और एक अन्य कर्मचारी घायल हो गया। मृतक कर्मचारी की पहचान भारतीय नागरिक के रूप में की गई है। वैभव अनिल काले (46) पूर्व भारतीय सेना कर्मी थे। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के उप प्रवक्ता फरहान हक ने सोमवार रात एक बयान में मृतक सहायता कर्मी की पहचान की घोषणा की। संयुक्त राष्ट्र अधिकारी के बयान के मुताबिक, वैभव अनिल काले एक महीने पहले गाजा में सुरक्षा सेवा समन्वयक के रूप में संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुए थे। संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि वैभव अनिल काले संयुक्त राष्ट्र के वाहन से यात्रा कर रहे थे। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र के सूत्रों ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि जिस वाहन में वैभव अनिल काले और एक अन्य संयुक्त राष्ट्र सहायता कर्मी यात्रा कर रहे थे, उसपर गोलीबारी किसने की। आईडीएफ पहले ही कह चुका है कि वह गोलीबारी और संयुक्त राष्ट्र सहायता कर्मी की मौत की जांच कर रहा है। आईडीएफ ने कहा कि हमला एक सक्रिय युद्ध क्षेत्र में हुआ।

## इजरायल से संबंधों पर पुनर्विचार कर सकता है मिस्र



**काहिरा।** गाजा पट्टी में इजरायल की व्यापक सैन्य कार्रवाई के जवाब में पड़ोसी देश मिस्र इजरायल से राजनयिक संबंधों को कम कर सकता है। वॉल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार, मिस्र के सरकारी अधिकारियों ने संकेत दिया है कि मिस्र इजरायल से अपना राजदूत वापस बुला सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि, संबंध को पूरी तरह से खत्म करने की फिलहाल कोई योजना नहीं है। काहिरा की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी अभी नहीं आई है। काहिरा में सरकार चिंतित है कि अगर गाजा के दक्षिणी हिस्से रफा में इजरायली आक्रमण बढ़ाया गया तो बड़ी संख्या में फिलिस्तीनी सीमा पार कर मिस्र में प्रवेश कर सकते हैं। मिस्र 1979 में इजरायल के साथ शांति स्थापित करने वाला पहला अरब देश था। देश गाजा पट्टी पर इजरायल की नाकाबंदी का भी समर्थन करता है। मिस्र ने रविवार को कहा कि वह दक्षिण अफ्रीका द्वारा इजरायल के खिलाफ लाए गए नरसंहार मुकदमे में भी शामिल होगा। दक्षिण अफ्रीका ने दिसंबर में युद्ध के दौरान कथित तौर पर किए गए नरसंहार के लिए इजरायल को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में ले गया। एक अंतरिम फैसले में अदालत ने इजरायल को नरसंहार रोकने के लिए उपाय करने का आदेश दिया।

## सुडोकू 6555

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 7 | 5 | | |
| | | | | | 8 | | 4 | 3 |
| | | | 4 | | 5 | | | 8 |
| 1 | | 4 | | | | | 9 | 6 |
| | | 9 | | | | 3 | | |
| 6 | 3 | | | | | 2 | | 5 |
| 9 | | | 5 | | 4 | | | |
| 2 | 4 | | 3 | | | | | |
| | | 5 | 6 | 9 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6555

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | ■ |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. के कारण... के सौजन्य से (उर्दू)
३. जिसे सुना न गया हो
५. निश्चय
६. करबद्ध नमन
७. कर आदि से बचने के लिए शासन से छिपाकर रखा गया रुपया
९. दक्ष, निपुण (उर्दू)
१०. जो घबराया या डरा हुआ न हो
१२. कथोपकथन
१३. प्रण
१४. पूरी तरह, नितांत
१६. झुका या गिरा हुआ
१८. देह, तन
२०. दृश्य काव्य, अभिनय
२१. दुर्बल, कमजोर
२३. रिसाव होने वाला

**ऊपर से नीचे:-**

१. शक्तिदायक
२. वश में या नियंत्रण में रखना
३. अभिनेता (मुहावरा)
४. सुगंध
५. उपयोग
८. जो चारों ओर से केंद्र की ओर झुका हो
१०. अपूर्ण, अनामुकम्मल
११. शहजादा, पुत्र
१२. जानकारी होना
१३. पहरेदार
१४. पयार्यवाची
१५. समान कोटि का
१७. मग्न, लीन
१८. पनाह
१९. एक प्रकार की ज्योतिष
२२. होंठ (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6554

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ आ | बे | २ ह | या | ३ त | ■ | ४ प | द | ५ चा | प |
| जी | ■ | म | ■ | ६ र | फ्ता | र | ■ | त | ■ |
| ७ वि | ध्वं | स | ■ | स | ■ | ८ व | न | क | ९ रि |
| का | ■ | फ | ■ | १० खा | मो | श | ■ | ■ | पु |
| ■ | ११ ह | र | १२ जा | ना | ■ | ■ | १३ शा | य | द |
| ■ | म | ■ | य | ■ | १४ वि | का | स | ■ | म |
| १५ चा | ल | १६ बा | ज | ■ | श्व | ■ | १७ क | १८ मा | न |
| टु | ■ | ल्य | ■ | १९ पु | स्त | २० क | ■ | हि | ■ |
| २१ का | लि | का | ■ | ल | ■ | २२ ठि | ठु | र | २३ ना |
| र | ■ | २४ ल | ड़ | क | प | न | ■ | ■ | मी |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : बुधवार 15 मई , 2024 बैशाख शुक्ल पक्ष 7**

### राशिफल

मेष - परिजनों के साथ वाद-विवाद होने से मन चिंता से भरा रहेगा। छाती में दर्द या अन्य कोई शारीरिक परेशानी होने से शरीर शिथिल रहेगा। निरर्थक आर्थिक खर्च से बचें। व्यापार और नौकरी में आज संभलकर रहें।

वृषभ - आज आपको हर काम में सफलता मिलेगी। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे। सामाजिक दृष्टि से आपको मान-सम्मान मिलेगा। दोपहर के बाद झगड़े का वातावरण बना रहेगा। आपकी एनर्जी कम हो जाएगी।

मिथुन - आज सुबह आपका मन क्रोधित रहेगा। शारीरिक रूप से अस्वस्थ और मानसिक रूप से चिंता का अनुभव होगा। व्यर्थ धन खर्च होगा। विद्यार्थियों को अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेंगे।

कर्क - आज का आपका दिन खुशी और आनंद के साथ गुजरेगा। आप कुछ अधिक ही संवेदनशील रहेंगे। आपकी कोई चिंता दूर हो सकती है। स्नेहीजन और मित्रों से मुलाकात सुखद रहेगी। हालांकि आप वाणी पर संयम रखें।

सिंह - आज वाणी में संयम रखें। स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी कन्फ्यूजन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें।

कन्या - आज आपको विविध क्षेत्रों से लाभ होने होने की संभावना है। व्यवसाय के क्षेत्र में लाभ होगा। साथी कर्मचारियों का पूरा सहयोग मिलेगा। दोस्तों के लिए धन खर्च कर सकते हैं।

तुला - आज का दिन आप के लिए एकदम शुभ है। धार्मिक काम में मन लगेगा और देव-दर्शन का लाभ मिलेंगे। विविध क्षेत्रों में लाभ मिल सकता है। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों से प्रोत्साहन मिलेगा।

वृश्चिक - आज का दिन आपके लिए शुभ है। नौकरीपेशा लोगों का टारगेट पूरा हो सकेगा। व्यापार में लाभ मिल सकता है। पार्टनरशिप के काम सफल रहेंगे। पिता से भी आर्थिक लाभ की संभावना दिख रही है।

धनु - किसी भी नए काम की शुरुआत आज न करें। किसी बात को लेकर मन में ग्लानि का भाव रहेगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें। परिजनों के साथ वाद-विवाद न करें।

मकर - आज का दिन दोस्तों के साथ मौज-मस्ती में गुजरने वाला है। मनोरंजक एक्टिविटी में आपका मन लगेगा। भागीदारी से लाभ होगा। सुखद यात्रा का संयोग बनेगा। व्यापार में भी आपको लाभ होगा,।

कुंभ - आज का दिन पूरी तरह से शुभ फलदायी है। व्यापार करने वालों के लिए दिन अनुकूल रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ बने रहेंगे। दोस्तों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा।

मीन - किसी बात की अशांति रहेगी। किसी कारणवश आकस्मिक धन खर्च आएगा। शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं होगा। दोपहर के बाद घर में आनंद और शांति का वातावरण बन जाएगा। काम में यश कीर्ति मिलेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## बाल्टीमोर पुल को तोड़ने के लिए किया गया नियंत्रित विध्वंस

**वाशिंगटन**, 14 मई (एजेंसियां)। अमेरिका में मैरीलैंड प्रांत के बाल्टीमोर में ढहे हुए पुल के एक बड़े स्टील खंड को तोड़ने के लिए सोमवार को एक नियंत्रित विध्वंस किया गया।

पुल को मालवाहक जहाज डाली ने मार्च में टक्कर मारकर नष्ट कर दिया था। बाल्टीमोर के मेयर ब्रैंडन एम. स्कॉट ने विध्वंस दल को सटीक और सुरक्षित कार्यनिष्पादन के लिए धन्यवाद दिया। स्कॉट ने एक्स पर लिखा कि चैनल को साफ करने के हमारे प्रयास में यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हम इसे सही तरीके से एक साथ पूरा करने जा रहे हैं। मौसम के कारण सोमवार शाम तक तोड़फोड़ को दो बार स्थगित किया जा चुका है। ब्रिज रिस्पॉन्स यूनिफाइड कमांड ने पिछले सप्ताह एक बयान में कहा कि एम/वी डाली के ऊपर से पुल के टुकड़े को हटाने का सबसे सुरक्षित और तेज तरीका कम समय के साथ सटीक कटौती करना है। यह नियंत्रित विध्वंस में एक उद्योग-मानक उपकरण है जो पुल को छोटे टुकड़ों में तोड़ देगा एवं जहाज को फिर से तैरने और संघीय चैनल से हटाने के काम की अनुमति देगा। अधिकारियों ने पिछले मंगलवार को कहा कि कथित तौर पर छह सड़क रखरखाव कर्मचारी जो पुल पर गड्ढों की मरम्मत कर रहे थे, इस दुखद घटना में मारे गए। उन्होंने कहा कि छठे और अंतिम कर्मचारी का शव बरामद किया है।



## इजरायली बंधकों के परिजनों ने कहा, हमारी उम्मीद अभी खत्म नहीं हुई

**तेल अवीव,** 14 मई (एजेंसियां)। हमास के पास अभी भी 100 से ज्यादा इजरायली बंधक हैं। बंधकों की याद में इजरायल के स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर तेल अवीव में लगभग एक लाख लोगों ने एक रैली में हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारी सोमवार शाम को हमारी उम्मीद अभी खत्म नहीं हुई है नारे के तहत एकत्र हुए। रैली में बंधकों और पूर्व बंधकों के परिजनों के साथ-साथ 7 अक्टूबर 2023 के आतंकवादी हमले से प्रभावित कस्बों और समुदायों के लोगों ने हिस्सा लिया। सोमवार इजरायल के शहीद सैनिकों और आतंकी हमलों में मारे गए लोगों की याद का वार्षिक दिन था। आयोजकों ने रैली में पूर्व बंधक एला बेन अमी के हवाले से कहा, हम एकजुट समुदाय से टूटे हुए और शोक संतप्त समुदाय में बदल गए हैं।



बेन अमी के पिता अभी भी हमास के कब्जे में हैं। एक अन्य ने इजरायली सरकार पर आतंकवादी हमले को रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, जिस सरकार ने अपने नागरिकों को अपहरण, हत्या और बलात्कार के लिए छोड़ दिया।

## न्यूजीलैंड में राष्ट्रीय गिरोह इकाई का गठन

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड सरकार ने कानून-व्यवस्था दुरूस्त करने और आपराधिक गिरोहों पर नकेल कसने में मदद के लिए राष्ट्रीय गिरोह इकाई तथा जिला गिरोह विघटन इकाइयों की स्थापना की है। पुलिस विभाग के मंत्री मार्क मिशेल ने यह जानकारी दी। मिशेल ने कहा कि नेशनल गैंग यूनिट और गैंग डिसरप्शन यूनिट आपराधिक गिरोह के सदस्यों को निशाना बनाने में उच्चतम स्तर की पुलिस विशेषज्ञता लाएगी और गिरोह के कारण होने वाली समस्याओं को नियंत्रित करने के लिए नए उपकरणों का अधिकतम उपयोग करेगी। उन्होंने कहा कि गिरोह केवल हमारे समुदायों में हिंसा और दुख पैदा करने तथा बनाए रखने के लिए हैं।

## ब्रिटेन के राजा चार्ल्स ने प्रिंस विलियम को सैन्य अधिकारी की भूमिका सौंपी

**लंदन,** 13 (एजेंसियां)। ब्रिटेन के राजा चार्ल्स ने अपने हैम्पशायर हवाई क्षेत्र की यात्रा के दौरान प्रिंस विलियम को आधिकारिक तौर पर आर्मी एयर कोर के कर्नल-इन-चीफ की भूमिका सौंपी। चार्ल्स 32 साल पहले आर्मी एयर कोर के कर्नल-इन-चीफ बने थे। उन्होंने अपनी यह भूमिका सोमवार दोपहर को मिडिल वॉलॉप बेस पर आयोजित एक दुर्लभ संयुक्त आधिकारिक कार्यक्रम में अपने बड़े बेटे विलियम को सौंप दी।

आर्मी एयर कॉर्प्स ड्यूक ऑफ ससेक्स की पुरानी इकाई है, जिसमें उन्होंने 2012 में अफगानिस्तान के अपने दूसरे दौरे के दौरान अपाचे हेलीकॉप्टर कमांडर और सह-पायलट गनर के रूप में कार्य किया था। पिछले साल विलियम को सैन्य भूमिका सौंपने के राजा के फैसले को हैरी के लिए एक झटके के रूप में देखा गया था। राजा ने कहा कि आर्मी फ्लाइंग म्यूजियम में सैनिकों, उनके परिवारों और दिग्गजों से मिलना बहुत खुशी का मौका था।



**मुझे आशा है कि वेल्स के राजकुमार को अपना नया कर्नल-इन-चीफ बनाकर आप भविष्य में और अधिक सशक्त होंगे : राजा चार्ल्स**

उन्होंने कहा कि मुझे आशा है कि वेल्स के राजकुमार को अपना नया कर्नल-इन-चीफ बनाकर आप भविष्य में और अधिक सशक्त होंगे। बड़ी बात यह है कि वह वास्तव में एक बहुत अच्छा पायलट है-इसलिए यह उत्साहजनक है। उन्होंने प्रदर्शित होने जा रहे विमान अपाचे एएच एमके.1 की स्मृति में एक पट्टिका का अनावरण किया।

## अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन अचानक पहुंचे यूक्रेन



**कीव,** 14 मई (एजेंसियां)। एंटनी ब्लिंकन मंगलवार को अचानक राजधानी कीव पहुंच गए। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि ब्लिंकन वरिष्ठ यूक्रेनी अधिकारियों से मिलने और यूक्रेन के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के स्थायी समर्थन पर प्रकाश डालने के लिए आज यूक्रेन पहुंचे। मैथ्यू मिलर ने आगे कहा कि यूक्रेन में रहते हुए एंटनी ब्लिंकन राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की, प्रधानमंत्री डेनिस शमीहाल और विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा से मुलाकात करेंगे।

वह युद्धक्षेत्र के अपडेट, नई अमेरिकी सुरक्षा और आर्थिक सहायता के प्रभाव, दीर्घकालिक सुरक्षा और अन्य प्रतिबद्धताओं तथा यूक्रेन की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए चल रहे कार्यों पर चर्चा करेंगे। ब्लिंकन रूस के आक्रमण के सामने यूक्रेन की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और लोकतंत्र के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता पर जोर देंगे।

### सुडोकू 6555 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 3 | 1 | 6 | 7 | 5 | 2 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 | 4 | 3 |
| 7 | 9 | 2 | 4 | 3 | 5 | 1 | 6 | 8 |
| 1 | 2 | 4 | 7 | 5 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 7 | 4 |
| 6 | 3 | 7 | 8 | 4 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 4 | 6 | 3 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 3 | 8 | 1 | 9 | 5 | 7 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 2 | 4 | 8 | 1 |

## आज का इतिहास

1242-दिल्ली के सुलतान मुइज़्ज़ुद्दीन बहराम शाह की सेना ने विद्रोह कर दिया और सुलतान की हत्या कर दी।
1817-प्रख्यात विद्वान और धार्मिक नेता देवेन्द्रनाथ ठाकुर का जन्म।
1907-महान क्रांतिकारी शहीद सुखदेव का जन्म।
1923-भारतीय हास्य अभिनेता का जॉनी वॉकर जन्म।
1935-मास्को मेट्रो लोगों के लिए खोला गया।
1940-दो भाइयों रिचर्ड और मौरिस मैकडॉनल्ड्स ने कैलिफोर्निया के सैन बर्नार्डीनो में मैकडॉनल्ड्स शुरू किया।
1957-ब्रिटेन के सप्लाई मंत्रालय ने घोषणा की कि प्रशांत महासागर में किए गए श्रृखंलाबद्ध परीक्षणों के अंतर्गत पहले हाइड्रोजन बम का परीक्षण किया गया था।
1958-सोवियत संघ ने स्पूतनिक-3 रॉकेट लांच किया।
1965-बालीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित नेने का जन्म।
1993-भारत के %%प्रथम आर्मी कमाण्डर इन चीफ़%% के.एम. करिअप्पा का निधन।
1995-एलीसन गारग्रीब्स बिना आक्सीजन सिलीडंर के एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचने वाली पहली महिला बनीं।
1998- भारतीय राजनीतिक दल जनता पार्टी के राजनेता राधिका रंजन गुप्ता का निधन।
1999-कुवैती सरकार द्वारा महिलाओं को संसदीय चुनावों में मताधिकार का हक प्रदत्त।
2001-इटली में दक्षिणपंथी गठबंधन को बहुमत।
2002-संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने इराक पर प्रतिबंधों का अनुमोदन किया।
2003-इराक युद्ध में अमेरिकी सेनाओं के कमांडर टामी फ़्रैंक्स के ख़िलाफ़ ब्रुसेल्स की अदालत में युद्ध सम्बन्धी मुकदमा दायर।

रिपोर्ट | *डॉ. हदीउज्जमां ने की रेलवे संपति के विस्तार के पक्ष में चल रही उपेक्षा की आलोचना, बोले*

## बांग्लादेश रेलवे में रखरखाव के अभाव से बढ़ रही दुर्घटनाएं

**ढाका, 14 मई (एजेंसियां)। बांग्लादेश में रेलवे की अपनी सेवाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न विकास परियोजनाएं शुरु करने के बावजूद उसे पुरानी रेल लाइनों और पुलों के रखरखाव के अभाव के कारण रेल के पटरी से उतरने सहित कई दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। ढाका ट्रिब्यून ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। बांग्लादेश रेलवे के सूत्रों के मुताबिक लगभग 63 प्रतिशत रेल दुर्घटनाएं ख़राब लाइनों और कमज़ोर पुलों के कारण होती हैं।**

देश की 3,400 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइनों में से केवल ढाका-चटगांव, ढाका-जॉयदेबपुर और जेसोर-अब्दुल्लापुर लाइनें जैसे प्रमुख खंड डबल-ट्रैक हैं, जबकि अधिकांश सिंगल-ट्रैक और खराब स्थिति में हैं। देशभर में 3,400 किलोमीटर से अधिक रेलवे लाइनें हैं, जिनमें से केवल 1,000 किलोमीटर ही अच्छी स्थिति में हैं।

परिवहन विशेषज्ञों ने कई प्रणालीगत मुद्दों की पहचान की है, जिनमें बार-बार स्टेशन बंद होना, पुराना रोलिंग स्टॉक, बिगड़ता बुनियादी ढांचा, भीड़भाड़, देरी, टिकट संबंधी समस्याएं और सामान्य कुप्रबंधन शामिल हैं। सिग्नलिंग त्रुटियों, समाप्त हो चुके कोच कनेक्शन, रेल लाइनों की अपर्याप्त निगरानी, जोखिम भरी रेल क्रॉसिंग और यात्री सुविधाओं की कमी के कारण रेल दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। बुएट में परिवहन विश्लेषक और प्रोफेसर डॉ. हदीउज्जमां ने रेलवे की संपत्ति के विस्तार के पक्ष में आवश्यक रखरखाव की चल रही उपेक्षा की आलोचना की। उन्होंने बताया कि नए इंजनों और कोचों को प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करने की प्रवृत्ति है क्योंकि शुरुआत में बुनियादी ढांचे को बनाए रखने की तुलना में इसकी लागत कम होती है। हालांकि, यह मौजूदा रेल लाइनों और पुलों के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण रखरखाव की उपेक्षा करता है।



**खराब लाइनों व कमजोर पुलों के कारण हो रही लगभग 63 प्रतिशत रेल दुर्घटनाएं**

उन्होंने कहा कि उपेक्षा इस तथ्य से स्पष्ट है कि लगभग 2,500 किलोमीटर लंबी रेल पटरियां जोखिम भरी मानी जाती हैं, फिर भी उन पर रेलगाड़ियां चलती रहती हैं, जिससे गति और दक्षता कम हो जाती है। इसे हाल की घटनाओं से उजागर किया गया था, जिसमें सिग्नलिंग त्रुटियों के कारण गाज़ीपुर के जॉयदेबपुर में दो ट्रेनों के बीच आमने-सामने की टक्कर और चटगांव में दोहाज़ारी-कॉक्स बाज़ार लाइन पर कई सिग्नलिंग गलतियों के कारण हुई थी।

उन्होंने कहा कि पारंपरिक सिग्नलिंग पद्धति, जो पॉइंटमैन द्वारा मैन्युअल पॉइंट समायोजन पर निर्भर है, को एक प्रमुख जोखिम कारक के रूप में पहचाना गया है।

## दुनिया को जानें

### 2030 तक भारत का हर तीसरा बच्चा होगा मायोपिया का शिकार : विशेषज्ञ

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। नेत्र चिकित्सकों का मानना है कि गतिहीन जीवनशैली और स्क्रीन का लंबे समय तक उपयोग करने से 2030 तक शहरी भारत में 5-15 वर्ष की आयु के एक-तिहाई बच्चे मायोपिया से पीड़ित होंगे। मायोपिया को आमतौर पर निकट-दृष्टि दोष के रूप में जाना जाता है। यह एक ऐसी स्थिति है जहां वस्तुएं स्पष्ट रूप से नजर नहीं आती हैं।

यह दुनिया भर में एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मुद्दा बन गया है। दुनिया भर में 2050 की शुरुआत में हर दो में से एक व्यक्ति निकट दृष्टि दोष का शिकार हो जाएगा, बच्चों और युवा वयस्कों में यह बढ़ रहा है। मायोपिया जागरूकता सप्ताह में विशेषज्ञों ने कहा कि मायोपिया की दर वास्तव में विश्व स्तर पर बढ़ रही है, जिसमें भारत भी शामिल है। भारत में भी शहरी बच्चों के बीच मायोपिया के प्रसार में उल्लेखनीय वृद्धि का सबूत है। अध्ययनों से पता चलता है कि 1999 से 2019 तक 20 साल में भारत के शहरी बच्चों में मायोपिया के मामले क्रमश: 4.44 प्रतिशत से 21.15 प्रतिशत तक तीन गुना बढ़ गए हैं।

# खेल जगत

**जोहान बोथा 3 साल के अनुबंध पर ब्रिस्बेन हीट, क्वींसलैंड बुल्स के मुख्य कोच बने**

**ब्रिस्बेन।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर जोहान बोथा को अगले तीन वर्षों के लिए बिग बैश लीग क्लब ब्रिस्बेन हीट और ऑस्ट्रेलिया की घरेलू क्रिकेट टीम क्वींसलैंड बुल्स का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। मुख्य कोच के रूप में बोथा की भूमिका वेड सेकोम्बे के जाने के बाद आई है, जिन्होंने सीज़न की समीक्षा के बाद दोनों नौकरियों के लिए फिर से आवेदन करने के लिए कहे जाने के बाद अपनी भूमिका से इस्तीफा दे दिया था। 42 वर्षीय दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी बीबीएल सीजन 12 में स्ट्राइकर्स के लिए सहायक कोच थे और आईएलटी20 2024 में शारजाह वॉरियर्स के मुख्य कोच थे और संयुक्त राज्य अमेरिका में उद्घाटन मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) 2023 प्रतियोगिता में सिएटल ओर्कास के सहायक कोच थे।



# राजस्थान प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए 'करो या मरो' की लड़ाई करने उतरेगी

## खेल बिगाड़ने में सक्षम पंजाब से राजस्थान को चौकस रहने की जरूरत

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 14 मई (देशबन्धु)। पांच अर्द्धशतक जड़ने वाले अपने कप्तान संजू सैमसन, चार अर्द्धशतक जड़ने वाले रेयन पराग, दो शतक जड़ने वाले जोस बटलर और एक शतक और एक अर्द्धशतक जड़ने वाले उनके सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल सहित अपने शीर्ष क्रम के रंग में होने के बावजूद लगातार चार मैच सहित कुल आठ मैच जीतने वाली राजस्थान रॉयल्स

**■ राजस्थान रॉयल्स अपने पिछले तीन में दो मैच आखिरी ओवर में बेहद करीबी संघर्ष में हारी**

अपने पिछले लगातार तीन मैच कुल चार हार के साथ 16 अंक हासिल करने के बावजूद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में अभी भी प्ले में ऑफ अपना स्थान पक्का नहीं कर पाई क्योंकि अभी भी चार और टीमें 16 और उससे ज्यादा अंकों तक पहुंच सकती हैं। राजस्थान रॉयल्स अपने पिछले तीन में दो मैच आखिरी ओवर में बेहद करीबी संघर्ष में हारी है। राजस्थान रॉयल्स पिछले लगातार तीन मैचों की हार के सिलसिले को अब अपने दूसरे घरेलू मैदान गुवाहाटी में पंजाब किंग्स को बुधवार को रिटर्न और 13 वें मैच में भी हरा कर प्ले ऑफ में स्थान पक्का करने के मकसद से उतरेगी। राजस्थान रॉयल्स को प्ले ऑफ में स्थान पक्का करने के लिए अब तक 12 में मात्र चार मैच जीतने अपने पिछले दोनों मैच सहित आठ मैच हार दसवें स्थान पर चल रही पंजाब किंग्स के खिलाफ बुधवार को अथवा अपने अंतिम 13 मैचों में आठ जीत और गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच बेनतीजा अधूरा खत्म होने से 17 अंकों के साथ सबसे प्ले ऑफ में स्थान बना चुकी फ़िलहाल शीर्ष पर चल रही केकेआर में से एक मैच जीत जीतना जरूरी है।



शेमरॉन हेटमायर की 10 गेंदों में 27 रन की तूफानी पारी की बदौलत राजस्थान रॉयल्स की टीम पंजाब किंग्स को उसके मुल्लानपुर के घरेलू मैच में सीजन में अपने पहले मैच में अंतिम गेंद पर तीन विकेट से हरा पाई उसके मद्देनजर उसके मद्देनजर उसके लिए उसे हराना कतई आसान नहीं रहेगा। पंजाब किंग्स पहले ही प्ले ऑफ की होड़ से बाहर हो चुकी है और ऐसे में उसके पास गंवाने को कुछ नहीं है और वह खुल कर खेल कर राजस्थान रॉयल्स से मौजूदा सीजन के पहले मैच में मिली हार का हिसाब चुकाने के साथ उसका खेल बिगाड़ जरूर सकती है। ऐसे में राजस्थान को पंजाब किंग्स के खिलाफ पूरी तरह चौकस रहना होगा।

मौजूदा सीजन में मुंबई इंडियंस के जसप्रीत बुमराह की 20 विकेट चटका विकेट चटकाने में दूसरे स्थान पर चल रहे पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल, बाएं हाथ के अर्शदीप सिंह (कुल 16 विकेट), कप्तान सैम करेन (कुल 14 विकेट), कसिगो रबाड़ा (ककुल 11 विकेट) की चौकड़ी के साथ देर से रंगत पाने वाले लेग स्पिनर राहुल चाहर (7 मैच, कुल आठ विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत सिंह बराड़ (कुल आठ विकेट) में राजस्थान रॉयल्स के लिए रन बनाने में सबसे आगे चल रहे कप्तान संजू सैमसन(कुल 486 रन), रेयन पराग (कुल 483 रन), जोस बटलर (कुल 359 रन), यशस्वी जायसवाल (कुल 344 रन) और यशस्वी जायसवाल (कुल 131 रन) को सस्ते में आउट करने का दम है।

**आईपीएल 2024**

दो अर्द्धशतक जड़ने वाले 32 बरस के शशांक सिंह (कुल 353 रन), सलामी बल्लेबाज जॉनी बैरिस्टो (कुल 284 रन), प्रभसिमरन सिंह (कुल 257 रन), कप्तान सैम करेन(कुल 207 रन) के रूप में पंजाब किंग्स की बल्लेबाजी अपने शीर्ष क्रम पर ही ज्यादा निर्भर है। राजस्थान रॉयल्स के सबसे कामयाब तुरुप के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल (कुल 15 विकेट)व अब पूरे रंग में आ चुके सदाबहार ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन(11 मैच, 7 विकेट) के साथ रफ्तार के सौदागर ट्रेंट बोल्ट (कुल 11 विकेट), आवेश खान((कुल 11 विकेट) और अकेले मौजूदा सीजन में एक मैच में पांच विकेट चटकाने वाले चतुर स्विंग गेंदबाज संदीप शर्मा (कुल 10 विकेट ) और नेंड्रे बर्गर (5 मैच, 7 विकेट) जैसे तेज गेंदबाजों की चौकड़ी ने यदि पंजाब किंग्स के सलामी बल्लेबाज जॉनी बैरिस्टो, उनके सलामी जोड़ीदार प्रभसिमरन और शशांक सिंह को सस्ते में आउट कर पैवेलियन लौटा दिया तो उसके लिए बड़ा स्कोर बनाना और उसे पार करना दोनों ही मुश्किल हो सकता है। पंजाब किंग्स के मध्य और निचले मध्यक्रम में जितेश शर्मा (कुल 133 रन), लियाम लिविंगस्टन 7 मैच, 111 रन) व आशुतोष शर्मा( 9 मैच, कुल 171 रन) के लिए उसे बड़े स्कोर तक पहुंचना बेहद मुश्किल चुनौती होगा। खासतौर पर राजस्थान के स्विंग के उस्ताद संदीप शर्मा , लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन पारी के खासतौर पर आखिर में रनों पर लगाम लगाने और विकेट चटकाने के हुनर के कारण पंजाब किंग्स के मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाजों के लिए बड़ी चुनौती साबित होंगे।

## मनिका बत्रा ने कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ विश्व रैंकिंग हासिल की

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। भारतीय टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा ने मंगलवार को जारी नई आईटीटीएफ रैंकिंग में विश्व नंबर 24 की नई करियर उच्च रैंकिंग हासिल की। मनिका ने 15 पायदान की छलांग लगाई और 39वें से 24वें स्थान पर पहुंच गई हैं। इसके अलावा, उन्होंने श्रीजा अकुला से अपना भारत का नंबर सर्वोच्च रैंक है। मनिका की रैंकिंग में उछाल पिछले हफ्ते सऊदी स्मैश इवेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद आया, जहां उन्होंने राउंड 32 में शीर्ष चीनी खिलाड़ी और ओलंपिक पदक विजेता वर्ल्ड नंबर 2, वांग मन्यु पर उलटफेर भरी जीत दर्ज की। इसके बाद उन्होंने वर्ल्ड नंबर 14 जर्मनी की नीना

**आईटीटीएफ**



एक स्थान पुन: प्राप्त किया। इस प्रक्रिया में 25 वर्षीय पैडलर शीर्ष 25 एकल रैंकिंग में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। उन्होंने 2019 में जी सत्यन (वर्तमान में विश्व नंबर 65) द्वारा हासिल की गई विश्व नंबर 24 रैंकिंग की भी बराबरी की, जो एकल में किसी भारतीय द्वारा प्राप्त मित्तेलहम को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जहां मनिका अंतत: जापान की वर्ल्ड नंबर 5 हिना हयाता से हार गईं। पुरुष एकल रैंकिंग में अनुभवी अचंत शरत कमल तीन स्थान गिरकर 40वें स्थान पर आ गए और सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बने हुए हैं।

## निधि की हैट्रिक से जुबा संघा ने जीता खिताब

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। जुबा संघा ने फुटबॉल दिल्ली वुमेंस लीग चैम्पियनशिप का खिताब जीत लिया है। जुबा संघा ने फाइनल में दिल्ली यूनाइटेड फुटबॉल क्लब को 4-1 से हराया।मंगलवार को राजधानी दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम पर खेले गए एकतरफा फाइनल में विजेता टीम जुबा संघा की जीत का आकर्षण निधि रही, जिसने यूनाइटेड की रक्षापंक्ति को बार-बार हैरान परेशान किया और तिकड़ी जमाई। हालांकि यूनाइटेड ने 12वें मिनट में मैच का पहला गोल जमाकर बढ़त बनाई। लेकिन चार मिनट बाद मनीषा ने हिसाब बराबर कर दिया। उस समय जब मुकाबला बराबरी पर चल रहा था नीधि ने 12 मिनटों के अंदर तीन दर्शनीय गोल जमाकर अपनी तिकड़ी पूरी की और जुबा संघा की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई। बॉलीवुड अभिनेत्री चारू शंकर ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर डीएसए अध्यक्ष अनुज गुप्ता और कोषाध्यक्ष लियाकत अली मौजूद रहे। दोनों टीमें आगामी सीजन में वुमंस प्रीमियर लीग के लिए क्वालीफाई कर गई हैं। उधर डीएसए पुरुष सीनियर डिवीजन में उत्तराखंड एफसी और हिन्दुस्तान एफसी जीते पूर्वी दिल्ली स्थित ईस्ट विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए डीएसए सीनियर डिवीजन मुकाबलों में उत्तराखंड एफसी और हिन्दुस्तान एफसी ने जीत हासिल की।



**फुटबॉल दिल्ली वुमेंस लीग चैम्पियनशिप**

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम यूरोप में हॉकी प्रो लीग मैचों के लिए रवाना हुई

**नई दिल्ली,** 14 मई (देशबन्धु)। दुनिया के बेहतरीन ड्रैग फ्लिकर कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुआई में भारतीय पुरुष टीम पेरिस ओलंपिक से पहले एंटवर्प(बेल्जियम) एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के रूप में पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले आखिरी इम्तिहान के लिए बेंगलुरू से मंगलवार

**■ प्रो लीग ओलंपिक के लिए टीम चुनने से पहले सर्वश्रेष्ठ संयोजनों को आजमाने का मौका**

तड़के एंटवर्प रवाना हो गई। एंटवर्प एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के विजेता का फैसला होगा। भारतीय हॉकी टीम फिलहाल मौजूदा प्रो लीग में अंक तालिका में फिलहाल शीर्ष पर चल रहे बेल्जियम और दूसरे स्थान पर चल रही ऑस्ट्रेलिया के बाद तीसरे नंबर पर है। भारत एंटवर्प में प्रो लीग में 22 से 26 मई को मेजबान बेल्जियम अर्जेंटीना से भिड़ेगा। इसके बाद भारतीय टीम 1 जून



से 9 जून तक जर्मनी और ब्रिटेन के खिलाफ लंदन में खेलेगी। भारत की निगाहें एफआईएच प्रो हॉकी लीग में खिताब जीतने के साथ जुलाई में पेरिस में शुरू हो रहे 2024 के ओलंपिक खेलों से पहले अपनी खामियों को खत्म करने पर है। भारत की पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरनमप्रीत सिंह एंटवर्प रवाना होने से पूर्व कहा कि हमारी टीम एफआईएच प्रो लीग के रूप एक और चुनौती के लिए चुनौतीपूर्ण यात्रा के लिए राह पर लौटने को बेताब है जहां हम दुनिया की श्रेष्ठ टीमों से भिड़ेंगे। हम साई बेंगलुरू में पिछले कई हफ्ते खूब पसीना बहाने के बाद एंटवर्प जा रहे हैं जहां हमारी टीम ने आपस में ही मैच खेल कर खुद को एफआईएच प्रो लीग के लिए बढ़िया ढंग से तैयार किया हैं। हमारी टीम प्रो लीग के लिए बढ़िया ढंग से तैयार है, जो कि हमारे लिए ओलंपिक से पहले अपनी खामियों को दूर करने के लिए बेहद अहम हैं। एंटवर्प और लंदन में प्रो लीग के मैचों से हमें यह तो मालूम कर पड़ जाएगा कि हम बतौर टीम एक इकाई के रूप में उन टीमों के खिलाफ कहां खड़े हैं , जिनसे हमें पेरिस ओलंपिक में सेमीफाइनल में स्थान बनाने के लिए भिड़ना पड़ सकता है। पेरिस ओलंपिक में बेल्जियम और अर्जेंटीना की टीमे ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड और न्यूजीलैंड के साथ हमारे पूल में हैं। हम मेजबान बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ प्रो लीग में एंटवर्प में खेलेंगे। प्रो लीग में हमारे लिए 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए अपनी अंतिम टीम चुनने से पहले अपने सर्वश्रेष्ठ संयोजनों को आजमाने का मौका हैं। पेरिस ओलंपिक के लिए अपनी तैयारियों के साथ उसके लिए भारत की 16 सदस्यीय टीम में स्थान पाने के लिए प्रो लीग के मैच बेहद अहम हैं।'

भारत एफआईएच प्रो लीग 2024 के यूरोपीय चरण में एंटवर्प में अपना पहला मैच 22 मई को अर्जेंटीना के खिलाफ खेलने के बाद 23 मई और 25 मई को मेजबान बेल्जियम से लगातार मैच खेलेगा और 26 मई को रिटर्न मैच में अर्जेंटीना से भिड़ेगा।

## सार संक्षेप

### शास्त्री, अश्विन ने इम्पैक्ट प्लेयर नियम का समर्थन किया

**नई दिल्ली।** आईपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर नियम कुछ मौजूदा खिलाड़ियों और कोचों को पसंद नहीं आ रहा है, लेकिन पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने इसका समर्थन किया और कहा कि इसने रोमांचक मैच कराने में योगदान दिया है। शास्त्री ने आर अश्विन के यूट्यूब चैनल पर कहा कि इम्पैक्ट प्लेयर नियम अच्छा है। आपको समय के साथ ढलना होगा। आप जानते हैं कि यह दूसरे खेलों में भी होता है। इससे आपको मुश्किल मैच देखने को मिलते हैं। आपको समय के साथ ढलना होगा और मुझे लगता है कि यह अच्छा नियम है। आपने देखा पिछले सीज़न में कितने नज़दीकी मैच देखने को मिले थे। तो आप जानते हैं कि यह एक बड़ा अंतर पैदा करता है वहीं कुछ खिलाड़ी जैसे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को लगता है कि इस नियम से ऑलराउंडरों के उत्थान में रुकावट डाली है, लेकिन अश्विन ने ध्रुव जुरेल का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत 223 में इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर की थी और एक साल के अंदर भारत के लिए टेस्ट डेब्यू भी कर लिया।

### मनु, विजयवीर ने अंतिम 25 मीटर पिस्टल ओलंपिक चयन ट्रायल जीता

**भोपाल।** टोक्यो ओलंपियन मनु भाकर और पेरिस कोटा धारक विजयवीर सिद्धू ने मंगलवार को यहां एमपी राज्य शूटिंग अकादमी (एमपीएसएसए) रेंज में 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में चौथा और अंतिम ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) जीता है। मनु ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल ओएसटी टी4 फाइनल में 42 के स्कोर के साथ विश्व-रिकॉर्ड की बराबरी की, जबकि विजयवीर ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) ओएसटी टी4 के निर्णायक में 34 का स्कोर किया और विजयी हुए। मनु ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल ट्रायल में अपना दबदबा कायम कर लिया क्योंकि उन्होंने दो में जीत हासिल की और अन्य दो में दूसरे स्थान पर रहीं। चयनित पांच में से वह एकमात्र निशानेबाज थीं जो क्वालिफिकेशन राउंड में एक बार भी 58 से नीचे नहीं गईं।

### शिमला से टाशीगंग तक का सफर तय करेंगे साईकिलिस्ट

**शिमला।** हिमाचल में लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा उप-चुनाव के मद्देनज़र मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से शिमला से काजा तक 14 से 2 मई तक आयोजित साईक्लिंग एक्सपीडिशन का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने ऐतिहासिक रिज से साइकिल सवारों को हरी झंडी दिखा रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह सात दिवसीय साईक्लिंग एक्सपीडिशन शिमला से होकर लाहौल-स्पीति में स्थित विश्व के सबसे ऊंचे मतदान केन्द्र टाशीगंग (15256 फीट) तक लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करेगा।

## स्क्वैश खिलाड़ी अभय, अनहत, सेंथिलकुमार 2028 ओलंपिक के मद्देनजर टॉप्स में शामिल

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक खेलों की योजना के रूप में अनहत सिंह, अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार को टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के विकास समूह में शामिल किया है। पिछले अक्टूबर में 2028 ओलंपिक कार्यक्रम में शामिल स्क्वैश एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों में सफलता के साथ देश में लोकप्रिय हो रहा है।

वर्षों से, सौरव घोषाल, दीपिका पल्लीकल और जोशना चिनप्पा ने भारत में लौ जलाए रखी है और अब अनहत, अभय और सेंथिलकुमार



जैसे खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी को कमान सौंप रहे हैं। समावेशन के बारे में बात करते हुए, स्क्वैश रैकेट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया

**टॉप्स कार्यक्रम में स्क्वैश को शामिल करना भारत में खेल के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है : साइरस पोंचा**

(एसआरएफआई) के महासचिव साइरस पोंचा ने कहा कि टॉप्स कार्यक्रम में स्क्वैश को शामिल करना भारत में खेल के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। बढ़ी हुई भागीदारी और उन्नत प्रशिक्षण अवसरों जैसे तत्काल लाभों से परे, यह मान्यता देश के भीतर एक महत्वपूर्ण खेल अनुशासन के रूप में स्क्वैश के व्यापक समर्थन को दर्शाती है। 16 साल की उम्र में, अनहत पहले से ही एक राष्ट्रीय चैंपियन है, जिसने अब तक राष्ट्रीय सर्किट में 46 से अधिक खिताब जीते हैं।

## गैरी कर्स्टन इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी-20 मैच से पूर्व लीड्स में पाकिस्तान टीम से जुड़ेंगे

**लाहौर,** 14 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के नवनियुक्त सफेद गेंद के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन 19 मई को लीड्स में राष्ट्रीय पुरुष टीम में शामिल होकर अपना दो साल का कार्यकाल शुरू करेंगे। कर्स्टन वर्तमान में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुजरात टाइटंस के मेंटर और बल्लेबाजी कोच के रूप में कार्यरत हैं और 16 मई को आखिरी लीग मैच के बाद टीम छोड़ देंगे। कर्स्टन का आगमन 22 मई को हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ चार मैचों की टी-20 श्रृंखला की शुरुआत से तीन दिन पहले होगा। इस श्रृंखला के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका और कैरेबियन में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 होगा, जिसमें पाकिस्तान 6 जून को डलास में अपने पहले मैच में मेजबान टीम से भिड़ेगा। 56 वर्षीय दक्षिण अफ्रीकी की पिछले महीने सफेद गेंद के मुख्य कोच के रूप में और जेसन गिलेस्पी की लाल गेंद के मुख्य कोच के रूप में पुष्टि की गई थी। ऑस्ट्रेलियाई अपनी यात्रा शुरू करने के लिए बांग्लादेश के खिलाफ अगस्त में आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप मुकाबलों के लिए जुलाई में पाकिस्तान पहुंचेंगे। कर्स्टन पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी 2025, भारत और श्रीलंका में पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 और एसीसी टी-20 एशिया कप 2025 के अलावा पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 और अन्य द्विपक्षीय सफ़ेद गेंद सीरीज के लिए मुख्य कोच होंगे।



# बांग्लादेश की अनुकूल परिस्थितियों का फायदा मिलेगा : हरमनप्रीत



**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। इस साल बाद में बांग्लादेश में खेले जाने वाले महिला टी-20 विश्व कप से पहले, भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अपनी टीम के पहले आईसीसी खिताब की तलाश के लिए बांग्लादेश में अनुकूल परिस्थितियों पर भरोसा किया है। भारत को छह बार की विजेता ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और उनके एशियाई पड़ोसियों पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ रखा गया है। दोनों ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

**भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका ये सभी टीमें वास्तव में अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और उम्मीद है कि ये चार सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर सकती हैं, इसलिए हम वहां बहुत अच्छा क्रिकेट खेल सकते हैं : हरमनप्रीत कौर, कप्तान**

भारतीय कप्तान आशावादी हैं कि भारत जैसी बांग्लादेश की परिस्थितियां टी-20 विश्व कप के दौरान उनके लिए फायदेमंद रहेंगी। हरमनप्रीत ने आईसीसी से कहा कि यह कुछ हद तक भारत जैसा ही है और उम्मीद है कि इन परिस्थितियों में हमें अच्छा प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने उन नामों का जिक्र किया जिनके बारे में उन्हें लगता था कि इस बार टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए वे प्रबल दावेदार हैं। हरमनप्रीत ने कहा कि भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका ये सभी टीमें वास्तव में अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और उम्मीद है कि ये चार सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर सकती हैं, इसलिए हम वहां बहुत अच्छा क्रिकेट खेल सकते हैं। मुझे लगता है कि यह ऑस्ट्रेलिया होगा (जिसका सामना करने का मैं इंतजार कर रही हूं) क्योंकि वे बहुत प्रतिस्पर्धी हैं। ऑस्ट्रेलिया किसी भी आईसीसी आयोजन में आगे बढ़ने वाली टीम है क्योंकि उन्होंने लगातार विजेता होने की शानदार प्रतिष्ठा बनाई है। वास्तव में, यह डाउन अंडर की टीम थी, जिसने 2023 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में भारत को बाहर कर दिया था, एक करीबी मैच जिसका फैसला पांच रनों से हुआ था।

### हरमनप्रीत, ऋचा, राधा को मिली आईसीसी टी-20 रैंकिंग में बढ़त

**दुबई।** बांग्लादेश पर पांच मैचों की श्रृंखला में शानदार 105 रनों की पारी के बाद, भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर मंगलवार को जारी नई आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग में तीन पायदान ऊपर 13वें स्थान पर पहुंच गईं। इस साल के आईसीसी महिला टी20 विश्व कप से कुछ ही महीने पहले भारतीय टीम शानदार लय में दिखी और बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज को 5-0 से अपने नाम किया। टीम की साथी ऋचा घोष श्रृंखला के अंतिम मैच में नाबाद 28 रन की बदौलत दो पायदान ऊपर 23वें स्थान पर पहुंच गईं। राधा यादव (सात पायदान ऊपर 23वें स्थान पर) और तितास साधु (18 पायदान ऊपर 60वें स्थान पर) ने बांग्लादेश में अच्छे प्रयासों के बाद गेंदबाजों की ताजा टी20 रैंकिंग में सुधार किया । पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू मैदान पर श्रृंखला के पहले मैच के बाद, कई इंग्लिश खिलाड़ियों की रैंकिंग में भी बढ़ोतरी हुई है। बर्मिंघम में 49 रनों की पारी के बाद कप्तान हीथर नाइट टी20 बल्लेबाजों में चार स्थान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर पहुंच गईं।

# [अर्थ जगत]

## सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 3.76 प्रतिशत |
| एलटी | 2.54 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 2.38 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.45 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.28 प्रतिशत |

## सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टीसीएस | 1.14 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 1.05 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 0.94 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 0.59 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.53 प्रतिशत |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 73,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# मजबूत बाजार के लिए राजनीतिक स्थिरता जरूरी : निर्मला सीतारमण

■ **वित्त मंत्री ने 'विकसित भारत 2047' सत्र को किया संबोधित**

**मुंबई,** 14 मई (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में आयोजित 'विकसित भारत 2047' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वित्तीय बाजार पूंजी जुटाने और इसके आवंटन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्टॉक सूचकांकों में स्थिरता और अर्थव्यवस्था को गति देने में स्थिर सरकार की भूमिका बहुत बड़ी है।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में भारतीय वित्तीय बाजारों पर केंद्रित 'विकसित भारत 2047' सत्र को संबोधित करते हुए, वित्त मंत्री ने कहा कि यहां बीएसई में खड़े होकर, मैं आपके सामने स्पष्ट रूप से कहना चाहती हूं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरा कार्यकाल एक स्थिर सरकार और सुशासन वाला होगा।



**हम 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' की सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं, भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा : निर्मला सीतारमण**

वित्त मंत्री ने आगे कहा, हम 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' की सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं। हमें विश्वास है कि पीएम मोदी अपना तीसरा कार्यकाल पूरा करेंगे, जहां भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

स्थिर केंद्र सरकार के साथ ही देश में जारी राजनीतिक स्थिरता, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का तेज गति से बढ़ना और मुद्रास्फीति पर नियंत्रण की वजह से भारतीय शेयर बाजार का प्रदर्शन अच्छा है। सीतारमण ने कहा, इसकी वजह से भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत आने वाले अधिकांश निवेशक यह जान रहे हैं कि उनका पैसा कहां निवेश किया जा रहा है और यह कितना ज्यादा सुरक्षित है। जहां तक सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात में सरकारी ऋण का सवाल है, भारत ने अन्य देशों की तुलना में अपेक्षाकृत अच्छा प्रदर्शन किया है और देश निम्न और मध्यम आय वाले देशों (एलएमआईसी) में तीसरा सबसे कम ऋण वाला देश है।

वित्त मंत्री ने विस्तार से बताया कि भारत के वित्तीय बाजारों का प्रदर्शन भी हाल के दिनों में लोगों की उम्मीदों से ज्यादा बेहतर रहा है। उन्होंने कहा कि इसने ऐसे समय में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जब वैश्विक बाजारों में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है, जहां बहुत अधिक अस्थिरता है और अधिकांश बाजारों में अनिश्चितता का डर है। इस माहौल में भी, भारतीय शेयर बाजारों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है, ऐसे में इसने विदेशी और घरेलू दोनों निवेशकों को आकर्षित किया है। निर्मला सीतारमण ने कहा कि बेहतर प्रौद्योगिकी को अपनाने से शेयर बाजार के प्रदर्शन में बड़ा बदलाव आया है।

# बीएलएस ई-सर्विसेज के राजस्व में ट23-24 में 25.7 प्रतिशत वृद्धि

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। तकनीक-आधारित डिजिटल सेवा कंपनी बीएलएस ई-सर्विसेज लिमिटेड (बीएलएसई) ने 31 मार्च 2024 को समाप्त पिछले वित्तीय वर्ष में 25.7 प्रतिशत वृद्धि के साथ 309.6 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया।

कंपनी के आज जारी तिमाही वित्तीय परिणामों के अनुसार उसका परिचालन लाभ (एबिडटा) वित्त वर्ष 202-23 के 36.3 करोड़ रुपए के मुकाबले 2023-24 में बढ़ कर 49.9 करोड़ रुपए रहा। इस तरह परिचालन लाभ में सालाना आधार पर 37.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

बीएलएस ई-सर्विसेज लिमिटेड के चेयरमैन शिखर अग्रवाल ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में हमारे कुल राजस्व और लाभ में उल्लेखनीय उछाल आया है। वर्ष के दौरान, हम अपनी पहुंच और नेटवर्क को 100,000 से अधिक संपर्क केंद्रों और 1,000 से अधिक बीएलएस स्टोर तक बढ़ाने में सफल रहे हैं। हम अनूठे वित्तीय समावेशन और डिजिटल सशक्तिकरण के युग की शुरुआत कर रहे हैं, जिसे विभिन्न क्षेत्रों में जारी व्यापक बदलाव लाने वाली पहलों में देखा जा सकता है।



■ **परिचालन लाभ में सालाना आधार पर 37.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज**

उन्होंने कहा कि दूरदर्शी राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन के तहत उत्तर प्रदेश में आयुष्मान भारत गुणवत्ता जांच (क्यूसी) के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के साथ कंपनी का सहयोग स्वास्थ्य देखभाल पहुंच में उसके लिए एक नए अध्याय की शुरुआत है।

अग्रवाल ने कहा कि हमारे 21,000 से अधिक बीसी केंद्रों की मदद से वर्ष के दौरान कुल 72,700 करोड़ रुपए के 13.3 करोड़ लेन-देन किए गए । साथ ही हमारे बिजनेस फैसिलिटेटर मॉडल के माध्यम से निजी क्षेत्र के बैंकिंग क्षेत्र में हमारे भागीदारों के लिए तिमाही के दौरान 580 करोड़ रुपए का ऋण और जमा, हमारी प्रतिस्पर्धी बढ़त की एक और मिसाल है।

# ओपन एआई का नया डेमो शर्मिंदा करने वाला : मस्क

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। टेस्ला और स्पेस एक्स के सीईओ एलन मस्क ने मंगलवार को ओपन एआई को फिर एक बार निशाने पर लिया। उन्होंने सैम-ऑल्टमैन के नेतृत्व वाली कंपनी के नए मॉडल को लेकर कहा कि यह शर्मिंदा कर देने वाला है। लेखक एशले सेंट क्लेयर ने एक्स पर पोस्ट किया कि ओपनएआई के साथ, इंसान अब वास्तविक समय में एसआई की वास्तविकता का एहसास कर सकता है और हमने शायद पोस्ट-ट्रूथ युग को कुछ और भी बदतर युग से बदल दिया है। इसके जवाब में मस्क ने कहा कि नया डेमो शर्मिंदा करने वाला है। बता दें, मस्क ओपन एआई के कड़े आलोचक माने जाते हैं।वहीं, एक अन्य एक्स यूजर ने कमेंट में लिखा कि हम गॉर्क (एक्स द्वारा विकसित किया जा रहा एआई मॉडल) के डेमो वर्जन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मार्च में मस्क की ओर से ओपनएआई और उनके सीईओ ऑल्टमैन पर मुकदमा दायर किया गया था।



■ **ओपन एआई के कड़े आलोचक माने जाते है मस्क**

# पीएचएफ लीजिंग ने ईवी ऋण पोर्टफोलियो का किया विस्तार

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। पीएचएफ लीजिंग लिमिटेड ने एल5 श्रेणी में इलेक्ट्रिक कार्गो वाहनों की खरीद के लिए ऋण उत्पादों को शामिल करके अपने इलेक्ट्रिक वाहन ऋण पोर्टफोलियो को बढ़ाया है।

कंपनी ने जारी बयान में कहा कि अब इनमें इलेक्ट्रिक दुपहिया वाहन और प्रयुक्त ई-रिक्शा ऋण शामिल है। नए शामिल किए गए इलेक्ट्रिक वाहन उत्पाद मौजूदा इलेक्ट्रिक रिक्शा, ई-लोडर और अन्य एल3 ईवी ऋण उत्पादों के अतिरिक्त हैं जो पहले से ही उपलब्ध हैं। पीएचएफ लीजिंग विभिन्न क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इनमें लॉजिस्टिक्स, अंतिम-मील डिलीवरी और ग्रामीण व शहरी परिवहन शामिल हैं।



**पीएचएफ लीजिंग ससटेनेबल परिवहन के उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध : शल्य गुप्ता**

पीएचएफ लीजिंग श्रेणी 'ए' की जमा स्वीकार करने वाली एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है जो 1998 से भारतीय रिजर्व बैंक के साथ पंजीकृत है। कंपनी अचल संपत्ति (एलएपी) के बदले बंधक ऋण और ई-वाहनों-मुख्य रूप से ई-रिक्शा, ई-लोडर और ईवी दुपहिया वाहनों के वित्तपोषण की पेशकश करती है।

कंपनी के सीईओ शल्य गुप्ता ने कहा कि सामाजिक रूप से जागरूक एक कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में, पीएचएफ लीजिंग ससटेनेबल परिवहन के उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और भारत में इसका मतलब इलेक्ट्रिक वाहनों से है। हमने पहले ही पीएचएफ लीजिंग को ई-रिक्शा फाइनेंसिंग में अग्रणी के रूप में स्थापित कर दिया है और इस सेगमेंट में हम सबसे तेजी से बढ़ते संस्थानों में से एक हैं। इलेक्ट्रिक कार्गो श्रेणी को बढ़ाने और इस सेगमेंट में नए उत्पाद लाने का यह सही समय है। आज, ईवी फाइनेंसिंग के लिए हमारा पोर्टफोलियो पूरा हो गया है।

# दमदार लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में तेजी

■ **सेंसेक्स 328.48 अंक उछलकर 73,104.61 पर रहा**

■ **निफ्टी 113.80 अंक की मजबूती के साथ 22,217.85 पर बंद**

**मुंबई,** 14 मई (एजेंसियां)। देश में खुदरा महंगाई इस वर्ष अप्रैल में कम होकर ग्यारह माह के निचले स्तर पर आने से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, इंडस्ट्रियल्स, दूरसंचार, यूटिलिटीज और पावर समेत अठारह समूहों में हुई दमदार लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 328.48 अंक उछलकर 73 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 73,104.61 अंक हो गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 113.80 अंक की मजबूती के साथ 22,217.85 अंक पर बंद हुआ। दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे बीएसई का मिडकैप 1.14 प्रतिशत की छलांग लगाकर 41,644.70 अंक और स्मॉलकैप 1.79 प्रतिशत की तेजी लेकर 46,102.06 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3923 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2689 में लिवाली जबकि 1117 में बिकवाली हुई वहीं 117 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 36 कंपनियां मजबूत जबकि शेष 14 के शेयर कमजोर रहे।




विश्लेषकों के अनुसार, उपभेक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा महंगाई इस वर्ष अप्रैल में कम होकर ग्यारह महीने के निचले स्तर 4.83 प्रतिशत रह गया। इससे निवेशकों की निवेश धारणा मजबूत हुई और इसका असर बाजार पर दिखा।

बीएसई में हेल्थकेयर और एफएमसीजी की 0.36 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर शेष 18 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 1.87, सीडी 0.94, ऊर्जा 1.52, वित्तीय सेवाएं 0.36, इंडस्ट्रियल्स 2.40, दूरसंचार 2.27, यूटिलिटीज 2.80, ऑटो 1.61, कैपिटल गुड्स 2.11, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.04, धातु 2.20, तेल एवं गैस 1.72, पावर 2.51, रियल्टी 1.03 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.78 प्रतिशत मजबूत रहे।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों का रुझान मिश्रित रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.14 और जापान का निक्केई 0.46 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.18, हांगकांग का हैंगसेंग 0.22 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.07 प्रतिशत गिर गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 79 अंक गिरकर 72,696.72 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 72,683.99 अंक के निचले स्तर तक टूट गया।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन प्रमुख कंपनियां लाभ में रहीं उनमें महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.76, एलटी 2.54, जेएसडब्ल्यू स्टील 2.38, एनटीपीसी 1.45, इंडसइंड बैंक 1.28, सन फार्मा 1.27, रिलायंस 1.23, अल्ट्रासिमको 1.20, एसबीआई 1.15, मारुति 1.07, टेक महिंद्रा 1.05, पावरग्रिड 1.00, विप्रो 0.94, टाटा स्टील 0.67, एचसीएल टेक 0.56 शामिल है।

वहीं, नुकसान उठाने वाली कंपनियों में टीसीएस 1.14, नेस्ले इंडिया 1.05, एक्सिस बैंक 0.94, आईसीआईसीआई बैंक 0.59, बजाज फाइनेंस 0.53, आईटीसी 0.50, एशियन पेंट 0.42, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.27, बजाज फिनसर्व 0.12 और भारती एयरटेल 0.09 प्रतिशत शामिल रही।

# आइकिया इंडिया का रेनस के साथ गठजोड़

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। आइकिया इंडिया ने लॉजिस्टिक्स की अग्रणी कंपनी रेनस के साथ एक करार किया है जिसके तहत दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में ग्राहकों के लिये होम डिलीवरी के अनुभव को बेहतर बनाया जाना है।

कंपनी ने कहा कि इसका लक्ष्य आइकिया की ई-कॉमर्स विस्तार की वृद्धि में मदद पहुंचाना और इस क्षेत्र में ग्राहकों के लिए ज्यादा तेज और सस्टेनेबल डिलीवरी सुनिश्चित करना है। इस गठजोड़ के तहत रेनस एक अत्याधुनिक वेयरहाउस केंद्र स्थापित करेगी, जिसमें 7000 से अधिक उत्पादों को रखने और आपूर्ति करने की क्षमता होगी। यह पहल दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में ग्राहकों के लिए होम डिलीवरी को आसान बनाएगी। भारत में आइकिया की विस्तार यात्रा में यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।




■ **अब कंपनी ज्यादातर ऑर्डर 24 घंटे के भीतर पूरा कर सकेगी**

इस रणनीतिक विस्तार से कंपनी ज्यादातर ऑर्डर 24 घंटे के भीतर पूरे कर सकेगी। टेक्नोलॉजी को शामिल करने से फर्नीचर की यह बड़ी कंपनी अपनी आपूर्ति श्रृंखला का लचीलापन और किफायत बढ़ा सकेगी। भारत के उत्तरी क्षेत्र में होम फर्निशिंग उद्योग के लिए बड़ी संभावना है। दिल्ली, नोएडा और गुरुग्राम जैसे शहरों में रियल एस्टेट के विकास में तेजी आ रही है। इसलिए होम फर्निशिंग्स की मांग भी बढ़ रही है। इसे देखते हुए, आइकिया 2025 के मध्य से क्षेत्र में अपनी बहुआयामी उपस्थिति चाहती है।

## सार संक्षेप

### भारतीय इकाई में 1,66 करोड़ रुपए निवेश करेगा अमेजन

**नई दिल्ली।** वैश्विक ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन अपनी भारतीय इकाई में 1,66 करोड़ रुपए निवेश करने जा रही है। कंपनी की ओर से शेयर बाजार को दी गई सूचना में यह जानकारी सामने आई है। अमेजन द्वारा भारतीय इकाई में निवेश ऐसे समय पर किया जा रहा है, जब बड़ी ई-कॉमर्स कंपनियों में बाजार हिस्सेदारी को लेकर कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। यह पांच महीनों में दूसरी बार है, जब अमेजन की ओर से अपनी भारतीय इकाई में निवेश किया जा रहा है। इससे पहले अमेजन ने 83 करोड़ रुपए भारतीय इकाई में निवेश किए थे। कुछ समय पहले वॉलमार्ट ने फ्लिपकार्ट में 6 मिलियन डॉलर का निवेश किया था। फ्लिपकार्ट, अमेजन का प्रमुख प्रतिद्वंदी है। कंपनी ने अपनी रेगुलेटरी फाइलिंग में बताया कि 1,66 करोड़ रुपए निवेश किए जाएंगे। इसके बदले में 1 रुपए प्रति शेयर के हिसाब से 166 करोड़ शेयर मौजूदा शेयरधारकों को जारी किए जाएंगे। ई-कॉमर्स भारत में तेजी से बढ़ रहा है।

### व्हाइटओक कैपिटल म्यूचुअल फंड ने पेश की एनएफओ

**मुंबई।** व्हाइटओक कैपिटल म्यूचुअल फंड ने मंगलवार को अपनी एक नई कोष निवेश योजना (एनएफओ) पेश करने की घोषणा की। कंपनी की एक विज्ञप्ति के अनुसार व्हाइटओक कैपिटल स्पेशल अपॉर्चुनिटीज फंड विशेष परिस्थितियों पर केंद्रित एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है। विज्ञप्ति के अनुसार व्हाइटओक कैपिटल स्पेशल अपॉर्चुनिटीज फंड एनएफओ बुधवार 15 मई को खुलेगा और बुधवार 29 मई, को बंद होगा। व्हाइटओक कैपिटल एसेट मैनेजमेंट के सीईओ आशीष सोमैया ने कहा कि इस नए निवेश कोष का प्राथमिक उद्देश्य कॉर्पोरेट पुनर्गठन (विलय अधिग्रहण आदि के समावेश के साथ), सरकारी नीति और/या विनियामक परिवर्तन, प्रौद्योगिकी के कारण व्यवधान और नवाचार, नए ट्रेंड्स, नए और उभरते क्षेत्र, अस्थायी अनूठी चुनौतियों से गुजर रही कंपनियां-क्षेत्र और इसी तरह के अन्य उदाहरण जैसी विशेष स्थितियों द्वारा प्रस्तुत अवसरों में निवेश करके लॉन्ग टर्म कैपिटल अप्रिसिएशन उत्पन्न करना है।

### अप्रैल में यात्री वाहनों की घरेलू बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली।** भारत में यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग के दम पर अप्रैल में यात्री वाहनों की थोक बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 1.3 प्रतिशत बढ़कर 3,35,629 इकाई हो गई। अप्रैल, 223 में यह 3,31,278 इकाई थी। यूटिलिटी वाहनों की बिक्री पिछले महीने 1,79,329 इकाई रही, जो अप्रैल, 223 की 1,48,5 इकाई से 21 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, यात्री कारों की बिक्री 23 प्रतिशत घटकर 96,357 इकाई रह गई।

# खाद्य तेल व दालों में रहा मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में आई गिरावट के बीच



स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल एवं दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मई का पाम ऑयल वायदा 98 रिंगिट लुढ़ककर 3810 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.38 सेंट की गिरावट लेकर 43.77 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सोया रिफाइंड 74 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि पाम ऑयल में 133 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान मसूर दाल 50 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई जबकि उड़द दाल 200 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। वहीं, चना, दाल चना, मूंग दाल व अरहर दाल में बदलाव नहीं हुआ।

# नयारा एनर्जी मध्य प्रदेश व आंध्र प्रदेश में लगाएगी एथेनॉल उत्पादन संयंत्र

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर काम करने वाली ऊर्जा कंपनी नयारा एनर्जी भारत में 600 करोड़ रुपए के निदेश से आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश में दो एथेनॉल विनिर्माण संयंत्र स्थापित करेगी।

कंपनी ने कहा है कि इन संयंत्रों का निर्माण भारत में पेट्रोल में एथेनॉल का मिश्रण का अनुपात बढ़ाने के सरकार के लक्ष्यों के मद्देनजर किया जा रहा है। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि ये प्लांट एथेनॉल की आपूर्ति में कंपनी की विश्वसनीयता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और इससे नयारा अपने स्वस्थ आर्थिक वृद्धि के लक्ष्यों को आगे बढ़ा सकेगी।

भारत में निजी क्षेत्र में ईंधन का सबसे बड़ा नेटवर्क चलाने वाली कंपनी ने कहा है कि इन एथेनॉल संयंत्रों की स्थापना उर्जा क्षेत्र में एकीकरण को सुनिश्चित करने की दिशा में उसका महत्वपूर्ण कदम है। विज्ञप्ति में कहा गया है, कंपनी ने 2025 तक एथेनॉल ब्लेंडिंग के




**कंपनी 2025-26 के अंत तक भारत सरकार के 20 फीसदी ब्लेंडिंग के लक्ष्यों को पूरा करने में योगदान दे सकेगी : एलेजेन्डरो डेस डोरिडेस**

भारत सरकार के लक्ष्यों के अनुरूप नयारा एनर्जी ने आन्ध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश में 200 केएलपीडी क्षमता के दो एथेनॉल मैनुफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करने की योजना बनाई है। इसके लिए दोनों जगह जमीन खरीद ली गई है।

नयारा एनर्जी के मुख्य अधिशासी अधिकारी एलेजे़न्डरो डेस डोरिडेस, सीईओ, ने कहा, 'एथेनॉल युनिट्स की स्थापना से एथेनॉल की आपूर्ति में नयारा की विश्वसनीयता और अधिक बढ़ेगी और कंपनी 2025-26 के अंत तक भारत सरकार के 20 फीसदी ब्लेंडिंग के लक्ष्यों को पूरा करने में योगदान दे सकेगी। उन्होंने कहा कि यह उर्जा क्षेत्र में स्थायित्व, विनियमों के अनुपालन और एथेनॉल निर्माण की दिशा में हमारे समर्पण की पुष्टि करता है।

एथेनॉल सेगमेन्ट में अपनी मौजूदगी का विस्तार कर, हम भारत के नवीकरणीय उर्जा लक्ष्यों में सक्रिय योगदान देने और हरित भविष्य के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत हैं। नयारा एनर्जी का लक्ष्य देश में अपनी एथेनॉल उत्पादन क्षमता दैनिक करीब 10 लाख लीटर स्तर पर ले जाना और इसके लिए एथेनॉल संयंत्रों की संख्या पांच तक पहुंचाना है।

# गर्मी की छुट्टियों में स्कूली बच्चों के लिए समर कैंप

## कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बनाई गई कार्ययोजना

### 15 मई से 15 जून तक स्कूलों में होंगे विविध कार्यक्रम

### छात्रों को कला और रचनात्मक गतिविधियों का दिया जाएगा प्रशिक्षण

### कैंप में ग्रामीण बच्चों को कराया जाएगा शहर भ्रमण




**बिलासपुर**, 14 मई(देशबन्धु)। सरकारी स्कूलों के छात्रों के लिए समर कैंप आयोजित किए जाने को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने निर्देश जारी किए है। इस संबंध में कलेक्टर अवनीश शरण ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिला स्तर पर समर कैंप आयोजित करने के निर्देश देते हुए समर कैंप में सुदूर क्षेत्रों के स्कूली बच्चों और विशेष रूप से आदिवासी बच्चों को शामिल किए जाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया और बेहतर क्रियान्वयन के लिए कार्य योजना बनाने कहा।

मंथन सभा कक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सरकारी स्कूलों के बच्चों को एक यादगार अनुभव समर कैंप के जरिए देने हर संभव प्रयास किए जाएं। कलेक्टर ने जिला स्तरीय समर कैंप में सुदूर क्षेत्रों के स्कूली बच्चों को शहर भ्रमण के तहत एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, मॉल, प्लेनेटोरियम, तरण पुष्कर और अन्य मनोरंजक क्षेत्रों का भ्रमण कराने के साथ ही बच्चों को फिल्म दिखाने के लिए कहा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि समर कैंप में बच्चों के लिए मनोरंजक और ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया जाए जिससे बच्चे नई विधा सीख सकें, जिसमे खेलकूद प्रशिक्षण, ड्राइंग, डांस, माटी शिल्प, कहानी लेखन, वादन, हस्तलिपि और अन्य प्रशिक्षण दिया जा सकता है। कलेक्टर ने समर कैंप के आयोजन के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों को समिति बनाकर जिम्मेदारी देने कहा। निगम कमिश्नर अमित कुमार को कलेक्टर ने जिला स्तरीय समर कैंप के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आवश्यक समन्वय स्थापित करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय समर कैंप बहतराई स्टेडियम में 21 मई से 9 जून तक आयोजित किया जाएगा जिसमें जिले के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के 2 सौ छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। समर कैंप का आयोजन तीन स्तरों पर किये जायेंगे। जो स्कूल स्तर, संकुल स्तर, और जिला स्तर पर आयोजित होंगे। स्कूलों में होने वाला समर कैंप पूर्णतः ऐच्छिक होगा जिसका समय सुबह 7 बजे से साढ़े 9 के बीच होगा। कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक के बच्चे अपनी रूचि के अनुरूप नजदीक के स्कूलों में आयोजित गतिविधियों में हिस्सा ले सकेंगे। कलेक्टर अवनीश शरण की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कैंप आयोजन की कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ आरपी चौहान, प्रभारी शिक्षा अधिकारी पी दासरथी, आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त सीएल जायसवाल, शिक्षा विभाग से डॉ. अनिल तिवारी, अजय कौशिक सहायक संचालक, श्रीमती अनुपमा राजवाड़े डीएमसी, एपीसी रामेश्वर जयसवाल, अमित श्रीवास्तव एपीसी समग्र शिक्षा बैठक में मौजूद रहे। जिला स्तरीय समर कैंप के आयोजन के संबंध में शिक्षा विभाग द्वारा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, संकुल समन्वयक, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक व प्राचार्यो की आवश्यक बैठक 15 मई दोपहर 12 बजे प्रार्थना सभा भवन जल संसाधन विभाग में आयोजित की गई है।

# पटवारी के विरुद्ध शिकायतों की जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित

### पूर्व जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की सिफारिश भी

**बिलासपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। राजस्व मंत्री के निर्देश पर पटवारी कौशल यादव के विरुद्ध शिकायतों की जांच के लिए कलेक्टर अवनीश शरण ने अपर कलेक्टर आरए कुरुवंशी की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित की है। समिति 10 बिंदुओं पर आधारित शिकायतों की जांच कर एक सप्ताह में रिपोर्ट देगी। सभी शिकायतें ग्राम बिजौर और मोपका में श्री यादव की पदस्थापना के दौरान की हैं। वहीं पूर्व में अलग से की गई शिकायतों की जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई के लिए जिला कलेक्टर जांजगीर चांपा को पत्र भेजा गया है। श्री यादव की पदस्थापना फिलहाल जांजगीर जिले में है।




गौरतलब है कि तत्कालीन हल्का पटवारी श्री कौशल यादव द्वारा मौजा बिजौर के पदस्थापना के दौरान मौजा बिजौर स्थित खसरा नं. 396, 398 जो कि निस्तार पत्रक / वाजिब उल अर्ज में शासकीय / कोटवारी भूमि के रूप में दर्ज है,के क्रय विक्रय तथा नामांतरण प्रतिवेदन में गंभीर अनियमितताएँ की गई है। तथा तहसील बिलासपुर स्थित मौजा मोपका में पदस्थ रहने के दौरान मोपका स्थित खसरा नं. 992/9 जो की शासकीय पट्टे से प्राप्त भूमि है, के क्रय विक्रय तथा छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (7-ख) का उल्लंघन कर नामांतरण कराये जाने की प्रक्रिया में तत्कालीन हल्का पटवारी कौशल यादव द्वारा गंभीर अनियमितताएँ की गई है। चूंकि हल्का पटवारी श्री कौशल यादव जांजगीर जिले में पदस्थ है। अतः उनके द्वारा उक्तानुसार की गई अनियमितताओं के संबंध में जॉच प्रतिवेदन के तथ्यों के आधार पर उनके विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई किये जाने का कष्ट करें।

## सार-संक्षेप

### बिना नंबर, स्टाइलिश नंबर वाहनों पर मंगला चौक में ताबड़तोड़ कार्रवाई

**बिलासपुर**,14 मई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के आदेश के परिपालन में शहर यातायात व्यवस्था एवम प्रबंध के अंतर्गत आज शाम डीएसपी (ट्रैफिक) संजय साहू के स्वयं उपस्थिती नेतृत्व में मंगला चौक में अभियान चलाकर स्टाइलिश नंबर, बिना नंबर लिखे वाहनों,नंबर प्लेट में जाति,पद नाम, स्लोगन लिखकर फर्राटा भरने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जाकर 55 वाहनों को थाना लाकर नंबर प्लेट सही करवा कर, मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई जिसमें समाचार लिखे जाने तक 26 वाहन से 10,800 का चलान कटा गया। ट्रैफिक पुलिस द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था प्रबंधन के अंतर्गत थाना ट्रैफिक को सवारी ऑटो में माल वाहक परिवहन करने की शिकायत प्राप्त होने पर व्यापार विहार रोड पर सहायक उप निरीक्षक डी0डी0 सिंह आरक्षक यासीन हुसैन प्रदीप साहू की टीम द्वारा ऑटो पर कार्यवाही करते हुए थाना यातायात लाया जाकर कार्यवाही की गई। डीएसपी ट्रैफिक बिलासपुर के नेतृत्व में मंगला चौक में अभियान के दौरान नशे की हालत में एक युवक द्वारा टांगिया लहरा कर उत्पाद मचाए जाने पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा उसे रोक कर टांगिया जप्त किया जाकर आवश्यक कार्यवाही हेतु थाना सिविल लाइन को सूचित किया गया।

### राष्ट्रीय रजक महासंघ की बैठक में समाज को संगठित करने लिया निर्णय

**बिलासपुर** , 14 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय रजक महासंघ भारत, प्रदेश इकाई छत्तीसगढ़ जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही मे प्रदेश कार्य समिति के सदस्य बृज कुमार रजक के निवास ग्राम मुरमुर (पेंड्रा )में उनके सुपुत्र के विवाह के अवसर पर समाज प्रमुखों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला जीपीएम जिला कार्यकारणी समिति विकासखंड गौरेला पेंड्रा मरवाही में विकासखंड स्तरीय समिति गठित करने एवं प्रत्येक ग्रामों में ग्राम समिति गठित कर समाज को संगठित करने का निर्णय लिया गया। उपस्थित समाज के वरिष्ठ जनों ने राष्ट्रीय रजक महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश चौधरी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिलों में संगठन को मजबूती प्रदान करने अपनी सहमति प्रदान करते हुए एक संयोजक मंडल का गठन किया गया। जिसमें समाज की वरिष्ठ युवाओं को संयोजक मंडल में स्थान देकर समाज को संगठित करने की जिम्मेदारी सौंप गई। प्रदेश अध्यक्ष विश्राम निर्मल करने दिनेश चौधरी राष्ट्रीय अध्यक्ष के समाज हित के विभिन्न कार्यों का उल्लेख किया। पूरे भारतवर्ष में रजत समाज को आरक्षण का लाभ प्राप्त हो, शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योजना बनाकर कार्य किया जावे। समाज के प्रतिभाओं को सम्मानित कर मनोबल बढ़ाया जाए राजनीति के क्षेत्र में समाज की भागीदारी भी सुनिश्चित करने योजना बनाने की आवश्यकता पर काम हो एवं समाज एक संगठित समाज के रूप में जाना जावे इसके लिए हम सबको एकजुट होकर समाज को सर्वांगीण विकास के दिशा में आगे बढ़ने का कार्य करना होगा। उपस्थित सभी वरिष्ठ जनों ने समाज को संगठित करने में अपना योगदान प्रदान करने की बात कही। बैठक को प्रदेश संरक्षक धुरशाय निर्मलकर, प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार रजक, जिला अध्यक्ष जीपीएम धनेश कुमार रजक नए संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन संभागीय उपाध्यक्ष विश्वनाथ रजक ने किया।

### हवलदार की खुदकुशी: प्रशिक्षु डीएसपी को एसपी ने हटाया

**बिलासपुर**,14 मई (देशबन्धु)। हवलदार की खुदकुशी के मामले में एसपी रजनेश सिंह ने सरकंडा थाने में पदस्थ प्रशिक्षु डीएसपी रोशन आहुजा को हटा दिया है। तोपसिंह नवरंग को चार्ज दिया गया है। हवलदार लखन मेश्राम की खुदकुशी के बाद आदिवासी समाज ने आईजी-एसपी को ज्ञापन देकर प्रशिक्षु डीएसपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की थी। इसी दौरान एसपी ने हटाने की बात कही थी। सरकंडा थाने के मालखाना के प्रभारी हवलदार मेश्राम ने 2 मई की रात को अपने घर के पीछे खुदकुशी कर ली थी। खुदकुशी के पीछे थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी आहुजा द्वारा प्रताड़ित करने की जानकारी सामने आई थी। परिजन ने भी आहुजा पर ही आरोप लगाया ? था। खुदकुशी के बाद आनन- फानन में सुबह 7 बजे शव का पोस्टमार्टम करने के बाद लाश को गृहग्राम भेज दिया गया था।

# 37 टिकट दलालों पर आरपीएफ ने की कार्रवाई

**बिलासपुर**, 14 मई(देशबन्धु)। भारतीय रेलवे द्वारा रेल यात्रियों को आरक्षित बर्थ/ सीट के साथ आरामदायक यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कई प्रकार की सुविधाएँ दी गई है । बिना रेलवे स्टेशन गए अपने आसपास ही कंप्यूटर एवं मोबाइल के माध्यम से यात्रा टिकट बूक करने हेतु ई-टिकट की सुविधा भी इन्ही में से एक है । इस सुविधा का लाभ भी रेल यात्रियों को मिल रहा है एवं इसे कम समय में काफी लोकप्रियता भी हासिल हुआ है । विगत कुछ समय से देश के प्रायः सभी जगहो से ई-टिकट की सुविधा में टिकट दलालो के द्वारा नियम विरुद्ध टिकटो की बूकिंग तथा कालाबाजारी की खबरे भी मिलती रही है । समय-समय पर रेलवे के वाणिज्य तथा रेलवे सुरक्षा बल विभाग के द्वारा छापेमारी कर इस मामले में संलिप्त व्यक्तियों पर कार्रवाई भी की जाती रही है ।




इसी कड़ी में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान ट्रेन टिकटों की अत्यधिक मांग बढ़ जाने के कारण अवैध टिकट दलालों के सक्रियता को देखते हुए रेलवे सुरक्षा बल, जोनल मुख्यालय द्वारा तीनों रेल मंडलों बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर एवं अपराध गुप्तचर शाखाओं के साथ दिनांक 01 मई' 2024 से 11 मई' 2024 तक अवैध टिकट दलालों के विरूद्ध छापेमारी की कार्यवाही की गई, जिसके तहत यात्रा टिकटों की दलाली करने वालों पर गोपनीय कार्यवाही करते हुए ड्राईव के दौरान 37 अवैध टिकट दलालों पर रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया । इस दौरान 9,13,655/- (नौ लाख तेरह हजार छः सौ पचपन) रूपये मुल्य के 589 ई-टिकटों की जप्ति की गई । रेलवे के नियमानुसार बूक किए टिकटों पर वास्तविक यात्रियों को रेल यात्रा की सुविधा दिलाने हेतु रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ़), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा इस प्रकार के अभियान निरंतर चलाये जाएंगे ।

# लोकसभा चुनाव में संभाग के बड़े नेता झारखंड और उड़ीसा में सम्हालेंगें कमान

### अरुण साव उड़ीसा,धरमलाल झारखंड तो सुशांत जायेंगे हिमाचल

### भूपेन्द्र सवन्नी और पूर्व विधायक रजनीश सिंह और डा बांधी को मिली जमशेदपुर लोकसभा में बड़ी जिम्मेदारी

**बिलासपुर** , 14 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में तीसरे चरण में सभी लोकसभाओं में चुनाव सम्पन्न होने के बाद अब देश के ने हिस्सों में आगामी चार चरण के होने वाले मतदान को लेकर भाजपा प्रदेश संगठन ने यहां के मंत्रियों विधायकों सहित पूर्व विधायको और संगठन के अनुभवी नेताओं को दूसरे राज्यों के लोकसभाओं में बड़ी जिम्मेदारी दे कर नियुक्त कर रही है जिसमे बिलासपुर संभाग से भी बड़े बड़े भाजपा नेताओं के नाम को शामिल किया गया है । छत्तीसगढ़ सरकार में डिप्टी सीएम अरूण साव को उड़ीसा राज्य के कालाहांडी,संबलपुर और बरगढ़ सहित तीन लोकसभाओं की जिम्मेदारी मिली है भाजपा में विभिन्न बड़े पदों पर जिम्मेदारी निभा चुके बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक को झारखण्ड राज्य में जमशेदपुर लोकसभा का प्रभार दिया गया है वही बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र में दिल्ली सरकार में मंत्री रहे अनुराग ठाकुर के पक्ष में प्रचार प्रसार करेंगे भाजपा संगठन द्वारा पूर्व विधायकों और संगठन के चर्चित चेहरों को भी दूसरे राज्यों में होने वाले चुनाव की जिम्मेदारी दी गई है जिसके अन्तर्गत प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी को जमशेदपुर लोकसभा में जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा, पूर्व विधायक रजनीश सिंह को पोटका विधानसभा, डा कृष्णमूर्ति बांधी को बहरागुड़ा विधानसभा और घाटसीला विधानसभा में सौरभ सिंह को विधानसभावार जिम्मेदारी सौंपी गई।



# आद्य गुरू शंकराचार्य जयंती धूमधाम से मनाया

**बिलासपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। दुनिया में सनातन के मान सम्मान में सबसे बड़ा योगदान आद्य गुरु शंकराचार्य जी का है। महज आठ वर्ष की अल्प आयु में ही उन्हें सभी वेदों का ज्ञान हो गया था, और उसके बाद उन्होंने पूरे देश का भ्रमण कर चार पीठों की स्थापना की। ये वो दौर है, जिसमें वास्तव में सनातन का पुनरुद्धार हुआ था। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने ये बातें रविवार को रायपुर के शहीद स्मारक में छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा आयोजित आद्य गुरु शंकराचार्य जयंती कार्यक्रम में कही। डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि, मुगलों और अंग्रेजों की गुलामी के समय सनातन के तेज में जो कमी आई थी, वो 22 जनवरी 2024 को दूर हुई है। अयोध्या में 22 जनवरी को श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई, इसके बाद दुनिया में एक बार फिर सनातन का डंका बजा। उन्होंने कहा कि हम सबको सनातन पर विचार करने की आवश्यकता है। आज हम आदि गुरु शंकराचार्य का अवतरण दिवस मना रहे हैं। उन्होंने जिन उद्देश्यों को लेकर अपने जीवन को समर्पित कर पूरे देश का भ्रमण किया। आज उनके किए हुए काम को और आगे बढ़ाने की जरूरत है। आज सनातन का जो स्वरूप होना चाहिए था, आदि गुरु शंकराचार्य सनातन का जैसा स्वरूप चाहते थे, वह स्वरूप आज भी नहीं आया है। इसलिए उनके कामों को आगे बढ़ाने का काम हम सबको करना पड़ेगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि, आदि गुरु शंकराचार्य ने जो रास्ता दिखाया है, आज उस पर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। उन्होंने इतने कम समय में बड़ा काम किया। सनातन के पुनरुद्धार और पुनर्स्थापित करने का काम हम सबको करना पड़ेगा। गोस्वामी समाज ने मेहनत और ताकत के दम पर हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसके किए समाज के सभी लोगों को बधाई देता हूं। वहीं समाज का गौरव बढ़ाने वाले सभी प्रतिभाओं का भी सम्मान की हार्दिक बधाई। उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने गोस्वामी समाज की मुख्यमंत्री से सराहना करते हुए कहा कि यह समाज हमेशा से अध्यात्म का संवाहक रहा है।

# गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने की संभावना

**बिलासपुर** , 14 मई (देशबन्धु)। एक उपरि हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पश्चिम विदर्भ के उपर 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है । प्रदेश में कल दिनांक 15 मई को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है । प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि का दौर प्रारंभ होने की संभावना बन रही है । मानसून की शुरूआत बंगाल की खाड़ी में प्रारंभ हो चुका है । 19 मई के आसपास अंडमान और निकोबार द्वीप तक पहुंच सकता है ।



# फिजिकल कल्चरल सोसायटी की दुकान को अवैध कब्जे से निगम ने कराया मुक्त

### बिना अनुमति के संचालित था कैरम क्लब,नशे का बन चुका था अड्डा

### राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में है दुकान

### कब्जे से मुक्त कराकर दुकान फिजिकल कल्चरल सोसायटी को सौंपा गया



**बिलासपुर**, 14 मई (देशबन्धु)। फिजिकल कल्चरल सोसायटी की दुकान को खरीदें बगैर बिना अनुमति के अवैध कब्जा करके कैरम क्लब संचालित किया जा रहा था,जिस पर बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर निगम ने आज उक्त दुकान को कब्जे से मुक्त कराया और सामान को जब्त कर लिया। कब्जे से छुड़ाने के बाद दुकान को फिजिकल कल्चरल सोसायटी को सौंपा गया। राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के पीछे की तरफ इमलीपारा मार्ग में स्टेडियम की दुकानें हैं,जिस पर स्टेडियम को संचालित करने वाली फिजिकल कल्चरल सोसायटी का आधिपत्य है। उक्त दुकानों को 2011 में नीलामी के ज़रिए बेचा गया था। इनमें से एक दुकान पर बिना अनुमति और खरीदी के कुछ लोगों के द्वारा कैरम क्लब संचालित किया जा रहा था,जहां देर रात तक असामाजिक तत्वों का जमावड़ा और नशाखोरी की जाती थी। आज निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर नगर निगम के अतिक्रमण विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए उक्त दुकान को अवैध कब्जे से मुक्त कराया और सामान को जब्त कर लिया। विदित है की इस दुकान पर काफी वर्षो से कब्जा किया गया था,जहां कैरम क्लब के नाम पर असमाजिक तत्वों का जमावड़ा हमेशा रहता था। आस-पास के रहवासी भी इस क्लब से परेशान थे।

#### राशि नहीं पटाने पर तीन और दुकान सील

कार्रवाई के तहत निगम ने स्टेडियम के ही तीन दुकान जिसमें 10,11, और 13 नंबर की दुकानों को राशि नहीं पटाने पर सील कर दिया है। उक्त दुकानदारों को राशि पटाने की मोहलत दी गई है,तब तक दुकानें सील रहेगी। 2011 में नीलामी के दौरान अनिल पाण्डेय,धीरज पाण्डेय और धनेश पाण्डेय द्वारा तीन दुकानें नीलामी के ज़रिए खरीदी गई थी,जिसके बाद उक्त व्यक्तियों द्वारा राशि नहीं जमा किया गया था,बार बार नोटिस और कार्रवाई करने पर आधी राशि दी गई थी,शेष राशि इन तीनों द्वारा नहीं जमा की गई है। जिस पर कार्रवाई करते हुए निगम ने दुकानदारों की मौजूदगी में सील कर दिया है तथा निगम की नियम और शर्तों के अनुरूप राशि जमा करने का अवसर दिया गया है,तब तक दुकानें सील रहेगी।

# बिलासा समृध्दि मंच के रूपेश संयोजक व सुनील सचिव बने

**बिलासपुर** , 14 मई (देशबन्धु)। शहर व जिले में सक्रिय समाजिक संस्था बिलासा समृद्धि मंच द्वारा संस्था विस्तार के लिये नव नियुक्त टीम गठित किया है। जिसमें संयुक्त रूप से सर्वसम्मति के द्वारा रूपेश कुमार सूर्यवंशी को संयोजक पद पर नियुक्ति दिया गया है। उसी प्रकार सचिव पद पर सुनिल लश्कर मनोनित किये गये है। उक्त जानकारी मीडीया प्रभारी शेखर परिहार ने दिया।

## NECC

| 15.05.2024 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.30 | 80 | 185 |
| चिल्हर | 6.00 | 95 | 210 |

डिलीवरी 545 सैकड़ा

दर्जन अंडा 70 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.

CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188